सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

10.05.2024

** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 — सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 295


06 चुनाव में सिर्फ हिन्दू जातियों पर चर्चा करने वाले कौन?






## न्यूज डायरी

### पवन सिंह ने काराकाट से दाखिल किया नामांकन

पटना । भोजपुरी सुपरस्टार पवन कुमार सिंह ने काराकाट लोकसभा क्षेत्र से नामांकन के तीसरे दिन गुरुवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पहले पवन सिंह को देखने के लिए शहर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। नामांकन प्रक्रिया के लिए उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने घेर लिया और प्रशासनिक भवन के अंदर ले गये।

### हेमंत की याचिका पर सुप्रीम सुनवाई 13 को

रांची। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) पर सुप्रीम कोर्ट में 13 मई को सुनवाई होगी। दअरसल हेमंत सोरेन ने झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हेमंत सोरेन ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से शीर्ष अदालत में एसएलपी दाखिल की है।

### जमीन कारोबारी ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

रांची। लालपुर थाना क्षेत्र स्थित सिल्वर डेल अपार्टमेंट में रहने वाले कृष्णकांत सिन्हा ने खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी गयी। कृष्णकांत से जुड़े हुए लोगों का कहना है कि जमीन घोटाले मामले को लेकर ईडी ने कुछ दिन पहले कृष्णकांत को नोटिस किया था। इससे वह दबाव में रह रहा था।

### शिवकाशी पटाखा फैक्टरी में धमाका, आठ की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के दक्षिणी जिले विरुधुनगर के शिवकाशी में गुरुवार को एक पटाखा निर्माण इकाई (फैक्टरी) में भीषणा विस्फोट हो गया। इस धमाके में कम से कम आठ श्रमिकों की मौत हो गयी। कई अन्य घायल हो गये। पुलिस मुख्यालय में प्राप्त रिपोर्ट में विस्फोट में आठ श्रमिकों के मौत की पुष्टि की गई है।

### नक्सलियों ने की पोस्टरबाजी से दहशत

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर में नक्सलियों ने पोस्टरबाजी की है। नक्सलियों के पोस्टर से इलाके में दहशत का माहौल है। गुरुवार को मिले पोस्टर में नक्सलियों ने नक्सल विरोधी अभियान का विरोध किया है। पोस्टर के जरिए चुनाव का भी विरोध किया है। मनोहरपुर में भी पोस्टर लगाकर भाजपा के खिलाफ प्रचार किया है और किसान और मजदूर विरोधी कानूनों पर गुस्सा जताया है। नक्सलियों ने भाजपा प्रत्याशी को मार भगाने की बात लिखी है।

## पलायन, अराजकता, भ्रष्टाचार का दंश झेल रहा है झारखंड : निर्मला सीतारमण

# राज्य को बेहतर बनायें, सही लोगों को ही चुनें

**बेहतर झारखंड पर गोष्ठी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने झारखंड में हो रहे पलायन, भ्रष्टाचार और अराजकता पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि राज्य से पलायन को रोकना सबसे बड़ी चुनौती है। बेहतर झारखंड के लिए बेहतर जनप्रतिनिधि चुनकर सदन भेजें। वित्तमंत्री गुरूवार को होटल रेडिसन ब्लू में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज व बेहतर स्वयंसेवी संस्था के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि इन सब पर रोक तभी संभव होगा, जब हम यहां पर कानून व्यवस्था को ठीक करेंगे। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का आह्वान करते हुए सीतारमण ने कहा कि झारखंड विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में इंजन साबित हो सकता है। देश हित में और झारखंड को जंगलराज से बचाने के लिए सही लोगों को वोट कर दिल्ली भेजें।



**ऐसे आगे बढ़ेगा झारखंड :** निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमें केवल मिनरल्स पर भी पूरी तरह निर्भर होना बंद करना पड़ेगा। हमें अन्य संसाधनों को भी विकसित करना होगा। इसके अतिरिक्त हमें अपनी बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी ध्यान देने की जरूरत है। बिजली पानी तो हमारी जरूरत है ही। इसके अलावा बेहतर अस्पताल पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

**झारखंड के लोग बेहद प्रतिभाशाली :** निर्मला सीतारमण ने यहां के लोगों की तारीफ कहा कि झारखंड के लोग बेहद प्रतिभाशाली और साधारण हैं। उन्हें जरूरत है तो सिर्फ बेहतर नेतृत्वकर्ता और एक मौका की। केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौताला व्यवहार के आरोप को उन्होंने सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा, मैं कुछ आंकड़ों के जरिये बताना चाहती हूं कि मोदी सरकार ने झारखंड के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 7 हजार से अधिक बजट का प्रावधान किया है।

(शेष पेज 11 पर)

### कभी टॉप पांच में शामिल था झारखंड

वित्त मंत्री ने एनसीआरबी के आंकड़ा का जिक्र करते हुए कहा कि पहले झारखंड इज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में टॉप 5 पर था। लोग हैरान थे कि दिल्ली मुंबई जैसे शहरों के बीच कैसे अपना स्थान बना लिया। पर आज झारखंड इस मामले में कहां है किसी को नहीं पता। अब यहां जंगल राज है। भ्रष्टाचार चरम पर है। दीवार से पाताल तक मिल रहा कैश। यदि कानून व्यवस्था में सुधार होता है, तो राज्य में निवेश बढ़ेगा। एनसीआरबी का आंकड़ा कहता है कि आज झारखंड क्राइम के मामले में पूरे देश में नंबर वन पर है। इसे हमें बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उद्योग लगाये जाने से पूर्वी भारत देश के विकास का इंजन बन सकता है।

### बाबूलाल बोले

इसके पहले पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पलायन व भ्रष्टाचार बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि उनके शासनकाल में आधारभूत संरचना के विकास पर फोकस किया गया था। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं पर जोर दिया। इसके पहले वरिष्ठ पत्रकार मयूर शेखर ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने झारखंड को बेहतर बनाने पर बल दिया। इसके लिए ईमानदार नेतृत्व को आवश्यक बताया। इस अवसर पर केके पोद्दार, महेश पोद्दार, किशोर मंत्री, विष्णु अग्रवाल सहित दर्जनों बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

# यही मौका है जुमलेबाजों को सबक सिखायें : सीएम

## भाजपा झारखंड का भूगोल मिटाना चाहती है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

सरायकेला। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि यह चुनाव देश की दिशा को तय करेगा। ऐसे में झूठा आश्वासन देने और जुमलेवाजों को सबक सिखाने का यही मौका है। पांच वर्ष बाद यह मौका मिला है, जुलमेबाजों से सावधान रहें। भाजपा झारखंड का इतिहास व भूगोल मिटाने की सोच रखती है। भाजपा का इरादा खुंट्टकट्टी कानून को शिथिल कर सारंडा जंगल को भी पूंजीपतियों को देना चाहती है। सावधान रहें। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन झारखंड की सभी 14 सीटें जीतेगी। सीएम राजनगर हाईस्कूल मैदान में सिंहभूम संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी जोबा माझी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जून से 30 लाख गरीब परिवारों को फ्री में बिजली मिलेगी।



**आदिवासी विरोधी है भाजपा :** सीएम ने कहा कि आदिवासी मूलवासी हित में झामुमो ने स्थानीय नीति व पिछड़ा आरक्षण नीति विधानसभा से पास कर राजभवन को भेजा था, परंतु केंद्र के भाजपा सरकार के इशारे पर राजभवन ने फाइल को आगे नहीं बढ़ाया। इसके कारण वह लागू नहीं हो सका। सीएम ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी-मूलवासियों को धोखा देने का काम किया है।

(शेष पेज 11 पर)

### भाजपा सिर्फ पूंजीपतियों की हितैषी

चंपई सोरेन ने भाजपा पर हमला करते हुए उसे बहुरुपिया करार दिया। साथ ही कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पूंजीपतियों के लिए काम करती है। आज सब्जी से लेकर दाल तक में महंगाई चरम पर है। महंगाई नियंत्रण की बात कह सत्ता में आने वाली भाजपा पूंजीपतियों के चंगुल में फंस गयी है। भाजपा सिर्फ झूठ बोलना जानती है। सत्ता में आने के लिए भाजपा ने कहा था कि जनता के खाते में 15 लाख आयेंगे। हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी मिलेगी। जनता के अच्छे दिन आयेंगे। भाजपा का सभी घोषणा पत्र सिर्फ जुमलेबाजी साबित हुआ। एक भी घोषणा पर अमल नहीं हुआ।

# आज शाह व राजनाथ, कल पीएम मोदी आयेंगे झारखंड

## छत्तीसगढ़ के सीएम बीडी साय भी तीन करेंगे प्रचार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। लोकसभा चुनावों में भाजपा स्टार प्रचारकों के माध्यम से ताकत दिखाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। पीएम मोदी 11 मई को चतरा में पार्टी उम्मीदवार कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को झारखंड दौरे पर रहेंगे। भाजपा के दोनों शीर्ष नेता चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री शाह शुक्रवार को खूंटी में अपराह्न 12 बजे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री शाह दिल्ली से विशेष विमान से रांची एयरपोर्ट आयेंगे। वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा खूंटी जायेंगे।

**राजनाथ का गोड्डा में रोड शो :** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 10 को दुमका में जनसभा और गोड्डा में रोड शो करेंगे। गोड्डा के एनडीए प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे के नामांकन में शामिल होंगे। उनके साथ लोकसभा प्रभारी राज पलिवार, पार्टी प्रत्याशी सीता सोरेन, दुमका जिला अध्यक्ष गौरव कांत, देवघर जिला अध्यक्ष सचिन रवानी, जामताड़ा जिला अध्यक्ष समित शरण भी मौजूद रहेंगे। श्री सिंह गोड्डा रेलवे स्टेशन में दोपहर रोड शो में भी शामिल होंगे।उनके साथ गणेश मिश्र, प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे, समेत गोड्डा और देवघर के तमाम बड़े भाजपा नेता रहेंगे।

**चतरा में मोदी की जनसभा :** पीएम शनिवार को चतरा लोकसभा के सिमरिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। फिर 14 को पीएम मोदी एनडीए के घटक दल आजसू के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में गिरिडीह में जनसभा को संबोधित करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

# झमाझम बारिश से झारखंड में बदला मौसम का मिजाज

## बीआईटी मेसरा इलाके में ओलावृष्टि, कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। गुरुवार को झारखंड में मौसम ने मिजाज बदला है। कई जिलों में झमाझम बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने कई जिलों में वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पूर्वी असम से लेकर उत्तरी ओडिशा तक समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर बने टर्फ लाइन की वजह से आज रांची सहित राज्य के कई जिलों में तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश ने लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत दी। रांची और आसपास के जिलों में तो एक दो बार झमाझम बारिश हुई। इससे अधिकतम तापमान में भी कमी आयी।



**रांची के आसपास ओलावृष्टि :** राजधानी रांची और आस-पास के क्षेत्रों में गुरुवार को तेज हवाओं व गर्जन के साथ जोरदार बारिश शुरू हुई। (शेष पेज 11 पर)

# ननद अंजनी के प्रचार में कूदीं भाभी

## पहली बार चुनाव प्रचार करने ओड़िशा पहुंचीं कल्पना सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन सियासी कार्यक्रमों में जमकर भाग ले रही हैं। इसी कड़ी में पहली बार कल्पना सोरेन झारखंड से बाहर ओडिशा दौरे पर गयी हैं। वह न सिर्फ गांडेय विधानसभा सीट पर 20 मई को होने वाले उपचुनाव में खुद के लिए वोट मांग रही हैं, बल्कि अपने सहयोगी दलों के नेताओं की बड़ी सभाओं में भी शिरकत कर रही हैं। कल्पना सोरेन गुरुवार को चुनावी सभा करने पहली बार झारखंड से बाहर ओडिशा पहुंची। ओडिशा के मयूरभंज लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी अंजनी सोरेन मैदान में हैं। कल्पना सोरेन ने अपनी ननद के लिए लोगों से वोट मांगा। पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता तनुज खत्री ने बताया कि कल्पना सोरेन ओडिशा के मयूरभंज लोकसभा सीट और सरसकना विधानसभा सीट से उम्मीदवार अंजनी सोरेन के लिए चुनावी सभा करने के लिए वो मयूरभंज पहंची हैं। अंजनी सोरेन झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की पुत्री हैं और वह ओडिशा झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रदेश कमेटी की अध्यक्ष भी हैं। (शेष पेज 11 पर)



### ओड़िशा की ही रहने वाली हैं कल्पना

कल्पना सोरेन मूल रूप से ओडिशा के मयूरभंज की ही रहने वाली हैं। वह संथाली आदिवासी समुदाय से आती हैं। हेमंत सोरेन से शादी के बाद से कल्पना सोरेन रांची में रह रही हैं। शिबू सोरेन की पुत्री अंजनी सोरेन की शादी मयूरभंज में हुई है और वह ओडिशा में राजनीति में सक्रिय हैं।


गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 84000 रु./प्रति किलो |


तीसरी आंख




# वित्त मंत्री के साथ विष्णु अग्रवाल की तस्वीर पर झामुमो हमलावर

**खबर मन्त्र टीम**

रांची। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार के रांची दौरे पर लैंड स्कैम के आरोपी और जमानत पर रिहा कारोबारी विष्णु अग्रवाल के साथ उनकी एक वायरल तस्वीर चर्चा में हैं। तस्वीर में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को फूलों का गुलदस्ता देते नजर आ रहे हैं विष्णु अग्रवाल। इस तस्वीर में झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी दिख रहे हैं। इस तस्वीर को ले कर झामुमो और कांग्रेस ने बाबूलाल मरांडी पर कटाक्ष किया है। झामुमो ने 'एक्स' पर जारी कर चुटकी ली। झामुमो की ओर से लिखा गया है कि हाथ कंगन को आरसी क्या, पढ़े लिखे को फारसी क्या। झारखंड की जनता सब विष्णु-बाबू (विष्णु अग्रवाल और बाबूलाल मरांडी) लीला देख और समझ रही है। विष्णु-बाबू लीला का मतलब है का कनेक्शन। अब झामुमो की अलग-अलग इकाईयां इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर जारी कर सवालों के तीर दाग रही है। किसी ने तस्वीर के साथ लिखा है- मोदी जी के टेम्पो में सवार होने के लिए जाते यात्री। किसी ने लिखा है कि अब हमलोग कुछ बोलेंगे तो विवाद हो जायेगा।



### भाजपा ने दी सफाई

वायरल तस्वीर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने खुले तौर पर कहा कि वह कार्यक्रम झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से जुड़ा था। उस कार्यक्रम से भाजपा का कोई ताल्लुक नहीं है। सभी जानते हैं कि विष्णु अग्रवाल एक बड़े कारोबारी हैं। संभव है कि उन्हें चैंबर ऑफ कॉमर्स की तरफ से ही आमंत्रित किया गया हो। फिर भी इसपर राजनीति की जा रही है। लिहाजा, चैंबर ऑफ कॉमर्स से पूछा जाएगा कि आखिर वैसे व्यक्ति को क्यों आमंत्रित किया गया।

### कमरे में क्या बात हुई बतानी चाहिए : कांग्रेस

**कांग्रेस** के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि आरोपी विष्णु अग्रवाल से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से बंद कमरे में क्या बात हुई इसे जगजाहिर करना चाहिए। वित्तमंत्री के अधिन ही ईडी आता है। तीनों के बीच जमीन घाटाले लेकर क्या बात हुई वह खुलकर जनता के सामने आना चाहिए। इसके बाद ही मै कह सकता सकता हूं कि केंद्र सरकार में पारदर्शिता है।

# संजीव लाल के सामने पत्नी रीता लाल से पूछताछ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल की पत्नी रीता लाल से ईडी दफ्तर में पूछताछ की जा रही है। रीता लाल को एजेंसी ने समन जारी कर गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। पति की गिरफ्तारी के बाद उनके परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, संजीव लाल और रीता लाल को आमने सामने बैठाकर पूछताछ की गयी। संजीव लाल के साथ ईडी जल्द ही राजीव कुमार सिंह और मुन्ना सिंह को बैठाकर भी पूछताछ करेगी. दोनों को जल्द ही समन जारी किया जायेगा। संजीव लाल से जुड़े कई ठिकानों पर सोमवार और मंगलवार को ईडी के द्वारा रेड की की गयी थी। रेड में 35 करोड़ रुपये मिलने के बाद संजीव लाल और उसके नौकर को गिरफ्तार किया गया था। ईडी सूत्रों के अनुसार कागजातों की जांच के दौरान संजीव लाल की पत्नी रीता लाल से जुड़े कई फाइनेंशियल डिटेल एजेंसी को मिले थे। बताया जा रहा है कि बिल्डर मुन्ना सिंह की कंपनी में रीता लाल डायरेक्टर थी।

(शेष पेज 11 पर)

## खिजरी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त सामान्य प्रेक्षक, 08-रांची ससंदीय क्षेत्र डीएस रमेश द्वारा गुरुवार को 62-खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ओरमांझी प्रखण्ड के चकला, बारीडीह एवं पांचा स्थित बूथों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, अंचलाधिकारी नितिन शिवम गुप्ता एवं सभी बी०एल०ओ० उपस्थित थे।

# समन की अवहेलना मामले में हेमंत की याचिका पर अब दूसरी सक्षम पीठ में सुनवाई

## एकल पीठ ने सुनने से किया इनकार

### सीजेएम कोर्ट के समन को दी है चुनौती, आईपीसी की धारा 174 के तहत कोर्ट ने लिया है संज्ञान



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** समन का अवहेलना करने मामले में सीजेएम कोर्ट के समन के खिलाफ पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने हेमंत सोरेन की याचिका को सुनने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने इसे सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह पीएमएलए से संबंधित मामला है जिस पर सक्षम कोर्ट ही सुनवाई करेगी। इसलिए इस याचिका को एक्टिंग चीफ जस्टिस की कोर्ट के समक्ष रखा जाए। दरअसल,हेमंत सोरेन की ओर से मामले में दर्ज शिकायतवाद को निरस्त करने का आग्रह किया गया।

हेमंत सोरेन की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि ईडी के जिस समन पर नहीं गए थे उसका उन्होंने जवाब दे दिया था। इसके बाद वह समन लैप्स कर गया था। नए समन पर हेमंत सोरेन के ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे और समन का अनुपालन किया था। ईडी ने दुर्भावना से प्रेरित होकर उन्हें बार- बार समन जारी किया था। बता दें कि मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी के रांची जोन के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा की ओर से दर्ज शिकायतवाद पर सीजेएम कोर्ट ने आईपीसी की धारा 174 के तहत संज्ञान लिया था और समन जारी कर के हाजिर होने का निर्देश दिया था। लेकिन हेमंत सोरेन इस मामले में अब तक हाजिर नहीं हुए हैं। बता दे कि इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई है।

शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है। हेमंत ईडी के समक्ष 20 जनवरी को 8 वा समन एवं 31 जनवरी को दसवां समन में हेमंत उपस्थित हुए थे।

### हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ हेमंत की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 13 को सुनवाई

**रांची।** लैंड स्कैम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) पर सुप्रीम कोर्ट में 13 मई को सुनवाई होगी। दअरसल हेमंत सोरेन ने झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक उनका मामला सुनवाई के लिए 13 मई को सूचीबद्ध हुआ है। हेमंत सोरेन ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से शीर्ष अदालत में एसएलपी दाखिल की है। हेमंत सोरेन ने झारखंड हाइकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया गया था। झारखंड हाइकोर्ट ने पिछले शुक्रवार को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी।

## खबर एक नजर में

### पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की पत्नी को भूमि मामले में झारखंड हाईकोर्ट की डबल बेंच से बड़ी राहत

**रांची।** पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की पत्नी पूनम पांडेय को उनके नाम पर खरीदी गयी भूमि मामले में झारखंड हाईकोर्ट सेबड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी है। न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की कोर्ट में पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता आर एस मजूमदार और रोहन मजूमदार ने बहस की। दरअसल झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ ने पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की पत्नी के नाम पर खरीदी गयी भूमि की जमाबंदी रद्द कर करने की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश को रद्द कर दिया था। जिसके खिलाफ राज्य सरकार ने अपील दाखिल की थी। लेकिन हाईकोर्ट की डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी। बता दें की झारखंड के पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की पत्नी पूनम पांडेय ने कांके के चामा मौजा में जमीन खरीदी है। जिसकी जमाबंदी उनके नाम पर चल रही थी। उनकी जमाबंदी को रद्द करने के लिए उन्हें नोटिस जारी किया गया था। लेकिन अब लंबी कानूनी लड़ाई के बाद फैसला उनके पक्ष में आया है।

### लैंड स्कैम: चेशायर होम रोड जमीन मामले में छवि रंजन की जमानत पर अब 14 को होगी सुनवाई

**रांची।** बरियातू की चेशायर होम रोड जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की ओर से दायर जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में गुरुवार को प्रार्थी की बहस की गई। अब अगले सप्ताह मंगलवार को मामले की सुनवाई होगी। दरअसल, चेशायर होम रोड की 1 एकड़ जमीन गड़बड़ी मामले मे ईडी ने ईसीआईआर 5/ 2023 दर्ज किया है। मामले में छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ ईडी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। बता दे कि, ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल 2023 को छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। जिसके बाद 14 अप्रैल 2023 को ईडी ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था, बाद में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया गया था।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(पोस्टल बैलेट-सह-मतपत्र कोषांग, हजारीबाग।)**

-:आदेश:-

लोक सभा आम निर्वाचन–2024 के निमित्त वरिष्ठ मतदाताओं (AVSC 85+) एवं वैसे विकलांग मतदाताओं (AVPD)को जिनकी विकलांगता का प्रतिशत 40 से अधिक है के लिए Home Voting कराये जाने का प्रावधान है। उक्त के आलोक में पूर्व में उप निर्वाचन पदाधिकारी के पत्र संख्या 790 दिनांक 30.04.2024 द्वारा Home Voting कराये जाने की तिथि दिनांक 09.05.2024 से 14.05.2024 निर्धारित की गई थी। परन्तु अपरिहार्य कारणवशउक्त तिथि में संशोधन करते हुए Home Voting कराये जाने की तिथि दिनांक 10.05.2024 से 14.05.2024 तक निर्धारित की जाती है।

जला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, हजारीबाग

PR 324628 Election(24-25).D



**झारखंड सरकार**
**उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग।**
**कार्यालय सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग**

''आम–सूचना''

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 14–हजारीबाग लोक सभा आम चुनाव–2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से हजारीबाग जिले में अवैध /नकली / अन्य राज्यों की शराब के निर्माण, बिक्री, भण्डारण अथवा वितरण से सम्बन्धित कोई सूचना साथ ही जिला में संचालित खुदरा उत्पाद दूकानों में MRP से अधिक पर बिक्री की शिकायत उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के कन्ट्रोल रूम के टॉल फ्री नम्बर–18003457024, मोबाईल / व्हाट्सऐप नम्बर–6200459412, 6200482331 एवं ईमेल–excisecomplaint.jhr@gmail.com पर अथवा हजारीबाग जिला के उत्पाद पदाधिकारियों के Whatsapp मोबाईल नम्बर 8210220579, 7903995107, 8210837784, 7903837619 पर दर्ज की जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी।

सहायक आयुक्त उत्पाद हजारीबाग

PR 324610 Excise(24-25)#D


# रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह व धनबाद के लोस चुनाव में ताल ठोकेंगे 93 उम्मीदवार

## 7वें चरण के लिए नामांकन के तीसरे दिन भी नहीं खुला दुमका का खाता

### जब्ती का आंकड़ा एक 1 अरब 13 करोड़ 69 लाख हुआ



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डा नेहा अरोड़ा ने बताया है कि छठे चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में अब 93 प्रत्याशी रह गए हैं। गुरुवार की शाम वह निर्वाचन सदन में प्रेस से बात कर रही थीं। उन्होंने बताया कि गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से गुरुवार को दो लोगों ने अपना नाम वापस ले लिया। इस तरह यहां अब 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से किसी ने भी अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां से कुल 25 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी किसी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां से कुल 27 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 1 उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। यहां अब 25 उम्मीदवार बचे हैं।

**दुमका में अब तक एक भी नॉमिनेशन नहीं :** उन्होंने बताया कि सातवें चरण के चुनाव में नामांकन के तीसरे दिन भी दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से एक भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन नहीं किया है। राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अब तक तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी अभी तक 3 लोगों ने उम्मीदवारी का पर्चा भरा है।

**1.13 अरब रुपये बरामद :** उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से झारखंड में सामान और नकदी की जब्ती का आंकड़ा 1 अरब, 13 करोड़ 69 लाख तक पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक होम वोटिंग के तहत 911 लोगों ने मतदान किया है। वहीं आवश्यक सेवा से जुड़े 211 अब्सेंट वोटरों ने अपना वोट दिया है। वहीं निर्वाचन कार्य में जुटे 2,05,525 वोटरों में से 19557 लोग पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान कर चुके हैं।

## नामांकन के पूर्व सीता ने देवर बसंत की मौजूदगी में गुरुजी से लिया आशीर्वाद

### कहा-खिजुरिया अपना ही आवास, यहां मुलाकात सामान्य बात

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा की सांसद प्रत्याशी सीता सोरेन शुक्रवार को दुमका लेकसभा से पर्चा भरेंगी। अपने नामांकन के एक दिन पूर्व दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन अपने ससुर और गुरुजी शिबू सोरेन से मिलीं और आशीर्वाद लिया। यह मुलाकात दुमका के खिजुरिया गांव स्थित आवास पर हुई। इस मौके पर सीता सोरेन के देवर और राज्य के पथ निर्माम मंत्री बसंत सोरेन भी मौजूद थे। मुलाकात के बारे में जब सीता सोरेन से पूछा गया तो बताया कि यह उनका ही आवास है। उन्होंने ही इसे बनवाया है।

अपने आवास पर आकर गुरुजी और बसंत सोरेन से मुलाकात करना सामान्य बात है। बसंत सोरेन से मुलाकात के दौरान क्या बात हुई? इस बात को सीता सोरेन ने टाल दिया। उन्होंने कहा कि अपना आवास है, तो आना ही होगा न। आते-जाते रहते हैं अपने आवास पर। शुक्रवार को नॉमिनेशन है, इसकी तैयारी के लिए आये थे।

**राजनाथ सिंह की मौजदूगी में आज सीता करेंगी नामांकन :** सीता सोरेन ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 11 बजे वे अपना नामांकन दाखिल करेंगी। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद रहेंगे। नॉमिनेशन के बाद यज्ञ मैदान में चुनावी सभा का आयोजन होगा।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़।**
(निर्वाचन शाखा)

दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

– :: आदेश ::–

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के प्रेस नोट सं०–ECI/PN/23/2024 दिनांक–16/03/2024 द्वारा लोकसभा आम चुनाव, 2024 की घोषणा कर दी गई है। झारखण्ड राज्य की 14–हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में तारीख 20 मई, 2024 (सोमवार) को लोकसभा आम चुनाव, 2024 कराया जाना है।

लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों के प्रशिक्षण कार्य हेतु मैं, चंदन कुमार भा०प्र०से०, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, रामगढ़ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए Gandhi Memorial District CM SOE, Ramgarh का सम्पूर्ण परिसर उपस्कर सहित दिनांक–13/05/2024 से दिनांक–16/05/2024 तक अधिग्रहण करता हूँ।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, रामगढ़।

PR 324591 Election(24-25)D


### वोटिंग के लिए उत्साह से लबरेज दिखे 80 वर्षीय खिरू महतो

रांची। मैं 20 वर्ष पहले ही रिटायर हो गया हूं। मेरी याद से मतदाता बनने के बाद मैंने हर बार मतदान में भाग लिया है। अब 80 वर्ष का हो गया हूं, फिर भी इस बार के मतदान में मैं अवश्य अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगा। मतदान करना मेरे लिए हर्ष का विषय है। यह बातें मतदान के लिए उत्साह से लबरेज 80 वर्षीय खिरू महतो ने गुरुवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से कही। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गुरुवार को हजारीबाग जिले के इचाक स्थित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर लोकसभा निर्वाचन के तैयारियों की वस्तुस्थिति से अवगत हो रहे थे। मतदान केंद्रों के भौतिक निरीक्षण एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण की अद्यतन स्थिति के बारे में बीएलओ से पूछताछ के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ द्वारा समर्पित सूची का ग्रामीणों एवं उस क्षेत्र के लोगों से सत्यापन कराया।

# वरिष्ठ एवं दिव्यांग वोटरों के लिए मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था : के. रवि कुमार

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कोडरमा के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं हैं। मतदान केन्द्रों पर आने में असमर्थ मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। वहीं मतदान केन्द्र तक आने में समस्या वाले वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए ऑटो/टोटो की व्यवस्था कराई जा रही है। साथ ही मतदाताओं के लिए की जाने वाली गतिविधियों यथा निबंधन, मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, मतदाताओं को धूप में रहना नहीं पड़े, इसके लिए शेड की व्यवस्था की गई है। इन सभी सुविधाओं की सूचना से मतदाताओं को अवगत कराने का निर्देश राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने दिया। वह गुरुवार को कोडरमा जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने पिछले चुनाव में कम मतदान वाले कोडरमा के मतदान केन्द्रों पर जाकर निर्वाचन कार्य कर रहे बीएलो से मतदान केन्द्र की न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही उनके द्वारा की गयी तैयारियों एवं भरे गये विभिन्न प्रपत्रों, अब्सेंट, शिफ्ट, मृत (एएसडी) सूची, मतदान केन्द्र जागरूकता समूह और वालेंटियर से संबंधित सूची का अवलोकन किया। सीईओ ने वोटर इन्फॉरमेशन स्लिप के वितरण की अद्यतन स्थिति को जाना और इस कार्य में गति लाकर शीघ्र वितरण सुनि>त कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने वालेंटियर एवं मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के सदस्यों से बातचीत कर मतदान के दिन उनके दायित्वों के संबंध में जाना। उन्होंने वालेंटियर को ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन की सीख दी और निर्देशित किया कि वे दिव्यांग, वरिष्ठ, गर्भवती महिला एवं अन्य मतदाताओं को मतदान के दिन सहयोग करें, इससे मतदान प्रक्रिया में सुगमता आएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान कक्ष का निरीक्षण कर वहां पंखा एवं लाइट की सुविधा के साथ मतदान पदाधिकारी एवं पोलिंग एजेंट को बैठाने की तैयारी को जाना। साथ ही मतदाताओं एवं पोलिंग पार्टी के लिए शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य न्यूनतम सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने शौचालय में रनिंग वाटर कनेक्शन की व्यवस्था शीघ्र सुनि>ित कराने का निर्देश दिया।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(उत्पाद शाखा)**

–:आदेश:–

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, झारखंड, रॉंची के पत्रांक–01/नि0वि0 –22–23 (पार्ट–1) –2020/1186 दिनांक 18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद, झारखंड, रॉंची के पत्रांक–651 दिनांक 01.04.2024 एवं पत्रांक –814 दिनांक 12.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम निर्वाचन– 2024 के अवसर पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (C) के अनुपालन में मतदान दिवस को 48 घण्टे पूर्व से सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थो की बिक्री को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से मैं, नैन्सी सहाय (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी– सह–उपायुक्त, हजारीबाग, झारखंड उत्पाद अधिनियम की धारा–26 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए हजारीबाग जिलान्तर्गत मतदान समाप्ति के लिये नियत समय के 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति तक एवं पुर्नमतदान यदि आवश्यक हुआ तो, के दिन तथा मतगणना के दिन सम्पूर्ण हजारीबाग जिला में निम्न प्रकार शुष्क दिवस (Dry Day) घोषित करती हूँ–

| क्र | चरण | लोकसभा क्षेत्र का नाम | मतदान की तिथि | शुष्क दिवस (Dry Day) की अवधि | शुष्क दिवस का क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पॉचवॉं | 5–चतरा 6–कोडरमा 14–हजारीबाग | 20.05.2024 | दिनांक 18.05.2024 के शाम 05.00 (PM) से दिनांक 20.05.2024 को शाम 05.00(PM) तक। | सम्पूर्ण हजारीबाग जिला |
| 2 | शष्टम | 8–गिरिडीह 10–रॉंची | 25.05.2024 | दिनांक 23.05.2024 के शाम 05.00 (PM) से दिनांक 25.05.2024 को शाम 05.00(PM) तक। | सम्पूर्ण हजारीबाग जिला |
| | मतगणना की तिथि | | 04.06.2024 | सम्पूर्ण दिवस | सम्पूर्ण हजारीबाग जिला |

शुष्क दिवस की उक्त अवधि में हजारीबाग जिले की सभी शराब दुकानें, होटल, रेस्तरॉं एवं बार सहित सभी उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे तथा किसी प्रकार के होटल, रेस्तरॉं, क्लब, भोजनालय, पाकशाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठान में अथवा अन्य निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा, न परोसा जाएगा और न ही वितरित किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम के उपबंधों एवं आयोग के निर्देश का उल्लंघन करेगा तो दोषी व्यक्ति को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा– 135(C) एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत दण्डित करने की कार्रवाई की जायेगी तथा इसके साथ–साथ किसी भी प्रकार का अनलाईसेन्सड प्रीमिसेस (Unlicensed Premises) में शराब के भण्डारण हेतु लगाये गये प्रतिबंधों का सख्ती से अनुपालन किया जायेगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, हजारीबाग

PR 324612 Excise(24-25).D


# लोहरदगा सीट पर तीसरा कोण बना रहे चमरा लिंडा

### भाजपा के समीर उरांव, कांग्रेस के सुखदेव भगत और झामुमो के बागी चमरा लिंडा के बीच त्रिकोणीय संघर्ष की बनी स्थिति







उदय चौहान

**रांची।** झामुमो के बागी विधायक सह लोहरदगा लोकस.ïा सीट के बागी प्रत्याशी चमरा लिंडा ने इस सीट को हॉट बना दिया है। चमरा लिंडा लोहरदगा सीट पर तीसरा कोण बना रहे हैं। श्री लिंडा के बगावती तेवर के बाद लोहरदगा में त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति बन रही है। श्री लिंडा चौथी बार लोहरदगा लोकस.ïा सीट से किस्मत आजमा रहे हैं। पिछले तीनों मुकाबले में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार यहां से खेला करेंगे या फिर वोट कटवा साबित होंगे ? चर्चा है कि चमरा लिंडा ने चुनावी मैदान में उतरकर लोहरदगा सीट के समीकरण को दिलचस्प बना दिया है।

इधर, झामुमो ने चमरा लिंडा को निलंबित कर दिया है। वैसे भी यह सीट झारखंड की हाई प्रोफाइल सीट रही है। यहीं से जीतकर भाजपा के सुदर्शन भगत केंद्र की मोदी सरकार में मंत्री बने थे। जबकि कांग्रेस के रामेश्वर उरांव राष्ट्रीय जनजाति आयोग के अध्यक्ष रह चुके हैं। मालूम हो कि इसबार कांग्रेस ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव .ïगत को मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा ने सुदर्शन .ïगत का टिकट काटकर समीर उरांव पर दाव लगाया है। इस सीट पर लंबे समय से कांग्रेस और .ïाजपा के बीच कांटे की टक्कर होती रही है। लेकिन 2009 के चुनाव में चमरा लिंडा ने वोट का गणित बदल दिया था। वह दूसरे स्थान पर रहे थे। हालांकि 2014 में फिर तीसरे स्थान पर लुढ़क गये और 2019 के चुनाव से खुद को दूर रखा। इसबार झामुमो के मना करने के बावजूद बागी बनकर लोहरदगा के मैदान में उतर गये हैं।

उनका दावा है कि उनका सीधा मुकाबला भाजपा के साथ होने जा रहा है। लेकिन, दूसरी ओर कांग्रेस के सुखदेव .ïगत का मानना है कि उनकी सीधी टक्कर .ïाजपा के समीर उरांव के साथ है। लोहरदगा की जनता अभी राजनीति का तापमान नाप रही है। आने वाले 13 मई को मतदान के माध्यम से जनता अपना रूख स्पष्ट करेगी। वोटों के गणित बताते हैं कि 2009 के लोकस.ïा चुनाव में चमरा लिंडा कितनी मजबूती के साथ सामने आये। जिस बिशुनपुर से वह विधायक हैं। वहां कांग्रेस और .ïाजपा के प्रत्याशियों को एकतरफा पछाड़ने में सफलता पायी है। जबकि,मांडर में भाजपा और लोहरदगा में कांग्रेस प्रत्याशी से ज्यादा वोट हासिल किया। अब फिर चमरा लिंडा ताल ठोक रहे हैं। भाजपा से सीधा मुकाबला की बात कर रहे हैं। देखना है कि वह सीधी लड़ाई में शामिल हो पाते हैं या वोट कटवा बनकर रह जायेंगे।

स्पीड न्यूज

## गांजिया बराज में लगा सबसे ऊंचा तिरंगा फटा

**गम्हरिया।** गुरूवार की शाम आई आंधी-पानी के कारण गांजिया बराज में लगाया गया प्रखंड का सबसे ऊंचा तिरंगा झंडा फट गया। तिरंगा के फटने के बाद भी उसे उतारे नहीं जाने से लोगों ने दु:ख प्रकट किया है। विदित है कि विगत 15 अगस्त 2023 को तत्कालीन मंत्री सह वर्तमान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा उक्त तिरंगा झंडा को फहराया गया था। इसी बीच गुरुवार को आंधी से वह झंडा फट गया।

## विश्वकवि टैगोर की 163वीं जयंती मनी

**गम्हरिया।** झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति तथा सिंहभूम बंगीय एसोसिएशन की ओर से आदित्यपुर आटो क्लस्टर में नए साल के आगमन पर वर्ष वरण एवं विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन समिति के सह सचिव देवी शंकर दत्ता, मनोज सरकार, एसोसिएशन के अध्यक्ष गौतम गांगुली, कार्यकारी अध्यक्ष पलाश कांति हाजरा, काबू दत्ता, उत्पल दत्ता, दिलीप मंडल, बिप्लव दलाल, केंद्रीय समिति सदस्य सुबोध गोराई व अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से कविगुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कविगुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे केवल हमारे देश के ही नहीं थे बल्कि पूरे विश्व के कवि, साहित्यकार व दार्शनिक थे।

## सुरभि शाखा ने नौ स्थान पर लगायी अमृत धारा

**जमशेदपुर।** जल ही जीवन है, जल है तो कल है, स्वच्छ जल ही अमृत हैं का सुंदर संदेश देते हुए गुरूवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा नया कीर्तिमान बनाते हुए एक ही दिन मं नौ स्थानों पर अमृत धारा (शीतल एवं नर्मल पेयजल केंद्र) का उद्घाटन कर आम जनता को समर्पित किया गया। सभी नौ स्थानों पर शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव पूजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल एवं अमृतधारा संयोजिका नेहा अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए आने वाले समय में जरूरत पड़ने और भी कई अमृतधारा शाखा लगेंगी।

**यहां लगी अमृतधारा :** केरला समाजम मॉडल स्कूल में (स्वर्गीय मुन्ना बाबू गुप्ता ट्रस्ट द्वारा प्रदत्त शंकर सिंघल के सौजन्य से), रिफ्यूजी कॉलोनी मिडिल स्कूल में (स्वर्गीय लालचंद चौधरी की पुण्य स्मृति में सरलाल ग्रुप द्वारा प्रदत) गोलमुरी शिव मंदिर में (स्वर्गीय सरस्वती देवी चौधरी की पुण्यतिथि में सरलाल ग्रुप द्वारा प्रदत्त), लक्ष्मी नगर उत्क्रमित विद्यालय बर्मा माइन्स में ( विनीता खेतान कोलकाता द्वारा प्रदत्त), रामकृष्ण मिशन स्कूल बिस्टुपुर में (स्वर्गीय मुन्ना बाबू गुप्ता ट्रस्ट द्वारा रामगोपाल चौधरी द्वारा प्रदत), काली मंदिर बेल्डी गोल्फ कोर्स में (स्वर्गीय कोयल देवी की पुण्य स्मृति में शाह परिवार बिष्टुपुर द्वारा प्रदत), आदित्यपुर इमली चौक स्थित बालाजी मंदिर में (स्वर्गीय शरबती देवी एवं स्वर्गीय देवी प्रसाद मुनका की पुण्य स्मृति में चंदा देवी विजय मूनका द्वारा प्रदत), आदित्यपुर शनि मंदिर मे (स्वर्गीय रानी देवी चौधरी के पुण्य स्मृति में सरलाल ग्रुप द्वारा प्रदत), गांधी आश्रम ,बाराद्वारी में (सुनील खेतान कोलकाता द्वारा प्रदत्त) अमृत धारा लगाया गया है।

## आनंद मार्ग ने करवाया आंसू नलिका का ऑपरेशन

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से गदरा के शिवकुमारी देवी के आंसू नलिका का निशुल्क ऑपरेशन किया गया। शिवकुमारी देवी पिछले काफी दिनों से परेशान थी गदरा आनंद मार्ग विजन सेंटर में उनके आंखों का जांच करने के बाद उनके आंख में डीसीआर के समस्या का पता चला। आज पूर्णिमा नेत्रालय में निशुल्क ऑपरेशन किया गया। डेक्रियो सिस्टोरहिनोस्टॉमी (डीसीआर) एक सर्जरी है जो आपकी आंखों और नाक के बीच आंसुओं के निकास के लिए एक नया रास्ता बनाती है। यदि आपकी आंसू नलिका अवरुद्ध हो गई है तो आपको इस सर्जरी की आवश्यकता हो सकती है।

# आदिवासी मान सम्मान की रक्षा के लिए करें वोट : जोबा माझी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पश्चिमी सिंहभूम से महागठबंधन की झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी ने कहा कि क्षेत्र के विकास, जल, जंगल जमीन पर आदिवासी, मूलवासियों के हक अधिकार एवं संविधान, लोकतंत्र और आदिवासी मान सम्मान की रक्षा के लिए महागठबंधन के प्रत्याक्षी जोबा मांझी के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने तीर धनुष छाप 2 नंबर पर बटन दबाकर भारी बहुमत से जिताने की अपील की। वहीं ग्रामीण मतदाताओं ने कहा कि इंडी महागठबंधन के झामुमो प्रत्याक्षी जोबा मांझी को तीर धनुष छाप पर वोट देंगे और जितायेंगे। मौके पर सुभाष बनर्जी, संचू तिर्की, डोमा मिंज, निर्मला लकड़ा, लालो लकड़ा समेत अन्य उपस्थित थे।

इससे पहले सीएम चंपई सोरेन ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र राजनगर प्रखंड के हाई स्कूल फुटबॉल मैदान में गुरुवार को इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी शहीद आंदोलनकारी की पत्नी जोबा माझी के पक्ष में चुनावी सभा की।



राजनगर में मतदाताओं को संबोधित करती झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी।

जहां उन्होंने लोगों से जोबा माझी के पक्ष में वोट की अपील की।

जनसभा में सरायकेला-खरसावां के जिप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ सुवेंदु महतो, छायाकांत गोराई, राहुल आदित्य समेत झामुमो, कांग्रेस, राजद के नेता कार्यकर्ता और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**देश को तोड़ रही है भाजपा : बन्ना गुप्ता–** जनसभा को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा भाजपा देश से अमन-चैन, प्रेम खत्म कर, एक दूसरे को लड़ाकर देश को तोड़ रही है। उन्होंने जोबा माझी को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा जोबा माझी एक संघर्षशील महिला है। इनकी जीत महिला सशक्तिकरण को मजबूती देगी।

**चुनाव में स्वंय को बचाने की चुनौती : सुखराम उरांव–** जनसभा में चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि ये लोकसभा चुनाव हर बार की तरह आम चुनाव नहीं है। इस चुनाव में स्वयं को बचाये रखने, अपने धर्म-संस्कृति की रक्षा की चुनौती है। सुखराम उरांव ने जोबा माझी को जिताने कर इंडिया महागठबंधन को मजबूत बनाने की अपील की।

**जनसभा में उमड़ी भीड़, राजनगर में लगा जाम :** चुनावी जनसभा के कारण राजनगर मुख्य सड़क घंटों जाम रहा। जाम के कारण प्रत्याशी जोबा माझी, मंत्री दीपक बिरुवा और विधायक सुखराम उरांव सीएम के मंच पर पहुंचने के बाद कार्यक्रम में पहुंचे। जनसभा के बाद भी जाम की स्थिति बनी रही।

**सिंहभूम लोकसभा सीट पर महासंग्राम**



### चाईबासा शहर में जोबा मांझी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**चाईबासा।** झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुवा एवं इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी ने गुरुवार को शहर के मेरी टोला में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी के पक्ष में समर्थन मांगा। मौके पर उरांव समाज के सभी प्रमुख समेत ग्रामीणों के साथ बैठक कर मतदान करने की अपील की। माननीय मंत्री जी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र के भाजपा सरकार दस साल के शासन में महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार सहित कई अनियमितताएं हुई है। भाजपा झूठ की राजनीति करती है।

## अलग झारखंड भाजपा की देन : गीता कोड़ा

- कहा, झामुमो ने झारखंड आंदोलन को कांग्रेस पार्टी वालों को बेचा था

**भारतीय** जनता पार्टी की शिक्षित निर्भीक प्रत्याशी गीता कोड़ा आज राजनगर प्रखंड के पाखनाडीह, जोड़टाड, रुतडीह, जामबनी, उरुगुटु, डांगरडीहा, हेंसल, एदल, चालियामा, तुमुंग, सालबानी, सोसोमली, कुनाबेड़ा, गेंगेरुली, खिरी, गोपीनाथपुर, कमलपुर ग्रामो में जाकर मोदीजी के जन कल्याणकारी कार्यों में, फ्री का राशन, बेघरों को नया घर,घर घर मे शुद्ध पीने का पानी, किसानों को हर वर्ष 6 हजार रुपया की सहायता राशि, महिला समितियों को स्वरोजगार जैसे गरीबों और सभी वर्गों के लिए सैकड़ों योजना लाकर मोदीजी ने 10 वर्षों से सभी की चिंता कर लाभ दिया।

गीता कोडा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है उसे पूरा करती है,झारखंड अलग राज्य करने का वादा भारतीय जनता पार्टी ने किया था,केंद्र में सरकार बनते ही भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने झारखंड को अलग राज्य बनवाया, झारखंड मुक्ति मोर्चा वालों ने तो अलग राज्य आंदोलन को कांग्रेस पार्टी को बेचा था। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी को आदिवासियों की चिंता हमेशा से रही हैं, आदिवासियों के विकास के लिये मोदीजी ने आदिवासियों के लिये अलग मंत्रालय देश के आजादी के बाद बनवाकर आदिवासियों को विकास की मुख्य धारा में जोड़ा,एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनवाया। गीता कोड़ा ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पार्टी वाले झूठ बोलकर, जनता को गुमराह ही किया है, इनलोगों ने 4 लाख लोगों को नौकरी, 2 लाख तक किसानों के केसीसी लोन की माफी, पढ़े लिखे युवाओं को हर माह 6 हजार रुपया देने,पारा शिक्षकों को परमानेंट कर देने जैसी अनेक झूठे वादे कर भोले भाले जनता से वोट हड़पा, पर 5 सालों में एक भी वादा नही निभाया।



मतदाताओं को संबोधित करती भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा।

# जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में 25 प्रत्याशी अजमायेंगे भाग्य

- निर्दलीय प्रत्याशी राकेश कुमार ने नामांकन वापस लिया
- स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण चुनाव प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** 9-जमशेदपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन वापसी के अंतिम दिन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने समाहरणालय सभागार में मीडिया को संबोधित कर लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुल 32 उम्मीदवारों ने नाामंकन दाखिल किया था, निर्दलीय प्रत्याशी राकेश कुमार के नामांकन वापसी तथा संवीक्षा के दौरान त्रुटियों के कारण 06 उम्मीदवारों का नामांकन रद्द किये जाने के बाद अब 25 उम्मीदवार शेष रह गये हैं जिनके बीच लोकसभा चुनाव होगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के 1869278 मतदाता जिसमें 937412 पुरूष, 931733 महिला तथा 133 ट्रांसजेंडर मतदाता जिले के 1887 मतदान केन्द्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।




पत्रकारों को चुनाव मैदान में रह गये प्रत्याशियों की फाइनल लिस्ट से अवगत कराते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में डीडीसी मनीष व एडीसी।

### शेष उम्मीदवारों के नाम

1. महेश कुमार, राइट टू रिकॉल पार्टी
2. विद्युतवारण महतो- भारतीय जनता पार्टी
3. अशोक कुमार- पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)
4. सौरभ विष्णु, निर्दलीय
5. अरुण कुमार शर्मा, भारतीय आजाद सेना
6. धार्मू टुडू, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया
7. जुझार सोरेन, निर्दलीय
8. समीर कुमार मोहंती, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
9. बब्लू प्रसाद दांगी, निर्दलीय
10. मनोज गुप्ता, लोकहित अधिकार पार्टी
11. अरुण महतो, निर्दलीय
12. जी. जयराम दास, निर्दलीय
13. ज्ञान सागर प्रसाद, निर्दलीय
14. इंद्रदेव प्रसाद, निर्दलीय
15. शेख अखिरुद्दीन, बहुजन महा पार्टी
16. सनका महतो, एसयूसीआई(कम्युनिस्ट)
17. जितेंद्र सिंह, निर्दलीय
18. पार्वती किस्कु, निर्दलीय
19. साधु चरण पाल, निर्दलीय
20. सुकुमार सोरेन, भारत आदिवासी पार्टी
21. अंगद महतो, आमरा बंगाली पार्टी
22. विश्वनाथ महतो, निर्दलीय
23. डोमन चन्द्र भकत, भागीदारी पार्टी (पी)
24. आनन्द मुखी, निर्दलीय
25. प्रणव कुमार महतो, बहुजन समाज पार्टी

## एक नजर में

### गोलमुरी में हुआ जागो मतदाता जागो कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के गोलमुरी क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव में जागो मतदाता जागो के बैनर तले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को गणिनाथ भवन में आयोजित कार्यक्रम में देश के लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व में कीमती मतदान करने पर विस्तारपूर्वक विचार- विमर्श किया गया। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, पवन अग्रवाल समेत पार्टी के कई वरीय नेताओं के संग सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व आम नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए 25 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन भाजपा नेता पवन अग्रवाल एवं धन्यवाद ज्ञापन भाजपा गोलमुरी मंडल के पूर्व अध्यक्ष प्रोबिर चटर्जी राणा ने किया।

### प्रत्याशियों ने किया महाराणा प्रताप को नमन





**जमशेदपुर।** गुरुवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर जमशेदपुर सांसद सह भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो और झामुमो सह इंडि प्रत्याशी समीर महंती ने साकची में महाराणा प्रताप चौक स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। नेताओं ने कहा कि इतिहास में महाराणा प्रताप जैसा शूरवीर पैदा नहीं हुआ। उनका अदम्य शौर्य साहस और संगठन की क्षमता का कोई सानी नहीं था। मातृभूमि के रक्षार्थ उनका असाधारण संघर्ष और अतुल्य बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेंगे।

### मारवाड़ी युवा मंच ने किया प्याऊ का शुभारंभ




**चांडिल।** गुरुवार को चांडिल यूनियन बैंक के पास अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन चांडिल मठिया मठ के महंत इंद्रानन्द सरस्वती, चांडिल के मुखिया मुखिया मनोहर सिंह एवं समाजसेवी राकेश वर्मा ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। महंत इंद्रानंद सरस्वती ने कहा- इस भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए प्याऊ का व्यवस्था करना हमारे मानव के लिए सबसे बड़ा धर्म है। राकेश वर्मा ने कहा कि इस भीषण गर्मी में मारवाड़ी युवा मंच ने प्याऊ की व्यवस्था करना सराहनीय कार्य है। मुखिया मनोहर सिंह ने कहा प्याऊ लगाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। इस मौके पर संजय चौधरी, राजीव साव, अरुण सिंह थे।

### बागबेड़ा में डॉ कविता परमार के नेतृत्व में चला मतदाता जागरूकता अभियान




**जमशेदपुर।** बागबेड़ा में गुरुवार के जिला पार्षद डॉ कविता परमार के नेतृत्व में आठों पंचायतों के सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आठों पंचायत में चलाया जाएगा जिसकी शुरूआत बागबेड़ा सिद्धू कान्हु मैदान से बैलून उड़ा कर आज की गई। जिसमें मुख्य रूप से बागबेड़ा के आठों पंचायत के मुखिया ,पंचायत समिति सदस्य ,वार्ड सदस्य एव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चे, शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित हुए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने मतदाताओं से 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक भागीदारी निभाने का आग्रह किया। अभियान की शुरुआत सिद्धू कान्हु मैदान से हुई जो बाद में नया बस्ती होते हुए डीबी रोड चौक, बागबेड़ा कॉलोनी, वायरलेस मैदान, मजार होते हुए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जाकर समाप्त हुआ। तख्ती और बैनर के साथ सभी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में राजकुमार गोंड, राजू सिंह, झरना मिश्रा, मनीषा हैबुरु, गौरी टोप्पो, अरविंद सिंह, रंजय रॉय, विपिन तिवारी, मनोज मुर्मू, राकेश सिंह, मायावती टुडू, नीनू कूदादा, प्रतिमा मुंडा, कल्पना सरकार, संगीता सिंह, बबिता सिंह, रूपा देवी, अभिषेक उपाध्याय, अंशुल कुमार, चिंता मणि, माधुरी आदि उपस्थित थे।

### खुटिया सेवा संस्थान ने बांटा ठंडा पानी व शरबत

**जमशेदपुर।** अमिय चरण खुटिया सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को दोपहर 12 बजे से एमजीएम अस्पताल गोलचक्कर के समीप भीषण गर्मी को देखते हुए आम राहगीरों के बीच ठंढा पानी व शरबत बितरण किया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष बबलू खुटिया एवं महासचिव संतोष कुमार दास ने कहा कि संस्था भीषण गर्मी में राहगीरों के बीच ठंडा पानी एवं शरबत बितरण किया, जिसमें लगभग एक हजार लोगों ने शिविर में पहुंचकर लाभान्वित हुए। संस्था के उपाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह राठौर एवम सलाहकार सुनील मांझी ने कहा कि संस्था जरूरतमंद एवम गरीब दलित लोगों के उत्थान के लिए प्रयत्नशील है।

## महागठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती चड़क मेला में हुए शामिल

- विधायक मंगल कालिंदी रहे साथ, बाबा भोलेनाथ के मंदिर में मत्था टेका

खबर मन्त्र ब्यूरो



**पटमदा।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती व जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने गुरुवार को बोड़ाम प्रखंड के कुईयानी व पटमदा प्रखंड के महुलबना गांव में सोलोआना कमेटी की ओर से आयोजित चड़क मेला में के दूसरे दिन शामिल होकर बाबा भोलेनाथ की मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस दौरान दोनों नेताओं ने स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और चुनाव में उनसे समर्थन मांगा। विधायक कालिंदी ने कहा कि भाजपा की सरकार के कारण ही आज लोगों के सामने बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

## मरांडी का हेलिकॉप्टर खराब मौसम में फंसा, जमशेदपुर में इमरजेंसी लैंडिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के हेलिकॉप्टर की जमशेदपुर में आपातकालीन लैंडिंग हुई। गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी खरसावां में एक जनसभा को संबोधित करने के पश्चात हेलीकॉप्टर से दुमका जा रहे थे। हेलीकॉप्टर पर सवार बाबूलाल मरांडी के दुमका उड़ान भरने के साथ ही अचानक मौसम खराब हो गयी, जिस वजह से पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पर हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई। इसके बाद पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को सुरक्षित तरीके से सोनारी एयरपोर्ट पर उतारा गया। इधर, बाबूलाल मरांडी के सोनारी एयरपोर्ट पर उतरने की खबर मिलने पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के संग भाजपा जिला पदाधिकारी एवं पार्टी के अन्य वरीय नेतागण एवं कार्यकर्ता उनसे मिलने सोनारी एयरपोर्ट पहुंचे।



एयरपोर्ट लॉबी में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के साथ प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी। साथ में सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार व अन्य।

## हर बूथ पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर काम करें भाजपा कार्यकर्ता : विद्युत

- बारीडीह मंडल में खुला भाजपा का चुनावी कार्यालय
- सांसद विद्युत महतो ने कार्यकर्ताओं के संग की चुनावी रणनीति पर बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भाजपा ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारीडीह मंडल के चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यालय का विधिवत उद्घाटन जमशेदपुर के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने किया। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत सांसद बिद्युत महतो ने कार्यकर्ताओं के संग में बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनावी कार्यालय खुलने से आसन्न लोकसभा चुनाव में बेहतर रणनीति पर काम करने के साथ ही चुनावी कार्यो में मदद मिलेगी।



बारीडीह में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते भाजपा प्रत्याशी सह वर्तमान सांसद विद्युतवरण महतो। साथ में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा व अन्य।

## ट्रेन की चपेट में आने से हाथी की मौत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के लेटेमदा स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक दतैंल हाथी की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार 18615 हावड़ा हटिया एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से हाथी की मौत हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम ओर रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लिया। इस घटना से रेलवे का पोल क्षतिग्रस्त हो गया। वन विभाग के अधिकारी ने कहा हाथी के शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। दुर्घटना के कारण उस रुट से चलने वाली 08152 टाटा बड़काखाना पेसेंजर ट्रेन काफी विलंब से चली। घटना की जानकारी होने पर आसपास के गांव के काफी संख्या में लोग देखने पहुंचे और पूजा की।

## जैव इंधन वाले शिप से रॉ मैटेरियल्स ढोने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी टाटा स्टील

- कंपनी ने आस्ट्रेलिया से भारत तक जैव इंधन से चलने वाले शिप से मंगाया
- पारंपरिक तरीकों की तुलना में शिप से 20% कम कार्बन उत्सर्जन हुआ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**मुंबई/जमशेदपुर।** टाटा स्टील वीएलएसएफओ (वेरी लो सल्फर फ्यूल ऑयल) के साथ बी-24 जैव ईंधन मिश्रण द्वारा संचालित, पूर्वी तट ऑस्ट्रेलिया से भारत तक पूरी क्षमता के साथ यात्रा करने वाली पहली भारतीय स्टील कंपनी बन गई है। यह यात्रा भारत में सस्टेनेबल शिपिंग अभ्यासों के लिए एक नया मानदंड स्थापित करती है और देश के समुद्री क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर साबित होगी। 17 अप्रैल, 2024 को केप वेसेल एमवी केप एक्सेल कोयला लोड करने के बाद ग्लैडस्टोन बंदरगाह से रवाना हुआ। यह 8 मई, 2024 को 1,48,500 मीट्रिक टन कोयले का निर्वहन करने के लिए कलिंगा इंटरनेशनल कोल टर्मिनल पारादीप प्राइवेट लिमिटेड बंदरगाह पर सफलतापूर्वक पहुंच गया।


ग्लैडस्टोन से पारादीप तक अपनी माल ढुलाई के दौरान, एमवी केप एक्सल ने बी-24-ग्रेड जैव ईंधन का



उपयोग किया था जिसे चीन के गुआंगजौ में इसके बैलास्ट पोर्ट से लोड किया गया था। इस भर से लदी हुई यात्रा के लिए कार्बन उत्सर्जन लगभग 565 टन कम था, जो कि वीएलएसएफओ का उपयोग करने वाले पारंपरिक केप वेसेल की तुलना में 20% कम है, जो कंपनी के महत्वाकांक्षी स्कोप 3 कटौती लक्ष्यों के अनुरूप है।

पीयूष गुप्ता, (वाईस प्रेसिडेंट, टी क्यू एम, ग्रुप स्ट्रेटेजिक प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन, टाटा स्टील) ने कहा, अपने समुद्री परिचालन में जैव ईंधन के उपयोग के माध्यम से, टाटा स्टील न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है, बल्कि उद्योग में सस्टेनेबिलिटी के लिए एक नया मानक भी स्थापित करती है। ऑस्ट्रेलिया से भारत तक अपनी यात्रा के लिए जैव ईंधन मिश्रण का चयन करके, हम अपने स्कोप 3 कमी लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देकर कार्बन उत्सर्जन में 20% की कटौती करने में सक्षम हुए। हम वैकल्पिक ईंधन से संचालित जहाज के माध्यम आयात के लिए ऐसे और अधिक शिपमेंट करने का प्रयास करेंगे, और जलवायु परिवर्तन की दिशा में वैश्विक प्रयासों के साथ खुद को जोड़ना जारी रखेंगे। ईंधन उपलब्धता में चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, टाटा स्टील ने अपने साझेदारों, कारगिल और बैनल एनर्जी इंटरनेशनल लिमिटेड के सहयोग से इस ऐतिहासिक शिपमेंट को सफलता पूर्वक निष्पादित किया।

# गिरिडीह से आजसू के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को मथुरा व जयराम की चुनौती



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो थर्मल-गिरिडीह लोकसभा से आजसू के सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी को अपना सीट बचाने की चुनौती है। 2019 के 17 वीं लोकसभा चुनाव में करीब 248347 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। वहीं झामुमो के प्रत्याशी जगरनाथ महतो को हार का सामना करना पड़ा था। गिरिडीह लोकसभा के सभी 6 विधानसभा क्षेत्र में चन्द्रप्रकाश चौधरी ने बढ़त हासिल की थी और एक बडे अंतर से जीत दर्ज की थी, लेकिन 2024 का चुनाव का मिजाज बदला हुआ है। प्रकृति ने जिस रोद्र रूप धारण करते हुए 40 से 45 डिग्री के तापमान के साथ आग उगल रही है। ठीक उसी प्रकार निर्दलीय प्रत्याशी जयराम प्रसाद महतो के चुनाव मैदान में उतरने से राजनीतिक तपिश बढी हुई है। भाषा और खतियान की मांग को लेकर उभरे युवा नेता जयराम महतो का युवाओं में क्रेज इतना है कि वे अपना पैसा लगाकर इस चुनावी दंगल में दो दो हाथ करने के लिए उतरे हुए हैं। जयराम, आजसू के निर्वतमान सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी और इडिंया एलाइंस के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो जैसे दिग्गज नेता को कडी चुनौती देंगे। अभी तो नामाकंण के दौर चल ही रहा है. आजसू और झामुमो के नेता का नामाकंण कराना बाकी है, लेकिन जिस भीड़ के साथ जयराम महतो ने नामाकंण दाखिल किया है वह चर्चा का विषय बना हुआ है। लाखों की संख्या में कार्यकर्ता अपने पैसे से नामाकंण सभा में शामिल हुए ऐसा जेबीकेएसएस के नेताओं का कहना है। गिरिडीह लोकसभा के इस आम चुनाव में एनडीए, इंडिया एलाइंस और निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो के बीच ही मुकाबला होगा। वैसे कई और निर्दलीय प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर रहे हैं, लेकिन मुकाबला उक्त तीनों नेताओं के बीच ही होने का अनुमान है। एक ही जाति के हैं तीनों उम्मीदवारः आजसू के चन्द्रप्रकाश चौधरी, झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो और निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो तीनों कुर्मी जाति से हैं। पिछले 2019 के चुनाव में कुर्मी महतो का अधिकांश मत चन्द्रप्रकाश चौधरी को मिला था। दरअसल इस जाति के लोग आजसू को अपना दल मानते हैं, लेकिन जब से जयराम महतो भाषा और खतियान के आंदोलन के बाद उभरे हैं तब से इस जाति के लोग जयराम महतो की ओर मुखातिब हो रहे हैं। इसी बात की चिंता आजसू पार्टी के नेताओं को हो रही है। फिलहाल अभी चुनाव की तारिख आने में लगभग 16 दिन बाकी है। ऊंट किस करवट बैठती है यह तो आनेवाला वक्त ही बातएगा। 6 में 4 विधानसभा में है इडिंया एलांइस का कब्जाः गिरिडीह लोकसभा में 6 विधानसभा क्षेत्र है। गिरिडीह में झामुमो के सुदिव्य कुमार, टूंडी से झामुमो के मथुरा महतो जो उम्मीदवार भी हैं, बेरमो से कांग्रेस के कुमार जयमंगल, डुमरी से बेबी देवी, वहीं बाधमारा से भाजपा के ढुलू महतो और गोमिया से लंबोदर महतो आजसू का कब्जा है। गैर महतो होंगे निर्णायकः 2011 जनगणना के अनुसार गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम की जनसंख्या करीब 16 फीसदी है। वहीं अनुसूचित जाति के 14.2, अनुसूचित जनजाति के 10.27, क्रिश्चन 0.57, बुद्धिस्ट 0.5, जैन 0.07 और सिख 0.2 फीसदी है. शेष हिन्दू है।

## एक नजर में

### गोड्डा से लोकसभा सांसद प्रत्याशी आज अपना नामांकन पत्र दाखिल करने गोड्डा पहुंच रहे हैं



गोड्डा। लोक सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे आज अपना नामांकन पत्र गोड्डा जिला निर्वाचन पदाधिकारी गोड्डा के समक्ष दाखिल करेंगे। उन्होंने अपने समर्थकों और पार्टी पदाधिकारियों को एक संदेश प्रसारित करते हुए कहा है कि मैं अपने वादे के मुताबिक नई ट्रेन से देवघर से 10 बजे प्रातः गोड्डा नामांकन के लिए पहुंचूंगा और अपना नामांकन पत्र सवा 12 बजे समाहरणालय पहुंचूंगा।

### कथारा वाशरी न्यू रेलवे साइडिंग में लगा ट्रांसफार्मर सामग्री की चोरी



बेरमो। कथारा-कथारा ओपी थाना क्षेत्र के सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के कथारा वाशरी रेलवे कॉलोनी स्थित न्यू रेलवे साइडिंग में लगी 33 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर पर बीते बुधवार की देर रात्री अज्ञात चोरो ने धाबा बोलकर ट्रांसफार्मर के भीतर के कॉपर वायर तथा सभी कल पुर्जे खोल कर ले गए। घटना मध्य रात्रि की बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग पांच वर्ष पूर्व उक्त रेलवे साइडिंग का निर्माण सीसीएल कथारा वाशरी द्वारा रैक के माध्यम से रिजेक्ट कोल बाहर भेजने और साइडिंग में रौशनी के लिए उक्त विघुत ट्रांसफार्मर लगाया गया था। मगर कुछ दिनों के उक्त रेलवे साइडिंग सीसीएल द्वारा एक तरह से बंद कर दिया है, क्योंकि रैक लोडिंग वहां से बंद हो चुकी थी। कुछ समय के बाद उक्त ट्रांसफार्मर से बिजली काट दिया गया। जिस कारण उक्त ट्रांसफार्मर चोरो के निशाने पर आ गया था। बीते रात्री चोरो ने मौका पाकर घटना को अंजाम दिया। सुबह जब इस घटना की जानकारी कथारा वाशरी प्रबंधन को हुई। उसके बाद प्रबंधन हरकत में आई और कथारा ओपी पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी जितेश कुमार दल बल के साथ मामले की छानबीन मे जुट गए। इस संबंध में ओपी प्रभारी कुमार से पुछे जाने पर उन्होंने बताया कि अभी उक्त व्यक्ति से पुछताछ की जा रही है। कुल मिलाकर इस मामले में अजीब स्थिति है। चर्चा है कि तथाकथित मामले के पुछताछ के लिए लाये गये आरोपी को छुड़ाने के लिए कई स्तर से पैरवी जारी है। मगर इतना तो साफ है कि ओपी प्रभारी की सक्रिय भूमिका इस मामले में सराहनीय कही जा सकती है। पुलिस की सक्रियता से लोहा चोरो के बीच हड़कंप देखने को मिली।

### चलकरी से मो कासिम व उनकी अहलिया सुफेदा खातून हज के लिये रवाना



बेरमो/खेतको। पेटरवार प्रखंड अंतर्गत चलकरी से सउदी अरब यानी मक्का शरीफ की जियारत व हज के लिए मो कासिम व उनकी अहलिया सुफेदा खातून अपने गांव और वतन से हज के लिये रवाना होने के क्रम में उन्हें रुखसत करने के लिये परिजनों के अलावे सैकड़ो की संख्या में गांव वासी उपस्थित थे। सभी उपस्थित लोगो ने गांव, क्षेत्र, प्रदेश व देश मे अमनो अमान कायम रहे इसके लिए खास दुआ करने की दरख्वास्त दोनो हज यात्रियों से की तथा माला पहना हाथ मिला व गले मिलकर उनकी विदाई की। मौके पर दोनों हज पर जाने वाले ने कहा की सऊदी अरब शहर ए मक्का में पहुंचकर वे हज के सारे अरकान को अदा करेंगे। खनाए काबा को तवाफ करेगे। सफा मरवा के दोनों पहाड़ियों के बीच सात मर्तबा दौड़ लगाएंगे। मीणा जाकर शैतान को पत्थर मारने का भी रस्म अदा करेगे और कुबार्नी के दिन अल्लाह के राह पर अपनी तरफ से कुबार्नी भी पेश करेगे। उसके बाद अपने बच्चे अपने औलाद की तरफ से पूरे परिवार को उमरा करते हुए मुल्क की सलामती की दुआ भी करेंगे। उन्हे विदा करते हुए गांव के मो कलीम, मो निजाम, अकबर अली अब्दुल कादिर, अब्दुल इब्राहिम, मो समीम, मो मुख्तार, मो इरफान के साथ उनके परिवार के सभी के आंखों में नम थी। सभी अपनो से जुदा होने के समय यही कहते रहे मदीने वालों से मेरा सलाम कहना लब्बैक अल्ला हुम्मा लबबैक।

### उचक्कों ने बाईक की डिक्की से उड़ायें 35 हजार



बेरमो। गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बाजार में सरेआम भरे बाजार में एक ठेकेदार की मोटर बाइक की डिक्की से उचक्कों ने नगदी 35 हजार लेकर फरार हो गए। इसे लेकर ठेकेदार द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड के गांधीनगर थाना क्षेत्र निवासी ठेकेदार भास्कर सिंह द्वारा 8 मई को बोकारो कोलियरी भारतीय स्टेट बैंक शाखा से ?40 हजार की निकासी किया गया। इसके बाद ठेकेदार सिंह खासमहल परियोजना गए, जहां उन्होंने उक्त राशि से 5 हजार निकालकर शेष राशि अपनी मोटरसाइकिल में रखकर वहां से जरिडीह बाजार आवश्यक काम से गए। उन्होंने बाइक को जरिडीह बाजार स्थित पीएनबी बैंक शाखा के समीप खड़ी कर बैंक में गए।लौटकर देखा तो डिक्की खुला हुआ और लॉक टुटा हुआ था। यह देख उनके होश उड़ गये जब उन्होंने हो हल्ला किया तो वहां लोगो की भीड़ इकट्ठी हो गई मगर किसी ने भी घटना के बारे में पुलिस को कुछ भी नहीं बता सका। कुल मिलाकर बेरमो कोयलांचल में फिर एक बार उच्चको की धमक हो चुकी है।

### दुमका : फांसी के फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, हत्या का आरोप

दुमका। जिले के जामा थाना क्षेत्र के करैहिया गांव में एक नवविवाहिता का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से झूलता मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय मृतका अझोला कुमारी की शादी दो माह पूर्व करैहिया गांव के राजकुमार से हुई थी। पति राजकुमार की पूर्व में भी शादी हुई थी। जिससे उसको कोई बच्चा नहीं था। अंततः बीते होली के समय उसने जामा थाना क्षेत्र के मुसवाचक गांव के उचित मुसुप की बेटी से दूसरी शादी रचा लिया था। मृतका के पिता उचित मुसुप ने आरोप लगाया है कि दहेज के कारण उसकी बेटी की हत्या कर शव को फांसी के फंदे से लटका दिया गया है। मामले में थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत होता है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों का लिखित बयान आने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### आओ सब मिलकर मतदान करें



बेरमो /बेरमो प्रखंड के संडेबाजार स्थित सीसीएल एडेड स्कूल शिशु विकास विधालय के छात्रों द्वारा रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस मतदान जागरूकता अभियान में छात्र- छात्राओं के अलावा वरीय शिक्षक मो असलम, नयन कुमार बनर्जी, रूपेश केशरी, संजीव कुमार, शैयद सरफराज हुसैन, वरीय शिक्षिका रम्भा सिंह, ममता सिन्हा, उमा वर्मन, बेरमो पश्चिमी पंचायत की मुखिया आरती कुमारी,मुन्ना सिंह सहित कई लोगों ने हिस्सा लिया।

### गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के लोगो की सेवा बेटा और भाई बनकर करूंगा : ज्ञानेश्वर प्रसाद



बेरमो।गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के बेरमो विधान सभा क्षेत्र मे जनसंपर्क अभियान के दौरान लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी ज्ञानेश्वर प्रसाद ने कहा कि वह सांसद बने तो क्षेत्र के लोगो की सेवा नेता बनकर नही बल्कि बेटा और भाई बनकर करूंगा। वह चुनाव जितने के बाद योजनाबद्ध तरीके से क्षेत्र मे रहकर जन समस्याओं का समाधान करेगे। एक प्रश्न के उत्तर मे उन्होने कहा कि उनकी प्रथम प्रथमिकता गांव और शहर के हर चौक चौराहे पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराना होगा।दूसरी प्राथमिक महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को देगे। ज्ञानेश्वर ने कहा कि बंद कोयला खदानो और उघोगो को चालू कराने के साथ-साथ नए उघोगो कल कारखाने खुलवाकर रोजगार उपलब्ध कराना और पलायन रोकना उनकी प्राथमिकता मे शामिल होगी। उन्होंने कहा सरकारी स्कूलो औ प्राइवेट स्कूलो मे शिक्षा और अस्पतालो मे चिकित्सा मिले। इसकी भी व्यवस्था करेंगे। उनके साथ एलएपी के अब्दुल रजाक भी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### एसकेएमयू के नये कुलसचिव बने डॉ एस एन अधिकारी



डॉ एस एन अधिकारी।

दुमका। सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के नए कुलसचिव बने स्नातकोत्तर गणित विभागाध्यक्ष डॉ एस एन अधिकारी। उक्त नियुक्ति विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा राजभवन से प्राप्त एक पत्र के आलोक में की गई है। डॉ अधिकारी को राजभवन के आदेश पर अधिकतम छह माह अथवा नियमित कुलसचिव की नियुक्ति होने तक के लिए एसकेएमयू का प्रभारी कुलसचिव बनाया गया है। यहाँ बता दे डॉ बिनय कुमार सिन्हा का कार्यकाल आज ही 10 मई को पूरा हो रहा था। डॉ अधिकारी इनसे पूर्व विश्वविद्यालय में संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके है। इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा एक अधिसूचना गुरुवार को जारी किया गया है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी।

### गोड्डा : यौन शौषण के आरोपी को 30 वर्ष की सश्रम सजा

गोड्डा। जिला के राजा भिट्ठा थाना में दर्ज कांड संख्या 21/2023 दिनांक 1/7/2023 को प्राथमिकी के आधार पर जिसमे एक नाबालिग के साथ यौन शौषण का आरोप सिद्ध होने पर गोड्डा न्यायालय द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत मनौवार अंसारी उर्फ कालू अंसारी पिता —कुर्बान अंसारी ग्राम— कुशबिल्ला थाना—राजा भिट्ठा, जिला गोड्डा को 30 वर्ष सश्रम की सजा के साथ 2लाख रुपए का आर्थिक दंड और धारा 506 के तहत 1 वर्ष की सजा का फैसला सुनाया गया। केस में लोक अभियोजक लुकेश हेंब्रम ने बहस की थी।

### मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में इग्नू केंद्र खुलने की मंजूदी मिली



रानेश्वर। इग्नू का केंद्र मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज, रानेश्वर में खोलने को मंजूरी मिली है। जिसका एलएसडी कोड 87019 है। वैसे सभी छात्र -छात्राओं जो नौकरी या व्यवसाय में काम करने के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते थे। अब वैसे छात्र-छात्राओं के लिए यह अध्ययन केंद्र मील का पत्थर साबित होगा। मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त अध्ययन केंद्र के लिए समन्वयक का चयन कुलपति द्वारा डॉ गजेन्द्र कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग को किया गया है। ज्ञात हो कि कॉलेज में इग्नू द्वारा अध्यन केन्द्र के लिए प्रयास विगत कई वर्षों से किया जा रहा था। प्रो गजेन्द्र सिंह ने बताया कि जुलाई माह से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। इस इग्नू केंद्र से बीएएचडीएच, बीएईजीएच, बीएईसीएच, बीएएसओएच, बीपीएसओएच, बीएएसकेएच, बीएएचआईएच, बीएजी, बिकॉमजी, एमएचडी, एमपीएस, एमएसओ, एमईजी, एमएआरडी, पीजीडीआरडी कोर्स ऑफर किया जाएगा।

# मसाला कारोबारी के यहां फूड सेफ्टी का छापा आर्टिफिसयल हल्दी और धनिया पाउडर जब्त

### मसालों के रूप में औषधी की जगह रसोई में पहुंच रही जानलेवा बीमारियां

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मसाला, कैप्सन-छापेमारी करती फूड सेफ्टी विभाग।

**दुमका।** किचन में मौजूद मसाले एक तरह की औषधी होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। आयुर्वेद में इनके कई फायदे गिनाए गए हैं।

मसालों से खाना स्वादिष्ट और लाजवाब बनता है। हर मसालों के अपने-अपने फायदे हैं लेकिन आजकल मार्केट में मिलावटी मसाले आ गए हैं। इसका खुलासा हंसडीहा में उस वक्त हुआ जब मसाला के कारोबारी के यहां गुरुवार को फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा की छापेमारी में बड़ी मात्रा में आर्टिफिसियल हल्दी और धनिया पाउडर जब्त किया गया।

छापेमारी हंसडीहा-भागलपुर रोड स्थित मसाला कारोबारी कमलेश वैध के यहां फूड सेफ्टी के अधिकारी पुलिस बल के साथ पहुंच छापेमारी की। इस दौरान प्रारंभिक जांच में हल्दी में रंग मिले होने का साक्ष्य मिला। जिसके बाद अधिकारीयों ने मसाला कारोबारी के गोदाम को सील कर हल्दी और धनिया पाउडर के सैंम्पल को जांच के लिए लैब भेजा। जब्त मसालों का वजन करीब चार हजार किलो है। जानकारी के अनुसार मसाला कारोबारी बाहर से आर्टिफिसयल मसाला लाकर आस-पास के मार्केट में बेचता था। फूड सेफ्टी के अधिकारीयों ने जब छापेमारी की उस वक्त कारोबारी अपने घर सह गोदाम में नहीं था। अधिकारीयों ने परिवार के सदस्यों से मसाला कहां से आता है। उसकी पूरी डिटेल को एक सप्ताह के अंदर कार्यलय में देने को कहा है।

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर कोई लगातार इन मिलावटी मसालों का इस्तेमाल करता है, तो उसे कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। इनमें से कई जानलेवा भी हो सकती है। इन मसालों में कई ऐसी चीजों की मिलावट की जाती है। जो कैंसर, किडनी की समस्या, लिवर इन्फेक्शन जैसी बीमारियों तक का कारण बन सकती हैं। इसलिए सावधानीपूर्वक मसालों को खरीदना और खाना चाहिए। इन मसालों की वजह से लगातार बीमारियां भी बढ़ रही है।

> **गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई**
>
> फूड सेफ्टी विभाग को गुप्त सुचना मिली थी की हंसडीहा में आर्टिफिसयल मसाला का कारोबार हो रहा है। छापेमारी में मिले हल्दी पाउडर की प्रारंभिक जांच में रंग मिले होने का प्रमाण मिला है। गोदाम को सील कर सैंम्पल जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।
>
> **अमित कुमार, जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, दुमका**

## एसकेएमयू में यूजी नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल खुलेगा आज से

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने गुरुवार को नामांकन समिति की बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में 10 से 31 मई तक यूजी नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल खोलने का निर्णय लिया गया। यहां बता दे एसकेएमयू में वर्ष 2022 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यूजी की पढाई हो रही है। इस बार स्नातक स्तर पर कला, वाणिज्य और विज्ञान में कुल 38 कॉलेजों में नामांकन के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू करने पर सहमति बनी है। बैठक में सदस्यों ने चर्चा के बाद एडमिशन कैलेंडर पर मुहर लगाते हुए 2 जुलाई से यूजी सत्र-2024-28 की कक्षा शुरू करने का निर्णय लिया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सीयूईटी-यूजी परीक्षा में बैठे छात्रों के लिए 10 प्रतिशत सीट आरक्षित रहेगा। यूजी प्रोग्राम में नामांकन को इच्छुक छात्र को चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म आधिकारिक बेवसाइट से भरना होगा। चांसलर पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन के लिए विवि ने रेगुलर कोर्स के लिए 100 और वोकेशनल कोर्स के लिए 500 आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। बैठक में कुलसचिव डॉ बिनय कुमार सिन्हा, डीएसडब्लू डॉ जैनेन्द्र यादव, डॉ पीपी सिंह, डॉ टीपी सिंह, डॉ एसएन अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार शाह, डॉ पूनम हेम्ब्रम, डॉ इन्द्रनील मंडल, डॉ निलेश कुमार, डॉ हशमत अली, डॉ संजय सिन्हा, डॉ अनिलवर्मा, अमिता कुमारी, डॉ अखिलेश तिवारी, डॉ बिनोद शर्मा, डॉ राजेश यादव, डॉ सुजीत सोरेन, डॉ संतोष शील, डॉ संजीव सिन्हा, डॉ अजय शुक्ला, डॉ शम्स तबरेज खान, डॉ सुशील टुडू, दीपक कुमार, स्वेता मरांडी, डॉ एसआर रिजवी, मनोज और असलम आदि उपस्थित थे।

## साहिबगंजः एसएसडी हाई स्कूल बरहेट में टॉप आने वाले बच्चों के लिए किया गया सम्मान समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरहेट।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत +2 एसएएसडी हाई स्कूल बरहेट में एक सम्मान समारोह का आयोजित किया गया, जिसमे विद्यालय के मैट्रिक तथा इंटर के बच्चों ने विद्यालय में टॉप 10 स्थान लाने वाले को पुरस्कार सहित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सह प्राचार्य डायट बरहेट लक्ष्मण कुमार यादव, बीडीओ अंशु कुमार पांडेय, उर्मिला हांसदा क्षेत्रीय शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, विद्यालय का प्राचार्य इस्माइल अंसारी के द्वारा सामूहिक द्वीप प्रज्वलित कर किया। वहीं इस कार्यक्रम में मैट्रिक तथा इंटर के विद्यालय में टॉप 10 स्थान लाने वाले विद्यार्थी को बारी - बारी से शिक्षकों तथा विशिष्ट अतिथि के द्वारा के द्वारा भेंट स्वरूप व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए बच्चो का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया। विद्यालय से मैट्रिक परीक्षा में टॉप 10 लाने वाले 1. विष्णु कुमार पंडित -473 अंक 2. अमीर अंसारी - 438, अंक 3. राहुल मड़ैया - 437 अंक 4. उत्तम कुमार पंडित - 437 अंक, 5. इसहाक अंसारी -433 अंक, 6. मो शोएब- 433 अंक, 7. इंतेखाब अंसारी-429 अंक,8. जुनैद अंसारी-419 अंक, 9. आदर्श साह-416 अंक, 10-398 अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉप 10 सूची में अपना जगह सुनिश्चित किया। वहीं इंटरमीडिएट में संकाय विज्ञान में 1. सुमन कुमार 428 अंक, 2. सोनू साह-401 अंक, 3. सौरभ कुमार भगत - 380 अंक, 4. मो मुशर्रफ अंसारी-380 अंक, 5. रौनक राज गुप्ता-389 अंक, 6. अनिकेत साह-377 अंक,7. राहुल पंडित -375 अंक,8. आशुतोष कुमार पंडित -374 अंक,9. कैफ अंसारी - 373 अंक,10. विकास कापरी - 371 अंक लाकर टॉप 10 में अपना जगह बनाया। वहीं संकाय कला में 1.मो शादाब आलम-439 अंक,2. सानिया परवीन-434 अंक,3. अमन कुमार शर्मा-424 अंक,4. सदरुल अंसारी-410 अंक,5. मो इंजेमामुल हक- 394 अंक,6. सबा शहजादी-387 अंक,7. अनिता सोरेन - 381 अंक, 8. मो ताजीम अंसारी-377 अंक,9. शोएब हुसैन- 372 अंक,10. राजा कुमार-371 अंक लाकर विद्यालय के टॉप - 10 में जगह बनाया। उक्त सभी विद्यार्थी को भविष्य में ऊजार्वान बनाने हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य मो इस्माईल ने इस सम्मान समारोह को रखा ताकि उक्त बच्चों के कार्यक्रम देख बाकी बच्चों को प्रेरणा मिले।

## फुसरो मे वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनायी गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** फूसरो नगर परिषद के पटेल नगर ,शास्त्री नगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री पब्लिक स्कूल में भारतीय संस्कृति के धरोहर राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा कर नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगो ने महाराणा प्रताप के आदर्शो का अनुसरण करने और राष्ट्र के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। भाजपा के वरीय नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह, जिप सदस्य नीतू सिंह, फुसरो नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन बंसत सिंह, संत सिंह, बीएमएस नेता अरूण सिंह, पंकज पांडेय, दिनेश सिंह, विवेक पाठक, भरत वर्मा, कैलाश ठाकुर ने महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। साथ ही उनकी कृतियों पर चर्चा करते हुए उनके मार्ग पर चने की प्रेरणा ली। कार्यक्रम के अध्यक्षता भाजपा के पूर्व फुसरो नगर अध्यक्ष भाई प्रमोद सिंह ने किया। मौके पर प्राचार्य रविंद्र कुमार सिंह, कोल व्यवसाई अभय कुमार सिंह, कौटिल्य महापरिवार के बृज बिहारी पांडेय, अरुण कुमार, शंकर गोयल, शंकर सिंहा, कन्हैया कुमार, अभय कुमार सिंह, विवेक पाठक, शिवम सिंह, विमलेश सिंह, राम कुमार, अश्विन मिश्रा, प्रिंस मिश्रा, ओम प्रकाश राजा, नवल किशोर सिंह, विजय साव, एसपी वर्मा, शंभू प्रसाद, अभिषेक कुमार सिंह, राम कुमार सिंह, ओम प्रकाश राजा आदि लोग मौजूद थे।

## बेरमो : अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाने को लेकर सीसीएल सीकेएस की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** गुरुवार को सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सालाहकर संचालन समिति सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा तथा भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला मंत्री संत सिंह मुख्य रूप से बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में संगंठनात्मक तथा सदस्यता विस्तार,कामगारों के ज्वलंत समस्याओं को लेकर चचाएं सहित आगामी अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस जो 12 मई को होना है। इसी को लेकर मुख्य रूप से चर्चा की गई। बैठक में तय हुआ कि ढोरी क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 12 मई को भारतीय मजदूर संघ ढोरी द्वारा बड़े धूमधाम के से केन्द्रीय आस्पताल ढोरी में मनाया जाएगा। मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि आज हमलोग बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिए की सीसीएल सीकेएस ढोरी द्वारा प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी अंतरास्ट्रीय नर्स दिवस बड़े धूमधाम तथा हर्षोल्लास के साथ से 12 मई 2024 को संगठन द्वारा मनाया जाएगा वही बैठक में मुख्य रूप से नुनुचंद महतो, अजय सिंह, भुनेश्वर, प्रमोद कुमार गौतम, बुधन प्रसाद नोनिया, बीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, राजेश पासवान, शरद कुमार, पंकज कुमार, संदीप ओरांव, शाहनवाज खान, रवीन्द्र सहानी, हीरालाल रविदास, प्रमोद कुमार शर्मा, फूली गोप, लखन बाउरी, अरविंद ठाकुर, सोमनाथ मिश्रा, सुबीर मुखर्जी, गौतम लोहार, प्रेमलता देवी, सुमिति

# हिमालय की आग

हिमालय के उतराखंड राज्य में मई के पहले सप्ताह में ही आग लगने की करीब साढ़े नौ सौ घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं। जिसमें करीब बारह हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र को अग्निकांड से नुकसान हुआ । पांच लोगों के मरने की भी खबर है। यूं हर साल उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की खबरें आती हैं। यह सिलसिला मार्च के अंत से शुरू होकर मई तक चलता है। राज्य सरकार के सीमित संसाधनों व भौगोलिक जटिलताओं के चलते वनों का धधकना जारी है। काबू पाने के लिये वायुसेना व एनडीआरएफ की मदद ली जा रही है। यह एक हकीकत है कि जंगलों के धधकने में मानवीय हस्तक्षेप कहीं न कहीं जरूर होता है। माना जंगलों में गिरने वाली पत्तियों व घास का समय रहते निस्तारण न होने से ज्वलनशीलता तो होती है, लेकिन आग इंसानी लापरवाही या साजिश से ही लगती है। इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि नवंबर 2023 से अब तक करीब पौने चार सौ वन अपराधों के मामले पंजीकृत हो चुके हैं। इस बात को उत्तराखंड का वन विभाग भी स्वीकार करता है कि 95 फीसदी अग्निकांड के मामलों में मानवीय दखल जिम्मेदार होता है। जिसमें लापरवाही के साथ-साथ इरादतन लगाई गई आग भी शामिल है। दरअसल, अग्निकांडों के बाद कार्रवाई फॉरेस्ट एक्ट व वन्य जीव संरक्षण कानूनों के तहत की जा रही है। इसके अलावा सार्वजनिक व निजी संपत्ति नुकसान क्षतिपूर्ति कानून के तहत भी कार्रवाई होगी। आईआईटी रुड़की की मदद से कृत्रिम बारिश के विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है। निश्चित रूप से हर साल जलने वाले सैकड़ों हेक्टयर वनों को आग से बचाने के लिये स्थायी उपायों की जरूरत महसूस की जा रही है। देश के विभिन्न वन क्षेत्रों में गर्मी में आग लगती है लेकिन हिमालय की आग अधिक भयावह है।

# विवाह की गरिमा


विवाह को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिये पंजीकरण आदि के उपाय इस रिश्ते को अपेक्षित गरिमा देने में विफल ही रहे हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत में न्यायाधीश को कहना पड़ा कि सात फेरों का अर्थ समझे बिना हिंदू विवाह की गरिमा को नहीं समझा जा सकता। यह भी कि हिंदू विवाह सिर्फ नाचने-गाने तथा पार्टीबाजी की ही चीज नहीं है, यह एक गरिमामय संस्कार है। यानी महज पंजीकरण से विवाह की वैधता पर मोहर नहीं लग जाती। निस्संदेह, निष्कर्ष यही है कि पैसा पानी की तरह बहाकर तमाम तरह के आडंबरों को आयोजित करने के बजाय विवाह के मर्म को समझना होगा। देशकाल व परिस्थितियों के अनुरूप विवाह पंजीकरण की जरूरत को भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। हमें यह भी स्वीकारना होगा कि 21वीं सदी का भारतीय समाज बदलते वक्त के साथ नई चाल में ढला है। नई पीढ़ी की कामकाजी महिलाएं आज आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं और अपनी शर्तों पर विवाह की परंपराओं को निभाने की बात करती हैं। जिसके चलते विवाह संस्था को लेकर कई अदालतों के फैसले सामने आए हैं, जिनकी तार्किकता को लेकर समाज में बहस चलती रहती है। मसलन कुछ कथित प्रगतिशील लोग कन्यादान व सिंदूर लगाने की अनिवार्यता को लेकर किंतु-परंतु करते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद हमें न्यायालय की चिंताओं पर चिंतन तो करना ही चाहिए। यह सवाल रूढ़िवादिता का नहीं है। बल्कि दुनिया के तमाम धर्मों में सदियों से चली आ रही वैवाहिक परंपराओं का आदर के साथ अनुपालन किया जाता है। यह हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित रीति-रिवाजों का सम्मान करने जैसा ही होता है। जो नया जीवन शुरू करने वाले वर-वधू को एक आशीष जैसा ही होता है।

# चुनाव में सिर्फ हिन्दू जातियों पर चर्चा करने वाले कौन?



हर बार की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है, इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां ( उस संसदीय क्षेत्र में ) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है। पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर मौन ही रहते हैं। उन्हें जातियों के कोढ़ के बारे में सिर्फ हिन्दुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं। जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं। उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे।

अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है,जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इस्लाम जाति के कोढ को ललकारता भी है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्रायः अपने अलग-अलग कब्रिस्तान तो होते ही हैं। शियाओं की अपनी मस्जिदें भी होती हैं। वे अन्य मस्जिदों में नहीं जाते। अपने को मुसलमानों का रहनुमा कहने वाले मुसलमान नेता भी पसमांदा मुसलमानों के मसलों को उठाने की जहमत नहीं दिखाते। मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल बार-बार बताते थे कि उनके पुरखे हिन्दू पंडित थे।



**- आरके सिन्हा**

**स्वयंभू विद्वान अपने को प्रगतिशील साबित करने के लिए हिन्दू धर्म में फैली गड़बड़ियों पर लिखते-बोलते हैं। यह सब करके वे अपने को पूरी तरह से एक्सपोज कर लेते हैं। अगर कोई लेखक बेखौफ होकर ईमानदारी से नहीं लिखता है तो समझ लें कि वह सच्चा लेखक नहीं है। खैर, यह सुखद है कि हिन्दू धर्म में जाति के कोढ़ के खिलाफ अरसे से आवाजें उठती रही हैं। हिन्दू धर्म में जात-पात के खिलाफ बहस चलती रहती है। यही हिन्दू धर्म की शक्ति भी है।**

खैर, अपने को बाबा साहब आंबेडकर का अनुयायी बताने वाले दलित नेताओं को शायद यह मालूम हो कि बाबा साहेब ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए बहुत साफ शब्दों में कहा था, ह्लजाति तो राष्ट्र विरोधी है। ...पर, भारत में जातियों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इनसे समाज बिखरता है। भारत के कई राज्यों में ईसाई बहुमत में हैं और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी ईसाई हैं। पर इसका यह कतई मतलब नहीं है कि वहां जातियां नहीं हैं। ईसाई धर्म अनेक संप्रदायों में बिखरा हुआ है। ईसाई कैथोलिक, सीरियन, ओथोडोक्स, प्रोटेस्टेंट्स और अनेक असंगठित समूहों में फैला है। भारत में ईसाइयों का पहला प्रभावकारी स्वरूप कैथोलिक देश पुर्तगाल से 1498 ई. में पुर्तगालियों के आने से हुआ और ब्रिटिश, मूलतः एंग्लीकन या प्रोटेस्टेंट, का प्रभाव ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन 1757 से हुआ। उपर्युक्त सभी समूह स्वतंत्र हैं, परंतु अधिकांश लोगों द्वारा एक आस्था रखने वाले समूह के रूप में देखे जाते हैं। जब कभी भारतीय ईसाइयों की तरफ देखा जाए तो इन वास्तविकताओं को समझना चाहिए।

भारत में कैथोलिक तथा प्रोटेस्टेंट के बीच की दूरियों को कम करने की कोशिशें चलती रहती हैं। दक्षिण भारत इस बाबत आगे रहा। वहां पर कैथोलिक चर्च तथा प्रोटेस्टेंट चर्च ने प्राकृतिक आपदा के समय मिल-जुलकर काम किया। मसलन केरल में कुछ साल पहले आई बाढ़ और सुनामी के समय दोनों चर्च मिलकर पीड़ितों के पुनर्वास के लिये काम कर रहे थे। यह सुखद पहल है। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच उस तरह की कतई कटुतापूर्ण स्थिति नहीं है जैसी हम मुसलमानों के सुन्नी और शिया संप्रदायों में देखते हैं। वहां पर तो कटुता ना होकर दुश्मनी है। उनमें आपस में हमेशा तलवारें खिंची रहती हैं। इस्लाम के नाम पर बने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में शियाओं की लगातार हत्याएं हो रही हैं। उन्हें दोयम दर्जे का इंसान माना जाता है। अफगानिस्तान में तालिबानियों ने हजारों शिया मुसलमानों का कत्लेआम किया है। ईरान और सऊदी अरब में कुत्ते-बिल्ली वाला बैर का मुख्य कारण यही है कि ईरान शिया और सऊदी सुन्नी मुसलमानों का मुल्क है।

सिख धर्म में जाति का मुद्दा काफी जटिल है। गुरु गोबिंद सिंह ने 13 अप्रैल, 1699 को खालसा की स्थापना के साथ सभी जातिगत असमानता को समाप्त कर दिया था। आस्थावान सिख जातिगत भेदभाव नहीं करते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सभी सिख आवश्यक रूप से अपनी आस्था के अनुसार कार्य करते हैं। नतीजतन, जाति सिख धर्म में मौजूद है, हालांकि शेष भारतीय समाज की तुलना में एक कमजोर रूप में। वैसे सिखों की कुछ प्रमुख जातियों में जाट, अरोड़ा, खत्री, रामगढ़िया, सैनी, छिम्बा आदि हैं। अब बड़ा सवाल वही है कि लोकसभा से लेकर ग्राम पंचायत के चुनावों में जातियों के महत्व पर बात करने वालों को सिर्फ हिन्दुओं की ही जाति क्यों दिखाई देती है। क्या उन्हें अन्य धर्मों में जाति के असर की जानकारी नहीं है या वे अपनी निगाहें सिर्फ हिन्दू धर्म से आगे लेकर ही नहीं जाना चाहते?

इससे साफ है कि बहुत सारे स्वयंभू विद्वान अपने को प्रगतिशील साबित करने के लिए हिन्दू धर्म में फैली गड़बड़ियों पर लिखते-बोलते हैं। यह सब करके वे अपने को पूरी तरह से एक्सपोज कर लेते हैं। अगर कोई लेखक बेखौफ होकर ईमानदारी से नहीं लिखता है तो समझ लें कि वह सच्चा लेखक नहीं है। खैर, यह सुखद है कि हिन्दू धर्म में जाति के कोढ़ के खिलाफ अरसे से आवाजें उठती रही हैं। हिन्दू धर्म में जात-पात के खिलाफ बहस चलती रहती है। यही हिन्दू धर्म की शक्ति भी है।

## खास बात

### बहरा हुआ खुदाय

शमीम शर्मा

कबीर ने बरसों पहले कहा था- ऊपर वाला हर छोटी आवाज के प्रति संवेदनशील होता है, बाह्य आडंबरों के शोर से उस तक अपनी बात पहुंचाने का कोई औचित्य नहीं है। और कबीर की खासियत थी कि हिंदू हो या मुस्लिम, जिसकी गलती देखते थे, उसे ही फटकारते थे। पर अब अगर किसी धर्म विशेष के संबंध में कुछ सही भी बोलो तो भी कट्टरता शब्द के तीर चारों ओर से वार करने लगते हैं। ऊपर वाला किसी आवाज को कितना सुनता है या नहीं, पर इंसान जरूर बहरा हो गया है कि उसे कोई ठीक बात सुनायी ही नहीं देती।

जब इंसान को यह लगा कि उसकी आवाज ऊपर वाले तक नहीं पहुंच रही है तो उसने लाउडस्पीकर लगा लिये होंगे। लाउड स्पीकर की आवाज का तो पता नहीं कितनी दूरी तक पहुंचती है पर लाउडस्पीकर का विवाद गली-गली तक जरूर पहुंच गया है। नेतागण लाउडस्पीकर पर पूरे दमखम से कह रहे हैं कि अब लाउडस्पीकरों की शामत आ चुकी है और लाउडस्पीकर हटवा कर ही दम लेंगे। हमने तो हमेशा भोंपू शब्द ही सुना था पर अब लोग लाउडस्पीकर कहने लग गये हैं। रिक्शा पर भोंपू लगाकर मशहूरी करने का रिवाज था। चुनावी वेला में ये भोंपू नेताओं के गुण गा-गा कर पार्टियों का चुनाव चिह्न रटवाने का काम करते थे। अजान की आवाज हो या भजनों की सुर लहरी, सुबह-सुबह लोगों को उठाने का काम ये ही करते आये हैं पर आज हालात बदल चुके हैं।

लड़ाइयों के कारण हजारों हजार हुआ करते पर उनमें भोंपू कहीं नहीं था। यह भोंपू अब सियासतदानों का प्रिय शब्द हो गया है और मीडिया भी इस पर चटखारे ले रहा है। अब भोंपू पर भी विवाद-फसाद छिड़ गया है। लाउडस्पीकर न हुआ कि हथियार हो गया। ऊपर वाला तो दिलों की धड़कन सुन लेता है फिर लाउडस्पीकर पर कहने से क्या होगा? आदमी के गले में तो लगता है कि इनबिल्ट लाउडस्पीकर हैं। ये बिना चीखे तो बोल ही नहीं सकते। आराम से बात करें तो भी लगता है कि भोंपू बज रहे हैं। मोबाइल का तो साइलेंट मोड संभव है पर वाचालों को साइलेंट मोड में लाने की हिम्मत किसी में नहीं है।

# महान महाराणा

## विचार-प्रवाह

रमेश सर्राफ धमोरा

मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं।

एक ऐसे राजपूत राजा जो जीवन पर्यन्त मुगलों से लड़ते रहे, जिसने जंगलों में रहना पसंद किया, लेकिन कभी विदेशी मुगलों की गुलामी स्वीकार नहीं की थी। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया था।

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था। महाराणा प्रताप अपने भाइयों में सबसे बड़े थे। इसलिए उनको मेवाड़ का उत्तराधिकारी बनाया गया। महाराणा प्रताप के समय में दिल्ली पर अकबर का शासन था और अकबर की नीति हिन्दू राजाओं की शक्ति का उपयोग कर दूसरे हिन्दू राजा को अपने नियन्त्रण में लेने की था। 1567 में जब राजकुमार प्रताप को उत्तराधिकारी बनाया गया उस वक्त उनकी उम्र 27 वर्ष थी।

उस वक्त मुगल सेना ने चितौड़गढ़ को चारों ओर से घेर लिया था। तब महाराणा उदयसिंह मुगलों से लडने के बजाय चितौड़गढ़ छोडकर परिवार सहित गोगुन्दा चले गये। महाराणा प्रतापसिंह फिर से चितौड़गढ़ जाकर मुगलों से सामना करना चाहते थे, लेकिन उनके परिवार ने चितौड़गढ़ जाने से मना कर दिया।

गोगुन्दा में रहते हुए महाराणा उदयसिंह और उसके विश्वासपात्रों ने मेवाड़ की अस्थायी सरकार बना ली थी। 1572 में महाराणा उदय सिंह ने अपने पुत्र प्रताप को महाराणा का खिताब दिया। उसके बाद उनकी मृत्यु हो गयी।


**अकेलेपन का बल पहचान !!**

पूज्य बाबूजी की कविता ! समय और हालात ने भले हम सब को अकेला , असहाय कर दिया हो । लेकिन एक अकेले का अपना भी एक बहु प्रचंड बल होता है । धीरज रखें सब ठीक हो जाएगा

**- अमिताभ बच्चन**

## आपके ट्वीट

पवन मंद सुगन्ध शीतल हेम मन्दिर शोभितम निकट गंगाबहत निर्मल श्रीबद्रीनाथ विश्वम्भरम ॥हिमाच्छादित नर नारायण पर्वत मध्ये मोक्षदा अलकनन्दा तीरे परात्पर-ब्रह्म भगवान श्रीबद्रीनाथ के कपाट खुले ! अनेक शुभकामनाएँ ! **-अवधेशानंदगिरी**





मध्य प्रदेश स्थित दतिया में श्री पीताम्बरा पीठ जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यहां विधि-विधान से पीताम्बरा माई के दर्शन-पूजन और श्री वनखंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर सम्पूर्ण जगत के कल्याण हेतु प्रार्थना की।

**- आदित्यनाथ योगी**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### हक का राशन

**आज** भी कृषि भूमि का एक बड़ा हिस्सा कुछ ही हाथों में सीमित होने से देश की एक बड़ी आबादी खाद्य असुरक्षा से जूझ रही है। इन्हीं परिस्थितियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जीवन स्तर को सुधारने हेतु कम कीमतों पर अनाजों का वितरण किया जा रहा है। सूची से हटवाकर रिकवरी करनी चाहिए।

**-शिवेन्द्र यादव,रांची**

### संकट की हकीकत

**देश** में बिजली संकट को लेकर इन दिनों फिर सियासी मौसम में गर्माहट है। देश के 15 से ज्यादा राज्यों में बिजली की कटौती जोरों पर है, जिसको लेकर हाहाकार मचा हुआ है। ज्यादातर कटौती ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही है। अब इस कटौती को लेकर राजनीति भी शुरू हो गयी है। बिजली आपूर्ति केंद्रों तक कोयला पहुंचाने का काम युद्ध स्तर पर हो रहा है।

**- गौरव दीक्षित,जमशेदपुर**

# क्या -क्या होगा अगर कांग्रेस /यूपीए सत्ता में आ जाये?



**मनोज शर्मा**

कांग्रेस कभी भी इतने लंबे के लिये इतनी कमजोर हताश मायूस होकर विपक्ष में नहीं रही है। पांच सात साल के लिये कभी विपक्ष में रही भी है तो ठसक के साथ रही है ।क्योंकि तब सत्ता में गठबंधन? सरकारें रहीं हैं जो खुद हिलती डुलती आपसी टकराव में रहती थीं और कांग्रेस मजे लेती थी। 1989 में वीपी सिंह के हाथों हार के बाद राजीव गांधी ने कहा भी था कि ये एकाध हार हमारे लिये थोड़ा आराम का वक्त होता है, फिर तो सत्ता हमीं को मिलनी है।

लेकिन 2014 के बाद कांग्रेस को वाकई में हारे दीन हीन विपक्षी होने का अहसास हुआ है।

44 और 55 सीटों पर सिमट जाना।

केंद्र में अकेले बहुमत वाली मजबूत सरकार का होना। उन मसलों पर निर्णायक काम होना जिसे कांग्रेस ने कभी स्वप्न में भी नहीं सोचा था जैसे राम मंदिर, विदेशों में भी आतंकियों शत्रुओं को ठिकाने लगाना, पाकिस्तान पर स्ट्रैटेजिक हमले, पाकिस्तान को अलग थलग कमजोर बनाने में सफलता, तीन तलाक, 370, सीएए, एनारसी जैसे बर्र के छत्ते में हाथ डालना, देश में आतंकवादी घटनाओं पर अंकुश, अब केंद्र का यूसीसी पर भी आगे बढ़ना। यूपी जैसे अराजक माफिया प्रभावी राज्य में लगातार दो बार भगवा सरकार और मुस्लिम माफियाओं का सफाया। ये सब बातें कांग्रेसी और सेकुलर सरकारों की फितरत के खिलाफ जाती हैं।

## सामयिक

अब हम कल्पना करें कि यूपीए नीत कांग्रेस सत्ता में आ जाये जैसे 2004 में हुआ था तो देश में क्या -क्या होगा?

कश्मीर में 370 फिर से बहाल करने का प्रयास होगा,सीएए,एनआरसी खत्म करने प्रयास होगा।

अयोध्या राम मंदिर पर फिर से एक केस होगा और इसे विवादास्पद ढांचा बता दिया जायेगा।

पाकिस्तान तुरंत व्यापारिक रिश्ते बहाल करेगा जिसे उसने कश्मीर में 370 हटाने के विरोध में स्वयं बंद किया था।

कश्मीर में आतंकवाद की नयी फसल फिर से उगेगी । जहां तहां पर्व त्यौहारों में बम विस्फोट होने लगेंगे।

सेना और अर्द्धसैनिक बलों के हाथ बांध दिये जायेंगे।

जेलों में बंद कई दुर्दांत आतंकी अपराधी, भ्रष्टाचारी बाहर आ जायेंगे।

सेकुलरिज्म की आड़ में मुस्लिम तुष्टिकरण चरम पर होगी। कांग्रेस प्रवक्ता अखिलेश सिंह तो कह भी चुके हैं कि कांग्रेस को सत्ता में आने दो। उसके बाद हिंदू भी नमाज पढ़ेंगे।

दस साल से सूखा में रहने वाले प्यासे केंद्रीय मंत्रीगण टूजी, कौमन वेल्थ, कोल गेट जैसे घोटालों को भी पीछे छोड़ देंगे।

देश की सुरक्षा में प्रमाद होगा।

विपक्ष के नेताओं से चुन चुन कर बदला लिया जायेगा। इसका एलान राहुल गांधी कर चुके हैं।

बहुसंख्यकों को रोज आघात पहुंचाया जायेगा और उसमें यूपीए के ही सेकुलर हिंदू नेता शामिल होंगे।

यह फेहरिश्त लंबी है।

अब मैं कोई भविष्यद्रष्टा नहीं हूं पर अतीतदृष्टा तो हम सभी हैं और उसके आधार पर ही यह सब लिखा गया है। यह सब कम तीव्रता में पहले घटित हो चुका है। जैसे...

2004 में बाजपेयी सरकार को धूल चटा कर कांग्रेस ने आते ही यही सब किया, 2009 में यूपीए टू ने तो भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड ही तोड़ दिये और हमारा तत्कालिन प्रधानमंत्री बोला कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों और मुसलमानों का है। उसके पहले मुंबई दिल्ली कश्मीर हर कुछ दिनों पर आतंकी हमलों से दहलता था। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# विश्व का कोई भी देश आत्मनिर्भर नहीं, भारत की कठिनाई और ज्यादा

**टी. एन. नाइनन**

**दुनिया** में कोई अर्थव्यवस्था ऐसी नहीं है जो 'पूरी तरह अपने बलबूते पर हो' और आत्मनिर्भर भारत वास्तव में आत्मनिर्भर नहीं है। नेहरू के दौर में जब आत्मनिर्भरता पर जोर दिया जा रहा था तब उसके चरम दौर में भारत मशीनरी से लेकर पूंजी और तकनीक से लेकर हथियार और यहां तक कि कलम भी आयात कर रहा था। जब स्वदेशीकरण के प्रयास रुके तो आयात पर निर्भरता बढ़ी। तेजस लड़ाकू विमान में जनरल इलेक्ट्रिक का इंजन लगा है जबकि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की वेबसाइट कहती है कि उसके उपग्रहों में 50-55 फीसदी आयातित सामग्री लगती है। देश के नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र आयातित यूरेनियम पर निर्भर हैं। तेल की बात करें तो हम अपनी जरूरत का 85 फीसदी आयात करते हैं।

इसका उत्तर अलग-अलग हो सकता है। एक ओर हरित क्रांति ने देश को अमेरिका के राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन के दबाव से निजात दिलाई जो सन 1960 के दशक में अकाल से जूझ रहे भारत को गेहूं की आपूर्ति करते हुए ऐसा कर रहे थे। तो दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक चिप्स से लेकर सौर ऊर्जा पैनलों तक आत्मनिर्भरता से जुड़ी परियोजनाओं का अर्थ है अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति शृंखलाओं से मजबूत संबंध और घरेलू उत्पादन इकाइयों के लिए खतरा क्योंकि वे आयात पर निर्भर हैं। उदाहरण के लिए पाकिस्तान जेएफ-17 लड़ाकू विमान चीन के साथ साझेदारी में बनाता है। क्या ऐसा करने से पाकिस्तान चीन पर कम या ज्यादा निर्भर हो जाता है? क्या रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को तब भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए जब इसका मतलब आपूर्ति में देरी हो?

## विचार

एक ओर हरित क्रांति ने देश को अमेरिका के राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन के दबाव से निजात दिलाई जो सन 1960 के दशक में अकाल से जूझ रहे भारत को गेहूं की आपूर्ति करते हुए ऐसा कर रहे थे। तो दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक चिप्स से लेकर सौर ऊर्जा पैनलों तक आत्मनिर्भरता से जुड़ी परियोजनाओं का अर्थ है अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति शृंखलाओं से मजबूत संबंध और घरेलू उत्पादन इकाइयों के लिए खतरा क्योंकि वे आयात पर निर्भर हैं।

एक पुरानी कहावत है कैसे एक कील की कमी से एक साम्राज्य गंवा दिया गया। कील को घोड़े की नाल में ठोका जा सकता था और राजा घोड़े पर बैठकर युद्ध में जा सकता था...। कील खोजना आसान है जबकि छोटी इलेक्ट्रॉनिक चिप्स की कमी ने भारी भरकम ऑटोमोटिव सेक्टर को परेशानी में डाल दिया है। कल को कोबाल्ट या लिथियम की कमी से बैटरी उत्पादन प्रभावित हो सकता है। हम खुद को पूरी मूल्य शृंखला के उतार-चढ़ाव से नहीं बचा सकते। व्यापारिक साझेदारों पर निर्भरता आधुनिक अर्थव्यवस्था में आम है। लेकिन अधिकांश उत्पादों में चीन इकलौता आपूर्तिकर्ता नहीं है, हां वह प्रतिस्पर्धी कीमत वाला अवश्य है। वाणिज्यिक व्यापार में भारत उन देशों के साथ अधिशेष की स्थिति में है जो तेल उत्पादन नहीं करते। परिभाषा को व्यापक करके वस्तु एवं सेवा व्यापार को शामिल करें तो देश का चालू खाता घाटा सुरक्षित दायरे में है, विशुद्ध पूंजी की आवक घाटे की भरपाई की जरूरत से अधिक है, भारत ऊर्जा की कमी वाला देश है और हम चीन पर निर्भर हैं। हमारी समस्या वृहद व्यापार की नहीं है ।उस लिहाज से देखें तो विनिर्माण को व्यवहार्य बनाने में जरूर दिक्कत है और घरेलू क्षमताएं विकसित करने की आवश्यकता है।

उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) के पीछे यही तर्क है। यदि पांच वर्ष तक सालाना 50,000 करोड़ रुपये खर्च करके देश में विनिर्माण क्षमताएं तैयार की जा सकें तो यह बहुत छोटी कीमत होगी। खतरा यह है कि स्थानीय मूल्यवर्धन शायद इतना बड़ा न हो कि सब्सिडी को उचित ठहराया जा सके, निर्यात प्रतिस्थापन लॉबी सरकार से विस्तारित अवधि तक सब्सिडी हासिल कर लेगी और संरक्षणवादी शुल्क से व्यापार उदारीकरण की स्थिति उलट जाएगीः इनमें से कुछ खतरे दिखने भी लगे हैं।

# पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं की इस्तीफे के टाइमिंग पर सवाल!

## चुनाव नजदीक आते ही क्यों दिया जा रहा है इस्तीफा

अभय कुमार सिंह

▸▸ हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह बोले जिसको पार्टी ने फर्स से उठा कर अर्श पर पहुंचाया, वह निकला धोखेबाज



**हजारीबाग ।** हजारीबाग लोकसभा के चुनाव में अब 12 दिन शेष है। भाजपा से मनीष जायसवाल को टिकट मिलते ही यह तय हो गया था कि यह चुनाव एनडीए के मनीष जायसवाल बनाम बनाम भाजपा के ही जयंत सिन्हा गुट के साथ होगा। यानी भाजपा बनाम भाजपा। उसके बाद जो तीसरा एंगल होगा उसको जयंत सिन्हा का गुट समर्थन देगा। ये स्वाभाविक भी था क्योंकि जयंत सिन्हा पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रूप में चार लाख वोटो के अंतर से चुनाव जीतकर आये थे। ऐसे में उनका टिकट कटना उनके समर्थकों को पच नहीं रहा था। ऊपर से उनके पिता यशवंत सिन्हा के हजारीबाग लौटने के बाद यहा खूटा गाड़कर सीधे मनीष जायसवाल पर हमलावर होने के बाद ये साफ हो गया था की जयंत सिन्हा के लॉयल समर्थक जो एक समय यशवंत सिन्हा के कार्यकाल में उनके साथ रहे थे, उनके लॉयल थे, वे पलटी मार देंगे। बस टाइमिंग की बात थी की आखिर कब और क्या बोलकर ये समर्थक पार्टी को छोड़ेंगे। चुनाव में मात्र 12 दिन शेष है और अब जिसकी उम्मीद थी वो धरातल पर दिखने लगी है। पिछले दो दिनों में यशवंत सिन्हा और जयंत सिन्हा के लॉयल समर्थक एक-एक कर पार्टी छोड़ रहे है। सबके पार्टी छोड़ने के पैटर्न पर गौर करेंगे तो एक ही है। अचानक इन सब लोगो के सम्मान को ठेस लग रही है और इन्हे पार्टी से उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। हजारीबाग के 50 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओंएवं नेताओं ने अब तक भाजपा से त्यागपत्र दे दिया है। इधर इस मामले पर भाजपा ने एक प्रेस वार्ता किया। जिसमें कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाकर भाजपा छुड़वाने का पूरा श्रेय यशवंत सिन्हा पर डाला गया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने बताया कि यशवंत सिन्हा के द्वारा दबाव बनाकर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को भाजपा से त्यागपत्र दिलवाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कई भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता जो त्यागपत्र दे चुके हैं वह फिर से भाजपा में शामिल होंगे।

यशवंत सिन्हा पर तंज कसते हुए कहा की जिसको भाजपा ने फर्स से उठा कर अर्श पर ले गया वह जब भाजपा का नहीं वो सका तो दूसरे पार्टी का क्या हो सकता है। लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत ने कहा कि भाजपा एक कैडर वेस आधारित पाटी है इसी के बदौलत लोकसभा में भाजपा सांसदों की संख्या 2 से बढ़कर 303 हो गया है। जयंत सिंहा के टिकट कटने से लोग दुखी होते तो तुरंत लोग इस्तीफा दे देते। परंतु दो महीना के बाद सोची समझी साजिश के तहत लोगों द्वारा इस्तीफा दिलाया जा रहा है। लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप ने कहा कि चाहे कोई भी कितनी शक्ति लगा ले भाजपा को हजारीबाग में, कोई तोड नहीं सकता है। मैं ,भी यशवंत सिंहा का बहुत करीबी था परंतु पार्टी की अस्मिता पर आंच आने पर कोई समझौता नहीं कर सकता।

प्रेस वार्ता में भाजपा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, लोकसभा प्रभारी शशी भूषण भगत एवं लोक सभा संयोजक टुन्नू गोप द्वारा संबोधन किया गया। प्रेस वार्ता में लोकसभा चुनाव एजेंट विनोद झुनझुनवाला, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी अनिल महतो टाइगर ,जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद, लोक सभा कार्यालय प्रभारी विजय वर्मा एवं मनोज गिरी उपस्थित थे।

### क्या है मामला

इस सारे मामले की बस एक ही वजह है। वो है मनीष जायसवाल को टिकट मिलना। जबसे मनीष जायसवाल को भाजपा ने जयंत सिन्हा का टिकट काटकर दिया है। उस वक़्त से ही जयंत सिन्हा के समर्थक इस बात को पचा नहीं पा रहे है। जब तक जयंत हजारीबाग के सांसद रहे पिता यशवंत सिन्हा ने कभी हजारीबाग के मुद्दे पर मुंह नहीं खोला। वे मोदी पर आक्रमण करते रहे लेकिन हजारीबाग लोकसभा में क्या कमी रह गयी उसपर कभी नहीं कहा। पानी, बिजली, स्वाथ्य जैसी मूलभूत समस्याओं पर खामोश रहे। सर्वज्ञात है की इंडि गठबंधन से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के जय प्रकाश भाई पटेल को उनका पूर्ण आशीर्वाद है। उन्ही के बल पर आज जयप्रकाश भाई ताल ठोक रहे हैं और पूछने पर कहते हैं की मैदान साफ है। जीत हो गयी है बस औपचारिकताये बाकी है। भाजपा से अब तक सांसद प्रतिनिधि प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह, प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद्र भौमिक, सुमन कुमार सिंह , विपिन सिंहा एवं पार्टी पदाधिकारी राजेश सहाय जिला उपाध्यक्ष , प्रियम वादा, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने इस्तीफा दिया है।

## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा में पटेल की जनसभा आज



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने को लेकर बुधवार शाम पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में रिभर साईड भुरकुंडा स्थित कांग्रेस कार्यालय में कोयलांचल के ट्रेड यूनियनो की बैठक हुई। बैठक में 10 मई को रिभर साईड में कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में ट्रेड यूनियनों की सभा की सफलता को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने के लिए लोगों को गोलबंद करने की बात कही। केंद्र की भाजपा सरकार कोल इंडिया सहित अन्य उद्योगों को निजीकरण की ओर ले जाने की साजिश कर रही है। कोल इंडिया के अस्तित्व को बचाने के लिए भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। तभी कोल इंडिया और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को बचाया जा सकता है। कहा कि 10 मई की सभा ऐतिहासिक होगी। इसमें गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया सहित ट्रेड यूनियन के वरिष्ठ नेता मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।

### सीसीएल के सीएमडी से मिले प्रवीण शर्मा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में रिभर साईड भुरकुंडा निवासी रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने गुरूवार को सीसीएल के नये सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह से मुख्यालय रांची में मुलाकात की। इस दौरान प्रवीण शर्मा ने सीएमडी को बुके देकर जोरदार स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि नये सीएमडी के नेतृत्व में सीसीएल उत्पादन में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि नये सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह पर्व से सीसीएल से पूरी तरह अवगत हैं, इसका लाभ कंपनी को मिलेगा। वहीं सीएमडी ने कहा कि सबों का सहयोग मिला तो निश्चित रूप से कोयला उत्पादन में नया कीर्तिमान रचा जायेगा।

### कल सिमरिया जायेंगे भाजपा कार्यकर्ता



**कुजू।** भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक गुरूवार को मांडू एनडीए में हुई। बैठक में मांडू विधानसभा के संयोजक रंजीत कुमार सिन्हा सह संयोजक प्रो खिरोधर साहू, रामगढ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ,मांडू मंडल प्रभारी बलराम महतो, मांडू मंडल के संयोजक मननु महतो शामिल हुए। 11 मई को चतरा के सिमरिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह व संचालन महामंत्री अशोक कुमार महतो तथा धन्यवाद ज्ञापन युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि साहू ने किया।

### विष्णुगढ़ में भाजपा का पथ सभा

विष्णुगढ़। हजारीबाग लोकसभा चुनाव के लिए विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल भाजपा चुनावी कार्यालय में किशोर कुमार मंडल की अध्यक्षता में विष्णुगढ़ शक्तिकेन्द्र(पंचायत) एवं चेडरा शक्तिकेन्द्र(पंचायत) के शक्तिकेंद्र संयोजक,सह-संयोजक एवं कार्यकताओं संग पथसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विष्णुगढ़ शक्तिकेन्द्र के मुख्य वक्ता के रूप में मंडल मंत्री निर्मल कुमार तथा चेडरा शक्तिकेन्द्र में मुख्य वक्ता के रूप में साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम का संचालन मंडल मंत्री राजेश सोनी ने किया। दोनो वक्ताओं ने कार्यक्रम के दौरान पथसभा के कार्य की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार ने आम-जन के जीवन मे सुधार के लिए कई कदम उठाएं है,अब हमें 400 सौ पार कराकर तीसरी बार फिर से चुनकर भेजना है। इसके लिए हमे बूथ की बारीकियों को समझते हुए अपने पक्ष में अधिक-अधिक मतदान कराना है। बूथ पदाधिकारियो को अपनी टीम और पन्ना प्रमुखों से संपर्क कर उन्हें उनकी जिम्मेदारी बतानी है, ताकि कोई भी वोटर हमसे छुटे नही। पन्ना प्रमुख अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए एक पन्ने में करीब 60 वोटर होते है,जिसे आम भाषा मे कह सकते 12 परिवार,बस एक पन्ना प्रमुख को 12 परिवार से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान को प्रेरित करना है।भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता इस बात को समझ जाएं तो भाजपा की जीत ऐतिहासिक होगी।कार्यक्रम का समापन मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। मौके पर मुख्य रूप से पश्चिमी मंडल संयोजक शम्भूनाथ पाण्डेय,भाजयुमों प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार महतो,महामंत्री सुनील कुमार बर्मा,महिला मोर्चा जिला मंत्री रीना बर्मन,जिला अल्पसंख्यक मोर्चा मंत्री शेख मेराज,महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी,महामंत्री गायत्री देवी,संगीत देवी,मंत्री गौतम भारती,प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा,जीवन सोनी,महेश पाण्डेय,गणेश पासवान,विकास रविदास,सुरेश साव,नीतीशबरनवाल, कुन्दन शर्मा,संतोष शर्मा,अनुज मिश्रा, अनूप कसेरा,रंजन मोहन लाल,शनि कसेरा,सुनील कसेरा,विवेक सोनी,छोटू प्रसाद, मंजीत सिंह, धीरज सोनी,बबलू सोनी,रंजीत सोनी,लखन प्रसाद,संजय लहेरी, पीयूष सिन्हा समेत कॉफीसंख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नमो को पीएम बनाने को जनता आतुर : जायसवाल

## भाजपा प्रत्याशी ने बरही के 20 गांवों में मांगा वोट

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने 67 दिनों से प्रचंड गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच चुनावी जनसंपर्क के बाद गुरुवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के तुफानी दौरे के दौरान जब अचानक मौसम ने करवट लिया और मूसलाधार बारिश शुरू हुई तो मनीष जायसवाल ने राहत की सांस ली। उनके साथ चल रहें कार्यकर्ताओं में भी बेहद उत्साह दिखा और खुशनुमा मौसम के बीच झमाझम बारिश के बीच भी जायसवाल जनसंपर्क करते दिखे। जायसवाल के स्वागत में भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और ग्रामीणों ने नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, बाबूलाल मरांडी और मनीष जायसवाल जिंदाबाद के नारे के साथ अबकी बार 400 पार के नारे खूब बुलंद किए और जायसवाल को भारी मतों से जीताकर सांसद बनाकर दिल्ली भेजने का संकल्प लिया। भाजपा प्रत्याशी ने गुरुवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के 11 पंचायत के 20 गांवों के जनता से सीधा संवाद किया। उन्होंने अपने दौरे की शुरूआत रानीचुवां पंचायत के ग्राम चलंगा से जनसंवाद कर किया। जिसके बाद चतरो, बरियाट्ठा, श्रीनगर, बरसोत, कोरियाडीह, दुलमाहा, लखना, बूढ़ीडीह, सिंहपुर, कारीमाटी, पडिरमा, डूमरडीह, बरहीडीह, लस्करी, फुरहारा, बेन्दगी, रसोईया धमना, पौडैया और बरही चौक का दौरा कर आशीर्वाद मांगा। इस दौरान सभी गांवों में लोगों ने जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव का गाजे-बाजे और ढोल-ताशे के साथ फूल माला पहनाकर जबरदस्त स्वागत किया। जायसवाल ने कहा कि पिछले करीब 2 महीने में मैंने बतौर प्रत्याशी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 1200 से अधिक गांव से संपर्क साधा है। पूरा क्षेत्र भाजपामय है और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने को लेकर जनता आतुर दिख रही है। उन्होंने लोगों को यह भी समझाया कि आगामी चुनाव में आप वोट किसे और क्यों दें। इस पर विचार रखते हुए उन्होंने कांग्रेस के करीब 72 साल की नाकामी और भाजपा के करीब 15 साल के जनकल्याणकारी कार्यों को विस्तार से जनता को बताया। मनीष जायसवाल ने लोगों से आग्रह किया कि सोच समझकर राष्ट्र और अपने भविष्य की चिंता करते हुए 20 मई को पहले मतदान फिर जलपान करें। बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि जायसवाल उम्मीदवार नहीं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के परिवार हैं और अपने परिवार का सांसद बनाएं ताकि अपनों का ख्याल बेहतरी से रख सकें। जायसवाल ने 10 साल में हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र को विकास के पायदान में ऊंचा उठाया है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, हजारीबाग जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप,आकाश जायसवाल, मुन्ना यादव, मुकेश कुमार, छोटन गोप, सुभाष यादव, सुधीर यादव, लालजी यादव, भीम यादव, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### चौपारण में बस से 25 मवेशी बरामद

**चौपारण।** पशु तस्करों के विरुद्ध चौपारण थाना प्रभारी दीपक सिंह लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। बुधवार रात्रि को तस्कर यात्री बस से सीट हटाकर मवेशियों को तस्करी के लिए बंगाल ले जा रहे थे। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक बस से मवेशियों की तस्करी की जा रही है। देर रात्रि चोरदाहा चेकपोस्ट पर बीआर 02 एम 6786 यात्री बस को रुकने का इशारा किया गया। इस दौरान बस चालक बैरिकेट तोड़कर वाहन भगाने लगा। पुलिस बल वाहन का पीछा करने लगे। तभी चालक ने घाटी के पास अपना गाड़ी खड़ा कर जंगल का लाभ उठाकर भाग गया। वाहन जांच के क्रम में पता चला कि बस के अंदर का सारा सीट हटाकर उसमें क्षमता से अधिक क्रूरता पूर्वक गौवंशीय पशुओं का पैर एवं मूंह बांधकर कुल 25 गौवंशीय पशुओं को बस के अंदर जबरण ठूंस-ठूंस कर लोड किया हुआ है। पशुओं के गर्दन एवं नाक से खून बह रहा था। जिसमें से एक जानवर मृत पाया गया। इस संदर्भ में चौपारण थाना में मामला दर्ज किया गया है। अभियान में पुअनि निलेश कुमार रंजन, सअनि बादल कुमार महतो और चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## महुआ टोला में बहू से दुष्कर्म के आरोप में ससुर गिरफ्तार



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत महुआटोला गांव में ससुर द्वारा बहु के साथ दुष्कर्म करने का मामला उजागर हुआ है। जानकारी के अनुसार महुआटोला निवासी 52 वर्षीय निजाम अंसारी पिता स्व. क्यूम अंसारी ने बुधवार दोपहर बहू को घर में अकेला पाकर जोर-जबरदस्ती करते हुए दुष्कर्म किया। निजाम की पत्नी का हाल में ही निधन हुआ है। बताया जाता है कि निजाम के दोनों बेटे बुधवार की सुबह फैक्ट्री में कार्य करने गये हुए थे। पिता निजाम अंसारी उसी फैक्ट्री से नाइट शिफ्ट में कार्य करके घर लौटा था। बुधवार की दोपहर बड़े बेटे की पत्नी को घर में अकेला पाकर निजाम ने रिश्तों को शर्मसार किया है। पति के कार्य करके घर लौटने पर पत्नी ने उसे सारी बातें बताई। इसके बाद पीड़िता पति के साथ भदानीनगर ओपी पहुंच आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले में पतरातू थाना कांड संख्या 124/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को बुधवार की रात ही फैक्ट्री से गिरफ्तार कर लिया।

## रामगढ़ में एनडीए का कार्यालय खुला



**रामगढ़ ।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव को लेकर गुरूवार को होटल ला मेरिटल में एनडीए का चुनावी कार्यालय खुला। इसका उद्घाटन रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी और भाजपा के हजारीबाग लोकसभा प्रभारी शशिभूषण भगत ने संयुक्त रूप से किया। चौधरी और भगत ने हजारीबाग लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया। सुनीता चौधरी ने कहा कि एनडीए कार्यककर्ता मनीष जायसवाल की जीत सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार के कार्यों, उपलब्धियों और नीति और सिद्धांतों की जानकारी देने का आह्वान किया । कार्यक्रम का संचालन रंजीत पांडेय ने किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी अनिल टाइगर, हजारीबाग विधानसभा प्रभारी प्रो. संजय सिंह, खिरोधर प्रसाद साहू, विजय जायसवाल, करण जायसवाल, सरदार अनमोल सिंह, सूर्यवंश श्रीवास्तव. राजीव पामदत्त, नमेंद्र चंचल, ब्रजेश पाठक, रंजन फौजी, भीमसेन चौहान, ऋषिकेश सिंह, मिथिलेश मंडल, संतराज पासवान, विनोद कुमार, प्रवीण कुमार सोनू, अरूण कुमार राय, सहदेव ठाकुर, राजेश ठाकुर, शिवकुमार गुप्ता, सुबोध सिंह, विभन सिंह, नीरज मंडल, महेश चौधरी, जगदीश शर्मा, अरविंद सिंह, अरूण अग्रवाल, विनोद कुमार वरूण सिंह आदि उपस्थित थे।

# जगतार सिंह व संतन सिंह ने भाजपा से दिया इस्तीफा

खबर मन्त्र संवाददाता





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा में पार्टी की उपेक्षा से भाजपा नेताओं का इस्तीफी देने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में गुरूवार को भी जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी दो भाजपा नेताओं ने अपने पद व पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

लंबे समय से जुड़े जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सह भुरकुंडा मंडल उपाध्यक्ष जगतार सिंह व किसान मोर्चा के भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष संतन सिंह ने भाजपा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता को त्याग-पत्र सौंपा है। जगतार सिंह व संतन सिंह ने कहा कि बुड़े ही दुखी मन से भाजपा की प्राथमिक सदस्यता एवं अपने पद से त्याग पत्र दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि निष्ठावान समर्पित भाजपा का सच्चा सिपाही बन कर पार्टी द्वारा दी गई कई बड़ी जिम्मेवारियों का निर्वाह किया हूं। इसलिए पार्टी ने हमें हमेशा बड़ी जिम्मेवारियां दी है, लेकिन वर्तमान समय में निष्ठावान कार्यकर्त्ता की अनदेखी एवं मान-सम्मान ना मिलने पर पार्टी में घुटन महसुस कर रहे थें। हमने अपने जीवन का लम्बा समय भाजपा पार्टी को दिया और कई चुनावों में पार्टी के प्रत्यासियों को जिताने में अपनी जिम्मेवारी निभाई है। लेकिन आज हमदोनों दुखी होकर पार्टी की प्रथामिक सदस्यता एवं अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष अपनी मंजुरी दे कर हमारा त्याग पत्र मंजूर करें। पत्र की प्रतिलिपि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा को भी प्रेषित की है।

### बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मुकेश पांडेय इंडिया गठबंधन को करेंगे सहयोग



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ठेकेदारी कंपाउंड भुरकुंडा निवासी सह बजरंग दल के पूर्व रामगढ़ जिला संयोजक मुकेश पाण्डेय ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं साधारण कार्यकर्ता हूं, और मेरा भी घर परिवार है। जिस समय मेरा घर परिवार मुसीबत में था, उस समय कोई भी संगठन हमारी मदद के लिए आगे नहीं आया। लेकिन पूर्व मंत्री यशवंत सिन्हा हमारी मदद के लिए आगे आए। हालांकि आज भी हमारी समस्या का निदान नहीं हो पाया है। लेकिन जो हमारे संघर्ष में शामिल हुए आज उनके संघर्ष के समय मैं उन्हें अकेला नहीं छोड़ सकता। मैं अपने सभी शुभचिंतकों के साथ उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके मिशन को पूरा करने में पूरा सहयोग करूंगा। श्री पांडेय ने कहा की मैं अपने सहयोगी कार्यकताओं के साथ यशवंत सिन्हा के साथ मिलकर इस चुनावी सफर में इंडिया महागठबंधन को पूरा सहयोग करेंगे।

## एक नजर में

### पदमा : मां विंध्यवासिनी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में छात्र-सदन का पुर्नगठन



**पदमा।** कर्मटांड में स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज एजुकेशन महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति में छात्र - सदन का वार्षिक पुनर्गठन संपन्न हुआ। चुनाव के बाद सोनू कुमार मेहता प्रधानमंत्री तथा उप प्रधानमंत्री पद पर माला कुमारी चयनित हुई। अमित कुमार और आशीष रवानी संचार एवं संपर्क मंत्री, गिरेंद्र कुमार और अनीता कुमारी का सांस्कृतिक मंत्री, मोहित गिरी और प्रेरणा कुमारी का खेलकूद मंत्री, अक्षय कुमार महतो और मनीष कुमार पासवान का पर्यावरण एवं स्वच्छता मंत्री, प्रिया कुमारी और रेणु कुमारी का स्वास्थ्य मंत्री तथा उज्जवल कुमार और नीतू कुमारी वर्ग - प्रतिनिधि के रूप में चुने गए। मौके पर उपस्थित संस्था अध्यक्ष अनूप कुमार मेहता ने कहा कि महाविद्यालय के प्रत्येक गतिविधि में प्रशिक्षुओं की सहभागिता लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रदर्शित करता है। निदेशक रवि प्रकाश ने चुने हुए छात्र प्रतिनिधियों को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉक्टर चेतलाल प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### पूर्व मंडल अध्यक्ष हरि गुप्ता कांग्रेस में शामिल



**बरही।** कांग्रेस के विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हरि गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, बरही विधायक उमाशंकर अकेला व कांग्रेस एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। जेपी पटेल ने कहा कि भाजपा में कार्यकताओं को सम्मान नही मिलने पर कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे है। पार्टी में सभी जाति धर्म के लोगों को बराबर सम्मान मिलता है। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि हरि गुप्ता जैसे निष्ठावान कार्यकर्ता की जगह कांग्रेस पार्टी में है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बदलाव की बयार बह चुकी है बस कार्यकर्ताओं को ऊर्जा देने की जरूरत है। मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, राजेन्द्र स्वर्णकार सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

### सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप सिंह का निधन

बरही। बुधवार देर रात को बरही खोड़ाहर निवासी कुलदीप सिंह का निधन हो गया। उनके निधन से गांव में शोक की लहर है। स्थानीय लोग बताते हैं कि कुलदीप सिंह ने जीवन काल में काफी जंगल बचाया और गांव में पेड़ पौधे लगाया। कुलदीप सिंह बड़े हंसमुख व मृदुल व्यवहार के लिए जाने जाते थे। लोग बताते है कि वह हमेशा कहा करते थे कि वह अंग्रेज जमाने के सरपंच हैं। उनकी सादगी, विनम्रता और परोपकारी भावना के कारण वे सभी के बीच अत्यंत लोकप्रिय थे। कुलदीप सिंह अपने पीछे दो बेटी समेत भरा पूरा परिवार छोड़कर चल बसे। गुरुवार को खोड़ाहर शमशान घाट में उनके भतीजा प्रदीप सिंह ने मुखाग्नि दी। सूचना पाकर हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल, पूर्व विधायक मनोज यादव, झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, रंजीत चंद्रवंशी, प्रमुख मनोज रजक, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि देवनंदन यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, पप्पू चंद्रवंशी, विजय वर्मा, परमेश्वर यादव समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

### दारु में झारखंड पार्टी चुनावी कार्यालय खुला



**दारु।** झारखंड पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन गुरुवार को पार्टी प्रत्याशी राजकुमार उर्फ बबलू कुशवाहा, जिला अध्यक्ष सूरज कुमार,भैया संतोष कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उद्घाटन से पहले राजकुमार कुशवाहा का कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने गर्मजोशी के फूलमाला पहना कर भव्य स्वागत किया।कुशवाहा ने कार्यकताओं और ग्रामीणों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आज हम जैसे युवा पीढ़ी को आगे आने की जरूरत है तभी देश का विकास हो सकता है । 10 वर्षों में हजारीबाग क्षेत्र का कोई भी विकास का कार्य नही हुआ है सिर्फ विकास के नाम पर ठगने का काम किया गया है। मौके पर सरवन सुंडी, निरंजन यादव,भैया सुमित सिन्हा हीरालाल साव,राकेश सिन्हा, नरेश शर्मा , छोटन शर्मा, संजय यादव , प्रमोद पासवान, निहाल सिंह, मनोज शर्मा, उपेंद्र पासवान, मनोज रवानी, दिनेश पासवान,विकाश कश्यप प्रभाकर सिन्हा, सोनू सिन्हा,नंदू ठाकुर,राजेश राणा, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा ने चलाया जनसंपर्क

**बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष डॉ बालेश्वर महतो,महामंत्री महेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा के साढ़,शिबाडीह, सोनपुरा,महुदी, सदाबहिया, पलांडू,चेलनदाग, बरसोपानी, गुरुचट्टी,कांडतरी, मिर्जापुर,खैरातरीऔर बड़कागांव चौक में जनसंपर्क चला कर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में वोट मांगा। चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आज तक के भारत के इतिहास में और विश्व में सबसे ज्यादा लोकप्रिय सरकार है मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीब ,शोषित, वंचित,दलित, पीड़ित,पिछड़ा वर्ग एवं आदिवासियों के उत्थान के प्रति समर्पित सरकार है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पीएम सूर्योदय योजना की घोषणा 22 जनवरी को की गई है। मौके पर ओबीसी मंडल अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार, कृष्णा साव, पूर्व मुखिया कार्तिक महतो व भीखन महतो , मंडल अध्यक्ष आदित्य प्रसाद सोनी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### पीएम मोदी के आगमन से पहले हेलीकॉप्टर की ट्रायल लैंडिंग, तैयारियां पूरी



**चतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 मई को चतरा के सिमरिया में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। यह सभा मुरवे मैदान में आयोजित होगी और इसमें हजारीबाग और चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोग शामिल होंगे।पीएम मोदी इस सभा के माध्यम से मतदाताओं से भाजपा को वोट देने का आग्रह करेंगे। उनके कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के कई बड़े नेता भी शामिल होंगे, जिनमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और लोक सभा प्रभारी आदित्य साव शामिल हैं। मालूम हो कि चतरा लोक सभा का चुनाव पांचवें चरण में है और यहां 20 मई को वोट डाले जाएंगे। इस चुनाव में 22 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह भी शामिल हैं। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए ही पीएम मोदी का यह कार्यक्रम रखा गया है।

### बज्रपात की चपेट में आने से मवेशियों की मौत



**कुंदा चतरा।** भीषण गर्मी के बीच बुधवार रात अचानक मौसम में बदलाव आया और तेज आंधी तूफान के साथ भारी बारिश हुई। बारिश के दौरान हुई बज्रपात से थाना क्षेत्र के हरदियाटांड़ गांव में चपटू गंझू के पाँच मवेशियों की मौत हो गई। सभी मवेशी जंगल से चर कर घर के समीप पेड़ के पास बैठे थे, तभी अचानक तेज आंधी और बारिश से हुई बज्रपात की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मवेशी मालिक को गुरुवार सुबह मिली। घटना की सूचना मिलते ही सिकीदाग पंचायत समिति सदस्य दिव्या भोक्ता और मुखिया अनिता कुमारी ने घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली और मुआवजा दिलाने की बात कही है।

### अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसने को लेकर अभियान जारी, 76 मामले दर्ज

**चतरा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता 16 मार्च 2024 से लागू होने के बाद से, चतरा जिले में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए प्रतिदिन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। 16 मार्च 2024 से अब तक कुल 76 मामले दर्ज किए गए हैं और 584 लीटर विदेशी शराब, 757.20 लीटर बीयर, 1876 लीटर अवैध चुलाई शराब, 24570 किलोग्राम जावा महुआ और 10 लीटर सुषव जब्त किया गया है। जिले में अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा। इसके अलावा, चतरा जिले में खुदरा उत्पाद दुकानों में शराब की बिक्री एमआरपी से अधिक मूल्य पर किए जाने की शिकायत उत्पाद पदाधिकारियों के व्हाट्सएप मोबाइल नंबर 8298078700, 7979099323, 8292321719 पर दर्ज की जा सकती हैं दर्ज की जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी।

### एकल अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत ठाकुरबाड़ी में एकल अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व किरण देवी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित के साथ हुई, जिसमें मुख्य अतिथि गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी और पहरा पंचायत पूर्व मुखिया सरिता देवी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में धर्म की रक्षा और परिवर्तन ना करने पर विशेष चर्चा की गई, साथ ही लोगों को संस्कार युक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा, लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में सच अंचल अध्यक्ष महेंद्र राम, प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर दांगी, कोषाध्यक्ष निरंजन प्रजापति, संरक्षक नंदलाल केसरी, प्रमुख भरत सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### अजय शुक्ला ने पूर्वी नॉर्थ करनपुरा परियोजना के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला



**टंडवा (चतरा)।** अजय कुमार शुक्ला ने पूर्वी नॉर्थ करनपुरा परियोजना के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला है। उन्होंने पूर्व में नॉर्थ करनपुरा में मुख्य महाप्रबंधक (ओ और एम) के रूप में कार्य किया है। सीजीएम (ओ और एम) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान शुक्ला ने परियोजना की कार्यान्वयन क्षमता को बढ़ाने और उच्च प्रदर्शन के मानकों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व का विशेषता से विचारशील दृष्टिकोण और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता रही, जिससे परियोजना को सफलता की दिशा में आगे बढ़ाया गया। शुक्ला ने इस नए कार्यक्षेत्र के लिए आभार व्यक्त किया और नवाचार के मूल्यों को बनाए रखने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि की।

### पोस्टल बैलेट के माध्यम से 202 मतदाताओं ने किया मतदान



**चतरा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान की तिथि पर इलेक्शन ड्यूटी में तैनात मतदान पदाधिकारी व कर्मी और आवश्यक सेवाओं में कार्यरत कर्मी, जिनकी प्रतिनियुक्ति चुनाव की तिथि में होगी, उनके लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जा रहा है। इसके लिए सुविधा केन्द्र और पीभीसी केन्द्रों का गठन किया गया है। मतदाताओं के लिए 9 से 10 मई तक सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू के लिए निवार्ची पदाधिकारी का कार्यालय, 4-चतरा में और 10 से 15 मई तक चतरा, कोडरमा, और हजारीबाग के लिए उपेन्द्र नाथ इंटर कॉलेज चतरा में मतदान कराया जाएगा। आवश्यक सेवा के मतदाताओं के लिए पीभीसी केन्द्र गठित किए गए हैं, जहाँ 9 से 10 मई तक सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू के लिए निवार्ची पदाधिकारी का कार्यालय, 4-चतरा में और 14 से 16 मई तक चतरा, कोडरमा, और हजारीबाग के लिए निवार्ची पदाधिकारी का कार्यालय, 4 चतरा पीभीसी केन्द्र में मतदान कराया जाएगा।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कोडरमा के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

# वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था

▶▶ सभी मतदाताओं से अपील, शत् प्रतिशत मतदान के बने भागीदार : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न तरह के प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में अब चुनाव आयोग मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए विशेष सुविधाएं उपलब कराएगा। ऐसे मतदाता जो मतदान केंद्र आने में असमर्थ हैं, उनके लिए होम वोटिंग कराने की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। सिर्फ यहां तक ही नहीं दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए ऑटो-टोटो की व्यवस्था की गई है।

#### दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर भी उपलब्ध

मतदाताओं को मतदान केंद्रों में परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए मतदाताओं के निबांन, मतदान केंद्रों में व्हील चेयर, बैठने के लिए कुर्सीयां की व्यवस्था है। मतदाताओं को इस गर्मी की चिलचिलाती धूप में खड़े न रहना पड़े इसके लिए शेड की व्यवस्था की गई है। उक्त जानकारी झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के.रवि कुमार ने दी।

#### गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश

उन्होंने पिछले चुनाव में कम मतदान वाले कोडरमा के मतदान केन्द्रों पर जाकर निर्वाचन कार्य कर रहे बीएलो से मतदान केन्द्र की न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी ली। वहीं के. रवि ने बीएलओ द्वारा की गई तैयारियों एवं भरे गये विभिन्न प्रपत्रों, अब्सेंट, मृत (एएसडी) सूची, शिफ्ट, मतदान केन्द्र जागरूकता समूह और वालेंटियर से संबंधित सूची का अवलोकन किया। वोटर इन्फॉरमेशन स्लिप के वितरण की अद्यतन स्थिति को जाना और इस कार्य में गति लाकर शीघ्र वितरण सुनिश्चत कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने वालेंटियर एवं मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के सदस्यों से बातचीत कर मतदान के दिन उनके दायित्वों के संबंध में जाना। उन्होंने वालेंटियर को ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन की सीख दी और निर्देशित किया कि वे दिव्यांग, वरिष्ठ, गर्भवती महिला एवं अन्य मतदाताओं को मतदान के दिन सहयोग करें, इससे मतदान प्रक्रिया में सुगमता आएगी।

#### शौचालय की व्यवस्था ठीक कराने का दिया निर्देश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदान कक्ष का निरीक्षण कर वहां पंखा एवं लाइट की सुविधा के साथ मतदान पदाधिकारी एवं पोलिंग एजेंट को बैठाने की तैयारी को जाना। उन्होंने मतदाताओं एवं पोलिंग पार्टी के लिए शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य न्यूनतम सुविधाओं का भी जायजा लिया, साथ ही शौचालय में रनिंग वाटर कनेक्शन की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, एमसीएमसी कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार आदि मौजूद थे।

### पेड़ गिरने से पत्नी की मौत, पति व बच्चा घायल



**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कटहाडीह पुल के समीप मोटरसाइकिल पर पेड़ के गिर जाने से महिला की मौत हो गयी। वहीं पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार सुबह 6 बजे की है। वहीं मृतका की पहचान 48 वर्षीय दुलारी देवी के रूप में हुई है। वहीं महिला का पति 52 वर्षीय टेकलाल राम रजक पिता केलाराम रजक ग्राम मोदी मोहल्ला जयनगर निवासी घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बाइक में दोनों अपने पुत्र सचिन रजक के साथ सवार होकर चंदवारा से जयनगर घर जा रहे थे तभी कटहाडीह के पास अचानक एक पेड़ बाइक पर बैठी महिला के ऊपर गिर गया। घटना में महिला और पति गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही महिला की मौत हो गई एवं घायल पति का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## गांव से लेकर पंचायत में बदलाव की लहर : रामधन यादव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** गांव से लेकर पंचायत में बदलाव की लहर है, स्थानीय सांसद के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर है। इसबार कोडरमा विधानसभा की जनता ने भाजपा को हर बूथ पर हराने के लिए कमर कस चुकी है। कोडरमा ब्लॉक के 18 पंचायतों में जनता विकास योजनाओं को ढूंढ रही, लेकिन विकास भाजपा का चश्मा पहनने वालों को भी नही दिख रही है। उक्त बातें राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने राष्ट्रीय जनता दल की कोडरमा ब्लॉक की पंचायत स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कही। झुमरीतिलैया में गुरुवार को विशुनपुर रोड स्थित चतरा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के आवास पर कोडरमा ब्लॉक के राजद पंचायत अध्यक्षों की बैठक प्रखंड अध्यक्ष राम बचन यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन मो. मुबारक ने किया। वहीं श्री यादव ने कहा कि कोडरमा विधानसभा में इंडिया गठबंधन हर बूथ पर राजद कार्यकर्ता के मेहनत के बलबूते ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस, जेएमएम, भाकपा माले, सीपीआई-सीपीएम, आम आदमी पार्टी और प्रगतिशील संगठन के कार्यकर्ता सामंजस्य बनाकर चुनाव प्रचार में जुटे है। कार्यकर्ताओं और जनता की एकजुटता देखकर भाजपा नकारात्मक प्रचार का सहारा ले रही है। यह उनकी राजनीतिक मनोभाव को प्रदर्शित कर रही है, क्योकि भाजपा को हार का डर सताने लगी है। बैठक को अशोक वर्मा, दिनेश रविदास, कन्हाय यादव, महेंद्र यादव, कंचन प्रसाद, रघुनाथ दास, विजय यादव, महेश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि कोडरमा में भाजपा ने गरीबों के पेट पर लात मारी है, ढिबरा, पत्थर, क्रशर व्यवसाय को चौपट कर दिया। जनता गरीब हो गयी, लेकिन भाजपा वाले अमीर हो गए। जनता भाजपा को सबक सिखाने के लिए इसबार ईमानदार और जन जन के नेता विनोद सिंह को संसद भेजेगी। मौके पर जागेश्वर दास, इयामुल हुसैन, टुकलाल यादव, मो. हनीफ, रामेश्वर रजक, मंटू यादव, संजय दास, जितेंद्र यादव, काली यादव, महावीर यादव, भीम दास, समसुल हक समेत कई लोग मौजूद थे।

## भरोसा खो चुके दिग्भ्रमितों का समूह विकसित भारत के संकल्प का विकल्प नहीं हो सकता : अन्नपूर्णा देवी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

कोडरमा। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि नरेंद्र मोदी की प्रखर नेतृत्व में देश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। राम मंदिर निर्माण, धारा 370 की समाप्ति, नागरिकता संशोधन कानून, तीन तलाक के खिलाफ कानून, भारतीय दंड संहिता का सरलीकरण जैसे कड़े और बड़े फैसले लेकर मोदी ने कांग्रेसी राज के पॉलिसी पैरालाइसिस को खत्म किया है। साथ ही जी-20 की अध्यक्षता, योग और आयुर्वेद को अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा, भारतीय डिजिटल पेमेंट एवं भारतीय मुद्रा की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता, रक्षा और सूचना तकनीक के क्षेत्र में आयातक से उत्पादक और निर्यातक तक की यात्रा, अधिकांश चीजों के उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भरता आदि उपलबियों से भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा मिली है। झुमरीतिलैया नगर पर्षद क्षेत्र की गुमो बस्ती और बगोदर विाानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र ने हमेशा राह दिखाई है। यहां के जागरूक मतदाता किसी कीमत पर देश के विकास की गति को अवरुद्ध होने नहीं देंगे, भारत के सांस्कृतिक वैभव की पुनर्स्थापना के प्रयासों को हतोत्साहित नहीं करेंगे। ऊपर से भाजपा विरोधियों के कई मंसूबे ऐसे हैं जिन्होंने कोडरमा की शांतिप्रिय और विकास की ख्वाहिश रखनेवाली जनता को सशंकित कर दिया है। कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों द्वारा धारा 370 की पुनर्वापसी, एससी-एसटी-ओबीसी आरक्षण में सेंधमारी कर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण, विरासत कर आदि की तैयारी ने जागरूक मतदाताओं को सतर्क कर दिया है। अब मतदाताओं ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को कोई मौका नहीं देने का सुस्पष्ट निर्णय कर लिया है। मौके पर रवि मोदी, प्रकाश राम, चन्द्रशेखर जोशी, अरशद खान, रमेश हर्षधर, राजेश सिन्हा, संजय शर्मा, नवीन चौधरी, अंकित गुप्ता, सुधांशु यादव, ओम प्रकाश दास, राजू यादव, सपन कुमार, सत्येंद्र यादव, प्रदीप सिंह, रामजी वर्मा, अनिल शर्मा, भरत लाल पांडेय, राजीव सिंह समेत सैकड़ो कार्यकर्ता जनसंपर्क में शामिल थे।

### मनीष जयसवाल का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**चंदवारा।** कोडरमा प्रखंड अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग लोकसभा उम्मीदवार मनीष जयसवाल का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन गुरुवार को चंदवारा चौक स्थित दुर्गा मिष्ठान के निकट पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा, जिप सदस्य नीतू देवी ने संयूक्त रूप से फीता काटकर और नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी ज़िंदाबाद, नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद, बाबूलाल मरांडी, मनोज कुमार यादव, मनीष जायसवाल ज़िंदाबाद के नारे जमकर लगे। वहीं पूर्व विधायक ने कहा क्षेत्र व देश के चहुमुखी विकास के लिए मनीष जयसवाल को भारी मतों से जीता कर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायें। आगामी 20 मई को अपने अपने मतदान केंद्र पर जाकर कमल फूल का बटन दबाकर वोट करें। इस दौरान चंद्रभूषण साव, लक्ष्मण प्रसाद यादव, बंटी मोदी, सहोदरी देवी, नारायण पाण्डेय, राजेश यादव, मुन्ना बर्नवाल, बिनोद मोदी, वासुदेव पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### हज यात्रियों का पहला जत्था मक्का के लिए रवाना



**कोडरमा।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हज यात्रियों का पहला जत्था बीती रात मक्का मदीना के लिये रवाना हो गया। इस दौरान हज यात्रियों को स्थानीय लोगों ने फूल माला पहना कर हज के लिए रवाना किया। हज यात्रा में मास्टर अख्तर हुसैन, अंजुम आरा, मो. जलील, मंजूर आलम, नूर जहां खातून, नफीसुल्लाह खान, मास्टर अजहर हुसैन, शहनाज बेगम आदि शामिल थे। इस दौरान हज यात्रियों के द्वारा मुल्क में अमन चैन, क्षेत्र में शांति, प्रेम भाईचारे, सफर की आसानी और हज ए मकबूल की दुआ मांगी गई। वहीं हज ए मुबारक पर जा रहे हज यात्रियों ने स्थानिय कब्रिस्तान पहुंच कर फातेहा व सलात वो सलाम पढ़े। मौके पर मौजूद क्लान्द्रिया एसोशिएशन ट्रस्ट के अयक्ष हाजी आफ़ताब ने बताया की 2024 में ज़िले के विभिन्न प्रखंड से 24 जायरीन हज के लिये जा रहे हैं। हज यात्री कोलकाता हवाई अड्डे से मदीना के लिए 40-45 दिनों के सफर तय कर हज के सारे अरकान पूरे करेंगें, ततपश्चात अपने मुल्क भारत लौटेंगे। बहरहाल लोग इस मुबारक सफर पर निकल गए, जिसकी उम्मीद सभी मुस्लिम करते हैं। मौके पर हाजी वसीम अहमद, हाजी आफ़ताब, आजाद खान, शाहनवाज राजा, मो एकबाल, अहमद हुसैन, अरशद हुसैन समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान लगातार जारी

**जयनगर (कोडरमा)।** महागठबंधन प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह के पक्ष में घर-घर चलो जनसंपर्क अभियान चलाकर क्रम संख्या 7 झंडे में तीन तारा पर बटन दबाकर विजय बनाने का अपील की गयी। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के जन् मुद्दों की आवाज संसद में सुनाई पड़ेगी और वह आवाज जमीन पर भी लागू होगी, इस बार ऐसे सांसद को चुने जो जनता के सवालों पर आपसे कंधे से कंधा मिलाकर चले। कोडरमा के विकास की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए महागठबंधन के प्रत्याशी को विजय बनाने का लोगों से अपील किया गया। जनता में काफी उत्साह देखा जा रहा है और जोरदार समर्थन भी मिल रहा है। जनसंपर्क अभियान जयनगर पश्चिमी पंचायत के इरगोबाद, सांथ, रूपायडीह, पंचायत के रूपायडीह, पातीसालय, मधवाटांड़, बाघमारा, नंदोडीह, मकतपुर सहित कई गांवों में चलाया गया। जनसंपर्क अभियान में मिशुवाउदिन, मुंना यादव, असगर अंसारी, चव चांद अख्तर, गोविंद बिहारी, लक्ष्मण राणा, मुन्ना सिंह, प्रकाश राम, हकीम खान, इस्लाम अंसारी, सुरेंद्र राम, श्रीकांत ठाकुर सहित को लोग उपस्थित थे।

### भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी झुमरीतिलैया मंडल में अशोका होटल के समीप लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, व्यवसायी श्याम सुंदर सिंघानिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवि मोदी, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष राजेश सिन्हा ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। वहीं विधायक डॉ.नीरा यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में सर्वांगीण विकास हो रहा है, सभी तरह के विकास कार्य पारदर्शिता से हो रहे है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर एक बूथ में रिकॉर्ड मतदान कराने तथा लोगों को केंद्र की योजनाओं से अवगत कराने की बात कही, उन्होंने फिर से एक बार कोडरमा लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी को रिकार्ड मतों से जीत दिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया। मौके पर प्रकाश राम, डॉ. नरेश पंडित, देवनारायण मोदी, चन्द्रशेखर जोशी, शशि भूषण चौरी, सुभाष मोदी, रमेश हर्षार, बटेश्वर मेहता, सुदर्शन यादव, संजय यादव, संजय कुमार, बिनोद सिन्हा, कृष्णा ब्रह्मपुरिया, राजेश राणा, रीता लोहानी, लीना देवी, रेखा भदानी, सुनीति सेठ, किरण देवी, अंजु जैन, बेलू सिन्हा, सत्येंद्र यादव, राकेश सिंह, उमेश यादव, अजीत कुमार समेत सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चलाया प्रचार अभियान



**कोडरमा।** लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में गुरुवार को दूरस्थ क्षेत्र मेघातरी में प्रचार अभियान चलाया। इस प्रचार अभियान का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष जूही दासगुप्ता ने किया। इस दौरान सबों से भाजपा को वोट करने की अपील की गयी। मौके पर चाराडीह मुखिया अनिता देवी, महिला मोर्चा महामंत्री कविता देवी, जिला मंत्री वैद्यनाथ यादव, सुरेन्द्र राजवंशी, नरेश वर्णवाल के साथ कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मतदान के प्रति किया गया जागरूक



**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में अभिभावक सम्मेलन के दौरान उपस्थित सभी अभिभावकों को मतदान के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया गया। जहां विद्यालय प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने अभिभावकों को 20 मई को होने वाली कोडरमा संसदीय क्षेत्र निर्वाचन में अपनी पूर्ण सहभागिता दिखाते हुए अभिभावकों से मतदान करने को कहा। उन्होंने मतदान के महत्व को बताते हुए समझाया कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और मतदान करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। इसलिए अपने अधिकारों का प्रयोग करें। अपने पड़ोसियों और सगे-संबंधियों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। वहीं अभिभावक सम्मेलन में उपस्थित सभी अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य विद्यालय कर्मियों ने मतदान करने का संकल्प लिया और पहले मतदान, फिर जलपान, अपनी ही सरकार है, मत देना अधिकार है तथा सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो जैसे नारे लगाए।

## डीसी की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव को लेकर हुई समीक्षा बैठक

# जिले में 19 बूथ चिन्हित, चुनाव में बाधा डालने पर बख्शा नहीं जायेगा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक के साथ समीक्षा बैठक हुई। जिले में कुल मतदाताओं, वाहन प्रबंधन, मैन पावर मैनेजमेंट, पीठासीन पदाधिकारी के प्रशिक्षण, माईक्रो ऑब्जर्वर, मतगणना की तैयारी, पोलिंग पार्टी डिस्पैच एवं प्राप्ति, वल्नरेबल बूथ, वल्नरेबल व्यक्ति समेत अन्य की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। चतरा लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या भी बताई गई। चतरा जिले के 26-सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 3,75,253 मतदाता हैं, जिसमें 1,93,181 पुरुष और 1,82,072 महिला मतदाता हैं। 27-चतरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 4,25,467 मतदाता हैं, जिसमें 2,17,471 पुरुष और 2,07,996 महिला मतदाता हैं। लातेहार जिले के 73-मनिका विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,59,391 मतदाता हैं, जिसमें 1,30,193 पुरुष और 1,29,198 महिला मतदाता हैं। 74-लातेहार विधानसभा क्षेत्र में कुल 3,05,799 मतदाता हैं, जिसमें 1,54,816 पुरुष और 1,50,983 महिला मतदाता हैं। पलामू जिले के 75-पांकी विधानसभा क्षेत्र में कुल 3,21,931 मतदाता हैं, जिसमें 1,65,321 पुरुष और 1,56,610 महिला मतदाता हैं। पाँचों विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्या 1687841 है, जिसमें 27378 दिव्यांग मतदाता, 77042 18-19 वर्ष के मतदाता, 2748 सर्विस इलेक्टर्स और 7698 85 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध मतदाता शामिल हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में 676777 मतदाता थे, जबकि 2024 में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 800720 हो गई है। चतरा विधानसभा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 2019 की तुलना में 2024 में 123943 नए मतदाता जुड़े हैं। चतरा विधानसभा क्षेत्र के तीन मतदान केंद्रों को चिन्हित कर निर्वाचन आयोग को प्रस्ताव भेजा गया है, जहाँ मतदाताओं को 12-13 किलोमीटर की दूरी तय कर मतदान करने जाना पड़ता था। इनमें 372 यूपीएस सिकीद कान्हाचट्टी को 371 एमएस गड़िया, 267 यूपीएस एकता मरगड़ा कुन्दा को 264 यूएचएस कुटील, 269 एनपीएस कोजराम कुन्दा को, 268 यूएमएस सिकीदाग के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। ईभीएम डिस्पैच एवं प्राप्ति से संबंधित तैयारियों, वाहन कोषांग के कार्य, स्वीप गतिविधि, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की गई। स्वीप गतिविधि के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें रात्रि चौपाल, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग प्रतियोगिता, कैंडल मार्च, सिगनेचर अभियान, रंगोली प्रतियोगिता, सेल्फी कैम्पेन, डोर टू डोर विजिट कार्यक्रम, रैली, एसएचजी महिलाओं के साथ बैठक, बूथ जागरूकता ग्रुप आदि शामिल हैं। सबसे कम प्रतिशत वाले 50 मतदान केंद्रों को चिन्हित कर प्रत्येक बूथ के लिए नोडल पदाधिकारी बनाए गए हैं जो बूथ पर जाकर तीन बार कार्यक्रम कर रहे हैं। उक्त बैठक में सामान्य प्रेक्षक निखिल निर्मल, व्यय प्रेक्षक सैकत बसु, पुलिस प्रेक्षक गोपेश अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

# देश को सशक्त बनाने के साथ सर्वांगीण विकास सिर्फ भाजपा ही करेगी: कालीचरण

खबर मन्त्र संवाददाता



भाजपा कार्यकर्ता के साथ सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह

**चंदवा।** चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने गुरुवार को चंदवा प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। इस दौरान श्री सिंह प्रखंड के जमीरा, माल्हन, डूमारो व सेरक में आयोजित पथ सभा कार्यक्रम में शामिल हुए व जनता के बीच मोदी सरकार की उपब्धियों को रखा।

कालीचरण सिंह सर्वप्रथम चंदवा के नगर पहुंचे जहां पूर्व विधायक प्रकाश राम व मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत के उपरांत कालीचरण सिंह मां उग्रतारा नगर मंदिर पहुंचे जहां मत्था टेक कर मां का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात वे जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान लाल कोठी में आयोजित पथ सभा कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां भाजपा कार्यकताओं व जनता ने पारंपरिक रीति रिवाज में मांदर के थाप पर उनका स्वागत किया। इसके बाद वे माल्हन, डुमारो व सेरक में भी आयोजित पथ सभा कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कालीचरण सिंह ने कहा कि देश को सशक्त बनाने के साथ बिना भेदभाव किये देश का सर्वांगीण विकास सिर्फ मोदी सरकार ही कर सकती है। मोदी सरकार ने विगत 10 वर्ष के कार्यकाल में देश में विकास की गति को नया आयाम दिया है। भारत बहुत तेजी के साथ विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

चुनाव के समय घोषणा पत्र में भाजपा जो भी वायदे करती है उसे पूरा किया है। वादा चाहे राम मंदिर निर्माण का हो, कश्मीर से धारा 370 हटाने की हो, तीन तलाक समाप्त करने की हो, देश के किसानों को उन्नत बनाने की हो या फिर गरीबों के कल्याण की हो हर एक मोर्चे पर मोदी सरकार सफल साबित हुई है जिसका परिणाम है कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी का लहर है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के संपूर्ण चतरा संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का वायदा करते हुए कहा कि मैं पहला प्रत्याशी हूं जो गांव-गांव जाकर जनता की क्या समस्या है, उसे सुनने का काम कर रहा हूं, चुनाव में जीतने के बाद प्रत्येक समस्या का निराकरण करना पहला लक्ष्य होगा। इसके अलावे पूर्व विधायक प्रकाश राम, पूर्व विधायक बृजमोहन राम, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता समेत कई वक्ताओं ने लोगों को संबोधित करते हुए केंद्र सरकारी की उपलब्धियां एवं मोदी सरकार की गारंटी को जनता के बीच रखने का काम किया।

जनसंपर्क के मौके पर राज कुमार पाठक, महेंद्र साहू, दीपक निषाद, आदर्श रविराज, मनीष गुप्ता, आशीष गुप्ता, श्रवण गुप्ता, शिवकेश्वर यादव, बैजू मुंडा, बलकु मुंडा, रिकी कुमार वर्मा, आशीष सिंह, कृष्णा कुमार, छोटू रजक, साजिद खान, अनुज शाही, राजू उरांव, दिनेश पांडेय समेत सैकड़ो भाजपाई मौजूद थे।

## एक नजर में

## चतरा लोकसभा प्रत्याशी दर्शन गंझू ने चंदवा प्रखंड के गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान



जनसंपर्क अभियान चलाते दर्शन गंझू

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** झारखंड पार्टी के चतरा लोकसभा के प्रत्याशी दर्शन गंझू ने चंदवा प्रखंड के दर्जनों गांव का चलाया जनसंपर्क अभियान। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के लुकुईया, चिरो, बोदा, बुलहु, सिकनी, परसा टॉड, लरदाग, नवाडीह, बारी गांव में जनसंपर्क किया।

गांव पंहुचने पर उनका ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। दर्शन गंझु ने गांव में दौरा कर अपने पक्ष में वोट देने की अपील की।उन्होंने कहा सभी ग्रामीण क्षेत्रों में दलित आदिवासी शोषित वंचित समाज का उन्हें पूरा समर्थन मिल रहा है। इसलिए उन्हें एक बार मौका दे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समस्या से वे अवगत है। उन्होंने कहा कि उन्हे उम्मीद है कि भारी समर्थन मिलेगा। इस मौके पर विश्वनाथ गंझू, रामवचन देव गंझू अमृत गंझू प्रकाश गंझू सत्य नारायण गंझू सोमनाथ गंझू दिलीप गंझू, जगमोहन गंझू, महेंद्र गंझू, बिजेंद्र प्रजापति, बुटन यादव, मनू यादव, नगिया देवी सरीता देवी, एतवरीया देवी, खुशबू देवी, दशमी देवी दशरथ गंझू, मुंगेश गंझ, चरकू पाहन, रमेश गंझू, सरमा गंझू जयमंगल गंझू, केदार गंझू हरीलाल गंझू, मुनिया देवी, प्रमिला देवी, जगमोहन गंझू चरकू गंझु, संकेंद्र गंझू चन्द्र देव गंझू भुनेश्वर गंझू सुनील गंझू रामचंद्र गंझू संजय गंझू समृत गंझू बिंदेश्वर गंझू कमलेंद्र गंझू संजय गंझू जासो देवी मूनी देवी सरीता देवी गूंजरी देवी मोहरमनी देवी, संजय गंझू हिरामन गंझू सुरेश गंझू पुरान गंझू अनिल गंझू बनारसी गंझू रामा गंझू आदि लोग मौजद थे।

# महागठबंधन की बैठक में प्रत्याशी को विजयी दिलाने का संकल्प



बैठक में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित कजरिया होटल में गुरुवार को महागठबंधन के नेताओं एवं कार्यकताओं की बैठक रखी गई। जिसमें लातेहार के झामुमो विधायक बैद्यनाथ राम शामिल हुए। मौके पर बोलते हुए विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि महागठबंधन की ओर से घोषित प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को भारी मतों से विजई बनाना है।

देश में आज अराजकता की स्थिति है। महंगाई की मार से हर गरीब आज परेशान है। देश का संविधान आज खतरे में है। इन सभी बातों का ख्याल रखते हुए महागठबंधन के प्रत्याशी को विजई बनाना है।

## रुद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर हिंदू धर्मावलंबियों की हुई बैठक

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के नगड़ा ग्राम स्थित बेलवाड़ीह टोला में शिव रुद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर हिंदू धर्मावलंबियों की एक बैठक रखी गई। जिसमें नवनिर्मित शिव मंदिर को लेकर यज्ञ का आयोजन किया जाना है। यज्ञ अगले माह 28 जून से प्रारंभ होगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए संजय यादव ने कहा कि अगले माह से यज्ञ का आयोजन होगा।

## झामुमो व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कई पंचायत में चलाया जनसंपर्क

**चंदवा।** महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में जेएमएम केंद्रीय सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष शीतमोहन मुंडा, मनोज चौधरी, कांग्रेस नेता संजय दुबे ने चंदवा प्रखंड के बनहरदी पंचायत के कई गांवों का तूफानी दौरा कर महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। दौरे के क्रम में नेताओं ने बनहरदी, सुरली, डढ़या, रेंची एवं बारी पंचायत के छाता सेमर में ग्रामीणों के संग बैठक की। नेताओं ने विचारों को जनता के बीच इंडी गठबंधन के नीति व सिद्धांतों को रखा। मौके पर जेएमएम पंचायत अध्यक्ष महेश्वर उरांव, मंटू कुमार, चंद्रदेव उरांव, बालेश्वर उरांव, बेणेश्वर उरांव, मुकेश यादव, राजदीप ठाकुर, जीरामनी देवी, हीरामणि भगत, सुरली के श्याम बिहारी सिंह, गोवर्धन सिंह, बिना उरांव, सरिता देवी, पूर्व उप मुखिया अस्मिता देवी, डडेया के शिवमंगल टाना भगत, चिंतामणि भगत, मणिलाल भगत, तारामणि देवी, मनवैया देवी, संतोषी देवी, शीला देवी, रीता देवी बारी पंचायत में छातासेमर के दिलीप उरांव, उपेंद्र उरांव समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

# पथसभा कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने भी लिया भाग



मौके पर मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित गेरवाटांड में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी का पथसभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह शामिल हुए। जहां भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का स्वागत करते हुए भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें फूल माला पहनाया और जीत की अग्रिम बधाई दिया। मौके पर बोलते हुए प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि मैं अपनी ओर से आपलोगो को आश्वस्त कर देना चाहता हूं कि जिस पार्टी का नेता मोदी जैसा हो। जो देश की जनता की सेवा के लिए 24 घंटा खड़ा रहते हैं। वैसे ही मैं उनके एक कार्यकर्ता के रूप में मैं चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोगों के लिए 12:00 बजे रात में भी फोन उठाकर उनकी समस्या का निदान करूंगा। इसकी मैं गारंटी देता हूं। मेरी आप लोगों से विनम्र प्रार्थना है कि आप लोग मेरे पक्ष में इतना मतदान करें की जब मैं आपके पास आभार व्यक्त करने आऊं तो आपके सम्मान में मेरा सर झुका रहे और मैं दिल्ली जाऊं तो लोग मुझे कहें भाजपा ने स्थानीय को टिकट दिया है तो उसका जनता ने सम्मान किया है। उन्होंने भाजपा नेता स्व.राजेंद्र प्रसाद साहू को याद करते हुए कहा की वह मुझे चाचा कहकर संबोधित करते थे। राजेंद्र साहू ने समाज के विकास के लिए एक से बढ़कर एक कार्य किया। उनके सम्मान में राजेंद्र प्रसाद साहू के मूर्ति के अनावरण में मैं सहयोग करूंगा। कार्यक्रम से पूर्व भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने बालूमाथ के महावीर मंदिर और तेलीटोला स्थित देवी मंडप में जाकर माथा टेका और भगवान का आशीर्वाद लिया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी नामेश्वर गुप्ता, प्रेम प्रसाद गुप्ता, रौशन साव, अर्जुन गुप्ता, संजीत साहू, रामकुमार गुप्ता, त्रिवेणी साहू, अमित कुमार राम, बीरेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता, रंजीत गुप्ता, सूरज शाह, गोलू साव, लछ्मण कुशवाहा, विजय गुप्ता, मनोहर साव, दीना साव, अरविंद भगत, अरुण साव, उपेंद्र रंगीला, बबलू चौरसिया, रंजय सिंह, पंकज सिन्हा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## चिरो बरटांड में स्क्रैप चोरों ने टॉवर को काटकर गिराया



चोरों द्वारा गिराया गया टॉवर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में इन दिनों विद्युत संचरण हेतू लगाए गए टावर को बड़ी चालाकी से गिराकर इसके स्क्रैप कटिंग कर तस्करी का धंधा चरम पर है। प्रखंड के माल्हन, जमीरा, हुटाप, चेतर, सासंग पंचायत में कई स्थानों पर स्क्रैप चोरों द्वारा ऐसे बेकार पड़े टावरों को जमीनदोंज किया गया है। फिर इसे स्क्रैप कर पिकअप वाहन में लोडकर स्थानीय कबाड़ियों तक पहुंचाया जा रहा है। सूत्रों की माने तो दो-तीन दिन पूर्व ही प्रखंड के चीरो गांव अंतर्गत बरटांड़ में संगठित चोर गिरोह द्वारा ऐसे ही एक टावर को काटकर गिरा दिया गया है। बुधवार की देर रात चोर गिरोह द्वारा इसके छोटे-छोटे टुकड़े किए जा रहे थे, हालांकि इसकी सूचना रात में ही शहर में कई लोगों तक जा पहुंची। इसके बाद चोर यहां से रफू चक्कर हो गए। ग्रामीण सूत्रों की माने तो इस बीच यहां काटे गए छोटे स्क्रैप को वाहन में लोडकर ले जाया गया है। गुरुवार की सुबह उक्त स्थान पर पहुच कर देखा गया तो यहां स्क्रैप काटने का नोजल के अलावे पानी बोतल व बिस्कुट के पैकेट पाए गए। स्पष्ट है कि चोर गैस कटर लेकर लोहा काटने जाते है। इसी बीच वह नाश्ता-पानी का इंतजाम भी अपने पास रखते है।

गैस कटर से स्क्रैप काटने का स्पष्ट निशान भी टावर में दिख रहे है। बताते चले कि उक्त टावर लाइन एस्सार पावर से नार्थ कर्णपूरा तक के लिये लगाया गया था। एस्सार पावर प्लांट के लिक्वीडेशन के जाने के बाद यह टावर औचित्य विहिन बच गये है। फिलहाल प्रखंड के हुटाप गांव, जमीरा पंचायत के दुबी गांव, सासंग पंचायत के सोस-बूल्हू गांव, बोदा पंचायत के बरटांड़ समेत अन्य स्थानों पर टावर जमीन पर गिरा है। दर्जनों गिरे टावर गायब हो चुके है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है, गहनता से पूरे मामले की जांच की जा रही है, ऐसे लोगों पर अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

# उपायुक्त ने कर्मियों के साथ की बैठक, दिये कई दिशा निर्देश

## बारियातू अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



बैठक करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददात

**बारियातू।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह ने गुरुवार को चुनाव को लेकर बारियातू अंचल कार्यलय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात सभी प्रखण्ड एवं अंचल कर्मियों के साथ उपायुक्त ने बैठक की। बैठक में चुनाव से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

खबर मन्त्र संवाददाता



जायजा लेते डीसी

**बालूमाथ।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह गुरुवार को बालूमाथ पहुंचे। जहां प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक आयोजित कर कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव से एक दिन पहले सभी मतदान कर्मी व पदाधिकारी अपने-अपने क्लस्टर में पहुंच जाएंगे एवं सभी लोग चुनाव के दिन अपने-अपने मतदान केंद्र में समय से पहुंचकर मतदान कराना आरंभ कर देंगे। उन्होंने कहा कि आप लोगों की जिम्मेवारी बनती है कि मतदान कर्मी को रहने शौचालय की सुविधा, खाने पीने तथा अन्य सुविधा में किसी भी प्रकार का कोई कमी नहीं हो। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान दिव्यांग मतदाता एवं बृद्ध मतदाता को मतदान करने की हर सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## तेज आंधी तूफान से बिजली के कई खम्भे गिरे

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा के झलकी टोला में बिते रात तेज आंधी तूफान से चार विजली खम्भे गिर गया। बिजली खम्भा गिरने से झलकीटोला निवासी मोती तुरी और नरेश तुरी के घर का एलवेस्टर क्षतिग्रस्त हो गया। तेज आंधी तूफान के समय सभी परिवार घर के अंदर थे और अचानक एक-एक कर लगातार चार विजली खम्बे गिर गया। एलवेस्टर टूटते देख सभी परिवार के लोग घर से बाहर निकल गए अन्यथा बड़ी घटना हो सकता था।

## इस बार चतरा सीट से कौन मारेगा बाजी, मतदाताओं ने साध रखी है चुप्पी

दीपक राज

**बरवाडीह।** चतरा लोकसभा सीट पर इस बार कौन मारेगा बाजी इसपर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। 20 मई को मतदान है, लेकिन चतरा की जनता अब तक चुप्पी साधे हुए है। जबकि एनडीए, इंडिया गठबंधन समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ निर्दलीय को मिलाकर कुल 22 प्रत्याशी इस बार चुनावी मैदान में है। एनडीए गठबंधन से भाजपा नेता कालीचरण सिंह तो इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के चर्चित नेता सह पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी पूरे जोर शोर से जनता को रिझाने में जुटे हुए है। जबकि इस सीट से इस बार 9 निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी ताल ठोक दी है।

जिसमें डॉ.अभिषेक कु.सिंह और टाइगर जयराम महतो की पार्टी से दीपक कु.गुप्ता युवा मतदाताओं के बीच काफी चर्चा में है। इस बार चुनाव में इन दोनों निर्दलीय युवा प्रत्याशियों ने राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों की बीपी बढ़ा दी है। वैसे तो लोकसभा चुनाव में किसी निर्दलीय का जीत हासिल करना काफी मुश्किल होता है, बावजूद इसके युवा मतदाताओं में इन दोनों प्रत्याशियों को लेकर बड़ा क्रेज दिख रहा है। वैसे इतिहास गवाह है कि लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की दिलचस्पी राष्ट्रीय दलों के प्रति ज्यादा रहती है। बावजूद चतरा के इतिहास में एक ऐसा राजनीतिक सुरमा भी हुआ है, जिन्होंने राष्ट्रीय दलों के प्रति लोगों के झुकाव के इस मिथक को तोड़ने का काम किया है। बता दें कि 2009 के लोकसभा चुनाव में पलामू के कद्दावर नेता इंद्र सिंह नामधारी ने इस सीट से निर्दलीय ताल ठोक जीत हासिल कर इतिहास रच दिया था। इस बार भी चतरा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है।

इधर बरवाडीह भाजपा के कद्दावर नेता कन्हाई प्रसाद ने निर्दलीय प्रत्याशी की चर्चा होने और चतरा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने के सवाल पर कहा कि यहां कोई त्रिकोणीय मुकाबला नहीं है, ग्रामीण क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी को कोई पहचानता भी नहीं है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का मुकाबला किसी से नहीं है। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह पांच लाख वोट से चुनाव जीत रहें है।

वहीं कांग्रेस नेता सह समाजसेवी शिवानंद तिवारी उर्फ दीपू ने कहा कि जनता इस बार पूरी तरह बदलाव चाहती है, क्योंकि भाजपा प्रत्याशी के पास अपना कोई एजेंडा नहीं है, वह चतरा के विकास की बातें छोड़कर मोदी के नाम पर वोट मांग रहे है।

# कांग्रेस प्रत्याशी के. एन त्रिपाठी को जिताना हम सभी का दायित्व है: बैद्यनाथ राम

## बूथ को सशक्त करने पर हुई चर्चा



बैठक करते विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड स्थित राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार के आवास पर गुरुवार को लातेहार विधायक व गठबंधन के कार्यकत्ताओं ने बैठक कर बूथ को सशक्त करने पर चर्चा किया। बैठक में लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने सभी गठबंधन के कार्यकत्ताओं को कहा की आप सभी एकता का परिचय देते हुए क्षेत्र में ईमानदारी पूर्वक कार्य करें। वहीं मुख्य रूप से सभी बूथ को मजबूत करने पर विशेष रूप से चर्चा किया गया।

बैठक में विधायक श्री राम ने कहा की भारत के संविधान की रक्षा के लिए इंडी गठबंधन को सहयोग करना जरुरी है। इसलिए सभी कार्यकर्त्ता अपने-अपने क्षेत्र के बूथ को मजबूत बनाएँ।

वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेशर उरांव ने पार्टी की गारंटी कार्ड के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दिया। वहीं जेएमएम जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने सम्बोधित करते हुए गठबंधन को मजबूत बनाए रखने के लिए बात कही।

कांग्रेस प्रदेश सचिव सलाम अंसारी, मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी सहित कई अतिथियों ने भी अपनी बात को रखा।

मौके पर बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव, कांग्रेस युवा नेता लाल आशीष नाथ शाहदेव, पवन यादव, संतोष यादव, लवकुश कुमार यादव, संतोष यादव, कुलदीप राम, नरेश उरांव, रंजय राम, अजय कुमार राम, राजदेव उरांव, मो सफीक, मो इम्तियाज, मुमताज, सुरेश यादव, मुकेश यादव, संतोष यादव सहित काफी संख्या में गठबंधन के कार्यकर्त्ता मौजूद थे।



मौके पर मौजूद गठबंधन के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** देश में लोकतंत्र व संविधान को बचाने की इंडिया गठबंधन लड़ रही है। भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार को देश में विपक्षी दलों को परेशान करने की जो मंशा साफ है देश मे हिटलरशाही लाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त बातें लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने हेरहंज में आयोजित इंडिया गठबंधन की बैठक में कही। विधायक श्री राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचारियों, बलात्कारीयों के संरक्षक बन गए हैं, देश में दस सालों में जो भाजपा की तानाशाही सरकार चल रही है उसे उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि आप सभी इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कमर कस लें। विधायक श्री राम ने आगे की केंद्र की मोदी सरकार ने जो झारखंड के साथ अन्याय किया है उसका बदला वोट से लेने की जरूरत है। झामुमो लातेहार जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा की महंगाई बेरोजगारी देश में चरम पर है, भाजपा व उसकी सरकार पूंजीपतियों के साथ हैं। यही भाजपाई 2014 के पहले महंगाई व बेरोजगारी को लेकर हंगामा करते थे, देश बेचने वालों से देश को बचाएं।लातेहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने कहा कि एक साथ मिलकर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता घर घर पर बूथ जितने पर जोर दें। मौके पर लातेहार जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, जिला परिषद सदस्य बिनोद उरांव, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव सलाम अंसारी, झामुमो के वारिश अंसारी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गीता देवी, कांग्रेस हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष लाडले खान, राजद प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ उरांव, बीरेंद्र दुबे, शुरेस यादव व बीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# सदर अस्पताल परिसर में खड़ी एंबुलेंस में लगी आग



एजेंसी

**भागलपुर।** भागलपुर के सदर अस्पताल परिसर में खड़ी पुरानी एंबुलेंस में गुरुवार को अचानक आग लग गई।

आग लगने से एंबुलेंस जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजू कुमार और आशुतोष मौके पर पहुंचे और अग्निशमन विभाग को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले भी सदर अस्पताल परिसर में खड़ी पुरानी एंबुलेंस में आग लगी थी। जिसमें कई एंबुलेंस जलकर राख हो गए थे।

## भारत -नेपाल सीमा से एक तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला के कंगली थाने के सिधवलिया गांव के नजदीक अजगरी नदी के पास से पुलिस ने गांजा समेत एक नेपाली तस्कर को धर-दबोचा है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान परसा (नेपाल)जिले के पोखरिया थाने के धोरे गांव निवासी लाल महम्मद देवान के पुत्र विशुल देवान के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष कफील अजहर ने बताया कि संध्या गश्ती दल नेपाल बोर्डर की ओर निकले थे।

## पत्नी का आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने पर कर दी हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिले में आदापुर थाना क्षेत्र की एक महिला की हत्या कर दिए जाने के मामले में पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने टेक्निकल सेल की मदद से जांचोपरांत मृतका के पति राजकुमार साह को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ रक्सौल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि बीते मार्च महीने में आदापुर के शेखवा टोला निवासी राजकुमार साह की पत्नी श्रीमति देवी की सन्देहास्पद स्थिति में मौत हो गई थी। जिसको लेकर मृतका के पिता ने मामला दर्ज कराया था। जिसमे अनुसंधान के दौरान मृतका के पति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार पति राजकुमार ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी का अवैध सम्बन्ध था। इसके साथ ही उसका एक आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था, जिससे उसको शर्मिन्दगी झेलना पड़ रही थी। इस कारण उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दिया। पुलिस टीम में रक्सौल डीएसपी के अलावे आदापुर थानाध्क्ष धनंजय शर्मा, एसआई लक्ष्मी कुमारी, कन्हैया सिंह, चौकीदार निरंजन कुमार व सशस्त्र बल शामिल थे।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग का मोस्ट वांटेड

# कुख्यात शूटर जयप्रकाश जोगबनी से गिरफ्तार

एजेंसी

**अररिया।** बिहार में भारत-नेपाल की सीमा से सटे अररिया जिले के जगबनी स्टेशन से जोगबनी थाना पुलिस ने गुरुवार को राजस्थान के मोस्ट वांटेड एवं लॉरेंस बिश्नोई गैंग के कुख्यात शूटर कृष्ण कुमार उर्फ जयप्रकाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जोगबनी रेलवे स्टेशन जाने वाले सड़क के पास स्थित एटीएम सेंटर के पास से संदिग्ध हालत में उन्हें गिरफ्तार किया। जोगबनी पुलिस ने शुरूआती दौर में एटीएम फ्रॉडिज्म के शंका को लेकर उसे हिरासत में लेकर जोगबनी थाना लेकर पहुंची थी। लेकिन पूछताछ के क्रम में युवक के राजस्थान के लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप के कुख्यात शूटर के रूप में पहचान की गई। जिसके बाद अररिया एसपी अमित रंजन सहित फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा सहित जोगबनी थाना पुलिस सक्रिय हुई और मामले को लेकर नेपाल के मोरंग जिला पुलिस से संपर्क



कर उनकी गतिविधियों को लेकर जानकारी इकट्ठा करने में जुट गई है। हिरासत में लिए गए कृष्ण कुमार उर्फ जयप्रकाश से पुलिस कड़ी पूछताछ कर रही है। मामले को लेकर पुलिस खुलकर कुछ भी कहने से फिलहाल बच रही है। अररिया एसपी अमित रंजन ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में पूछताछ करने की बात को स्वीकारा है। गिरफ्तार कृष्ण कुमार उर्फ जयप्रकाश राजस्थान के बीकानेर में एक होटल से जुड़े फिरौती मामले में मोस्ट वांटेड है। रिमांड होम से भागकर वह नेपाल के विराटनगर में पहचान को छिपाकर छिपकर रहने की बात कही जा रही है। गिरफ्तार आरोपी कृष्ण कुमार उर्फ जयप्रकाश के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लॉरेंश विश्नोई ग्रुप का आरोपी कृष्ण कुमार उर्फ जय प्रकाश पिता शांता राम राजस्थान के बिकानेर के जवाहर सर्किल थाना का निवासी है। नाम बदलकर आपराधिक वारदातों के लिए यह जाना जाता है। एक वर्ष पूर्व 2023 में बीकानेर के एक होटल में एक करोड़ की फिरौती मामले में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद इसे बीकानेर के रिमांड होम में रखा गया था। लेकिन रिमांड होम से खिड़की तोड़ कर वह फरार हो गया था और राजस्थान पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी। नेपाल के विराटनगर में फेक भारतीय आइडी के सहारे नाम बदल कर रह रहा था।बहरहाल पुलिस इससे अररिया में कड़ाई से पूछताछ कर रही है। जिसमे कई रहस्यों से पर्दा उठने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

## खबर एक नजर में

### दवाई फैक्ट्री में गैस रिसाव के कारण मजदूर की मौत, शव पहुंचा गांव

**अररिया।** हैदराबाद स्थित एक दवाई फैक्ट्री मे कार्यरत मजदूर की मौत गैस के रिसाव के कारण हो गई। मृतक फारबिसगंज प्रखंड के औराही पश्चिम पंचायत के निवासी जनार्दन मंडल का पुत्र अरुण मंडल है। मृतक अरुण घटना से पांच दिन पूर्व उक्त फैक्ट्री मे भर्ती हुआ था। जिसकी मौत 5 मई को हो गई। शव के औराही गांव आते ही गांव मे कोहराम मच गया। मृतक की शादी अठारह वर्ष पूर्व नेपाल के रानी सिकाई मे हुआ था। वे अपने पीछे एक पुत्र एक पुत्री पत्नि सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गया। घटना की सुचना मिलने के बाद भाजपा अति पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल ने मृतक के घर पहुंच कर शौक संवेदना व्यक्त करते हूए शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दिया। दिलीप पटेल ने श्रम बिभाग के पदाधिकारी से सम्पर्क कर के उनके परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग की।

### तुरकौलिया का राजन यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर बना आईएफएस ऑफिसर

**पूर्वी चंपारण।** कॉपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन दिलीप कुमार यादव के बड़े पुत्र राजन कुमार यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर आईएफएस ऑफिसर बना है। उसे 112 रैंक मिला है। उत्तीर्ण होने पर राजन के गांव तुरकौलिया प्रखंड के सपही गांव में जश्न का माहौल है।

## पेज एक का शेष

### राज्य को बेहतर ...

वहीं यूपीए सरकार ने इसके लिए सिर्फ 495 करोड़ का प्रावधान रखा था। मोदी सरकार ने झारखंड के लिए 3 वंदे भारत ट्रेन चलायी है। राज्य के 57 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के तहत सूचीबद्ध किया है। इसका कार्य जारी है। ऐसे में जरूरी है कि इस बार देश की हित व भलाई को ध्यान में रखकर वोट करें।

### यही मौका है...

**जून से 30 लाख परिवारों को फ्री बिजली :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार भाषा-संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के तहत सरकार प्राइमरी स्कूलों में ओड़िया, बांग्ला सहित अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाई शुरू हो जायेगी। जून माह से गरीबों को फ्री में बिजली मिलेगी। इससे तीस लाख से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। भाजपा आपस में लड़ाकर नफरत फैलाना चाहती हैं। इंडी गठबंधन आपसी सद्भाव लाना चाहता है। पीठ-पीछे छुरा घोंपने वालों को झारखंड की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करती है। यहां के लोग सीधे-साधे हैं। उन्होंने जोबा माझी के पक्ष में मतदान कर उन्हें जिताने की अपील की।

**डबल इंजन सरकार ने गरीबों का निवाला छीना :** सीएम ने कहा कि वर्ष 2019 के पहले डबल इंजन की सरकार ने राज्य के 11 लाख राशन कार्ड को डिलीट कर दिया। पांच हजार स्कूलों को बंद करा दिया। इस कारण 2019 के चुनाव में जनता ने राज्य की सत्ता से उखाड़ फेंका। झामुमो के नेतृत्व में सरकार बनी। झामुमो की सरकार ने 20 लाख गरीब परिवारों को हरा कार्ड दिया। गांव के गरीब बच्चे पढ़-लिखकर शिक्षित हों, इसके लिए मॉडल स्कूल खोला। डबल इंजन की सरकार की सोच थी कि गांव के गरीब बच्चे पढ़ नही सकें। वहीं पार्टी प्रत्याशी जोबा माझी ने कहा कि यह चुनाव संविधान व लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। जल, जंगल, जमीन के साथ-साथ भाषा-संस्कृति व सामाजिक व्यवस्था को बचाये रखना है। आपसी एकजुटता जरूरी है।

### आज शाह व राजनाथ...

मोदी पहले 15 मई को झारखंड आने वाले थे। इससे पहले वह पलामू में भाजपा उम्मीदवार बीडी राम के पक्ष में जनसभा कर जनता और कार्यकताओं में जोश भर चुके हैं।

**छत्तीसगढ़ के सीएम भी भरेंगे जोश :** भाजपा के स्टार प्रचारक में शामिल छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय भी 10 मई को झारखंड आयेंगे। वे खूंटी लोकसभा, लोहरदगा लोकसभा और सिंहभूम लोकसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री साय पश्चिमम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित मणिपुर मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद खूंटी लोकसभा के गताडीह बगीचा, प्रखंड मैदान कुरडेग में 12.30 बजे से आयोजित जनसभा और दो बजे गुमला जिले के चैनपुर के छतरपुर बगीचा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

**कई प्रत्याशी भरेंगे पर्चा :** अक्षय तृतीया के विशेष मुहूर्त पर झामुमो और भाजपा के पांच उम्मीदवार पर्चा दाखिल करेंगे। गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार डॉ. निशिकांत दुबे, दुमका से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन, राजमहल सीट से भाजपा के ताला मरांडी और झामुमो उम्मीदवार विजय हांसदा 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन नामांकन करेंगे।

### झमाझम बारिश से...

बीआईटी मेसरा और उसके आस-पास में भारी बारिश के साथ-साथ ओलावृष्टि भी हुई। पाकुड़, दुमका, साहेबगंज, गोड्डा समेत अन्य जिलों में भी सुबह से बारिश रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले कुछ दिनों तक राज्यवासियों को गर्मी से राहत मिलेगी।

**आरेंज अलर्ट जारी :** मौसम केंद्र के अनुसार दस मई को राज्य ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। ऑरेंज अलर्ट राज्य के दक्षिणी और मध्य हिस्से के पूर्वी और पश्चिमी सिहंभूम, रांची, बोकारो, गुमला, खूंटी, रामगढ के लिए जारी किया गया है। इन जिलों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि और तेज रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। वहीं, 11 और 12 मई को राज्य बारिश के साथ तेज हवा चलने की जानकारी दी गयी है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार से पांच दिनों यानी 13 मई तक ऐसा ही मौसम रहेगा। इस दौरान कई इलाकों में आंधी-तूफान, वज्रपात के साथ तेज बारिश होने की संभावना है। हवा की गति 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने सकती है। बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है।

### ननद अंजनी के...

इस बार कांग्रेस के साथ मिलकर झामुमो में एक लोकसभा सीट और पांच विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ रहा है। इसमें से मयूरभंज (एसटी) लोकसभा सीट और सरसकना विधानसभा (एसटी) सीट से झामुमो ने अंजनी सोरेन को उम्मीदवार बनाया है।

**मयूरभंज में 25 मई को है मतदान :** ओडिशा राज्य के मयूरभंज लोकसभा सीट पर मतदान छठे चरण में 25 मई होगा। इस बार कांग्रेस के साथ हुए समझौते के बाद झामुमो ओडिशा की राजनीति में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने को बेताब है। यही वजह है कि कोल्हान की सीमा से सटे ओडिशा के मयूरभंज लोकसभा सीट और वहां के आदिवासी बहुल लोकसभा सीट पर न सिर्फ मजबूत उम्मीदवार उतारे हैं, बल्कि कोल्हान प्रमंडल के बड़े बड़े नेताओं को भी मयूरभंज के लिए जिम्मेदारियां बांट दी गयी हैं।

### संजीव लाल के सामने ...

कई फाइनेंशियल कार्य रीता लाल की देखरेख में हुआ करता था। मिले साक्ष्यों के आधार पर ही रीता लाल को समन जारी कर गुरुवार को एजेंसी के दफ्तर पूछताछ के लिए बुलाया गया था। गुरुवार को दिन के लगभग 11:45 पर रीता लाल दुपट्टा से अपने मुंह को ढके हुए वकील के साथ ईडी दफ्तर पहुंची, जहां आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद रीता लाल से पूछताछ की।

गौरतलब है कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के करीबी चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मनी लाउंड्रिंग केस में ईडी ने सोमवार को छापेमारी कर तकरीबन 35 करोड़ रुपये बरामद किये थे। मंत्री के ओएसडी संजीव कुमार लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां से ईडी ने तकरीबन 32 करोड़ बरामद किया था। वहीं बाकी नगद राशि मुन्ना कुमार सिंह नाम के एक ठेकेदार और कुछ दूसरे इंजीनियरों

## प्रभु श्रीराम की बाल लीला का कथा सुन भाव विभोर हुए नर-नारी

**नवादा।** भगवान श्री राम के जन्म के बाद पूरे अयोध्या में शहनाई की आवाज गूंज रही थी। श्रीराम की बाल लीला संसार की सकारात्मक एवं सुखद आनंदमई लीला है। भगवान की बाल लीला में ही उनके साम्यवादी चिन्तन तथा उनका क्रियात्मक रूप स्पष्ट होता है। उक्त बातें गुरुवार को नरहट प्रखण्ड के गंगारामपुर गांव में आयोजित श्रीसीताराम महायज्ञ में भगवान श्रीराम की बाल लीला का प्रसंग सुनाते हुए पूज्य राजन जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा श्रवण कर उनका अनुकरण करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। हमें भगवान श्री राम द्वारा स्थापित किए गए आदर्शो पर चलने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने भगवान राम की सुंदर बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि बचपन से ही लक्ष्मण जी और राम जी के चरणों में प्रीति थी। वैसे चारों पुत्र सील रूप और गुण के धाम हैं। लेकिन सुख के समुद्र श्रीराम जी सबसे अधिक हैं।उनके रूप का वर्णन वेद और शेष जी भी नही कर सकते। प्रभु श्रीराम जी ने विविध प्रकार की बाल क्रीडा की और समस्त नगर वासियोंन को सुख दिया। पूज्य राजनजी के श्रीमुख से भगवान श्रीराम की संगीतमई कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो रहे हैं। वर्षा के चलते मंगलवार की कथा विराम पर पूज्य राजन जी महाराज ने कहा कि इन्द्रदेवता और पवन देवता ने दोनों मिलकर तांडव कर दिए।

# लव जिहाद में फंसीं लड़की बरामद, युवक गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**पूर्णिया।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के युवतियों का आयाम दुर्गा वाहिनी संयोजिका प्रिया कुमारी ने कहा कि बीते 03 मई को गुलाब बाग के पुरानी हाट सिनेमा हाल रोड से एक नाबालिग युवती सुनियोजित साजिश के तहत लव जिहाद का शिकार हो गई थी।

विहिप, बजरंगदल, दुर्गा वाहिनी के दबाव में सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर वुधवार के रात्रि अररिया के कालियागंज से युवती और आरोपी मुस्लिम नाबालिग युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया। प्रिया कुमारी ने कहा कि गुरुवार को 164 का बयान दर्ज कराने के लिए उसे न्यायालय ले जाया गया। प्रिया कुमारी के हवाले से अपहत युवती की बड़ी बहन ने कहा कि लड़की बरामद होने के बाद युवती से परिजनों एवं महिला सदस्यों को मिलने नहीं दिया गया। लव जिहादी संगठित गिरोह के सदस्य योजनाबद्ध तरीके से लड़कियों का ब्रेनवाश कर लव जिहाद का शिकार बनाकर देह व्यापार मंडियों में बेच दिया करते हैं। कई मामले में विरोध करने पर मार दिया जाता है। सम्मोहन के लिए ताबीज पहना दिया जाता है। आर्केस्ट्रा में काम दिलाने के नाम पर भी शिकार बनाया जाता है। पुलिस प्रशासन लव जिहाद के मामले को प्रेम प्रसंग का मामला बताकर परिजनों को डांटा फटकार कर भगा देता है।

सदर थाना प्रभारी का रवैया भी कुछ ऐसा ही देखा गया। वरीय पुलिस पदाधिकारी को सदर थाना प्रभारी के कार्यशैली का समीक्षा करना चाहिए। प्रिया कुमारी ने कहा कि वैसे तो पुरा सीमांचल लव जिहाद का अड्डा बन चुका है। सबसे अधिक घटना सदर थाना क्षेत्र में प्रभारी के लापरवाह रवैया के कारण देखा जा रहा है।

## ईस्ट एन वेस्ट कॉलेज में मनाया गया महाराणा प्रताप की जयंती

**सहरसा।** स्थानीय ईस्ट-वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में गुरुवार को शूरवीर महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाया गयी। इस अवसर पर ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापको ने महराणा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हे श्रद्धा पूर्वक याद किया।जयंती समारोह को संबोधित कर प्राचार्य ने एक कविता के माध्यम से महाराणा को याद करते हुए कहा अपने निशंख के हर क्षण में प्रतिमान रखा पुरखों का, अपनी मेधा में सदैव ही ध्यान रखा पुरखों का , वो चाहता तो भव वैभव उनके चरण तलों में होता पर मान की बात ना मानकर मान रखा पुरखों का। उन्होंने कहा महाराणा प्रताप की व्यवस्था में सामाजिक न्याय झलकता था।जहां समाज के सभी वर्गो को उचित प्रतिनिधित्व एवं सहयोग का ही प्रतिफल कहां जा सकता है।कहा आज छः सौ वर्ष बाद प्रताप को महराणा के रूप में हम सभी पूजते हैं। उन्होंने कहा की शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय में महराणा की जयंती इसलिए आवश्यक है कि शिक्षक भी एक योद्धा की भांति मैदान यानी वर्ग कक्ष जाने से पहले अभ्यास करते हैं उन्होंने अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के संस्करण को याद करते हुए कहा जब लिंकन भारत की यात्रा पर आये थे तो उनकी मां ने उनसे कहा था बेटे आप जिस धरा पर जा रहे हो उस धरा में एक वीर सपूत महराणा का जन्म हुआ था।

# मोदी का मतलब ही विकास है, जनता मोदी के साथ है : संजय



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेतिया।** अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत वर्तमान सांसद व राजग उम्मीदवार डॉ संजय जायसवाल ने गुरुवार को लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करते हुए लोगों से मुलाकात की तथा जीत का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में हुए विकास के ऐतिहासिक कार्यों को देखने के बाद चंपारण की जनता यह जान चुकी है कि मोदी का मतलब ही विकास है। इसीलिए चंपारण की जनता पूरी तरह से प्रधानमन्त्री मोदी के साथ है। इस लोकसभा चुनाव में चंपारण ही नहीं बिहार की समस्त सीटों पर एनडीए जीतने वाला है।

उन्होंने कहा कि चाहे वह मुद्रा योजना हो या प्रधानमन्त्री आवास या फिर निशुल्क अनाज की योजना बिहार समेत पूरे चंपारण में जरुरतमंदों को इसका काफी लाभ मिला है। मोदी सरकार में ही पश्चिम चम्पारण में कई राज्यमार्गों का निर्माण हुआ है। कई बाईपास बने हैं। पथों का दोहरीकरण तथा ओवरब्रिजों का निर्माण हुआ है। आज चंपारण के लगभग सभी गांवों में सड़क, बिजली, पानी, शौचालय आदि का जाल बिछ चुका है। कांग्रेस पर बरसते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता से बेदखल होने के बाद विपक्षी दल पहले ही मानसिक दिवालियापन का शिकार हो चुके थे और अब इस चुनाव में भी हार स्पष्ट देख वह पूरी तरह से बौखला चुके हैं। इनके पास मुद्दों का इतना अकाल है कि यह लोग झूठ की राजनीति पर उतर आये हैं। हाल यह है कि अब यह लोकल जनप्रतिनिधियों द्वारा नहीं किये गये कामों का ठीकरा भी केंद्र सरकार पर फोड़ने लगे हैं। यह लोग जान लें कि चंपारण की जनता उनके खेल को जानती है। उनका कोई दुष्प्रचार यहां काम नहीं आने वाला है।

# भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान, किया नुक्कड़ सभा



कार्यक्रम में भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा के तत्वावधान में गुरूवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड के ग्राम पथरिया, अधौरी, बनुआ, राजहरा, अटौला आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान गढ़वा विधानसभा के सह प्रभारी भगत सिंह साहू के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। मौके पर भगत सिंह साहू ने कहा कि इस देश को प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की जरूरत है। आज देश एवं देश वासियों के लिए बेहतर सोच के साथ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है। पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज पुनः विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। जिससे भारत का हर नागरिक गौरवान्वित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि सभी विरोिी एकजुट होकर नरेंद्र मोदी को फिर से सत्ता में आने से रोकने के लिए असफल प्रयास कर रहे हैं। मुरली श्याम सोनी ने कहा कि आज गरीबों के बारे में विचार करने वाला मात्र एक ही पार्टी है वह भारतीय जनता पार्टी है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग पूरी ताकत के साथ पलामू लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी मतों से जीताकर पुनः लोकसभा भेजकर प्रधानमंत्री श्री मोदी के हाथों को मजबूत करें। मौके पर मेराल उतरी प्रखंड अध्यक्ष उदय कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बेटे पर मारपीट करने का आरोप

**किशनगंज।** सदर थाना क्षेत्र के फरिंगगोला निवासी बाबुल प्रसाद जायसवाल ने अपने बेटे राज प्रसाद जायसवाल पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। बाबुल प्रसाद जायसवाल ने गुरुवार को बताया कि 15 जून 2023 को मेरी पत्नी की हत्या पीट-पीटकर कर दिया। सामाजिक दबाव के कारण उस समय हत्या का मामला दर्ज नहीं कराया। अब उनका बेटा राज प्रसाद जायसवाल उनकी संपत्ति को हड़पने के लिए उनके साथ मारपीट करता है।

## इंस्टाग्राम पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले दो गिरफ्तार

**अररिया।** अररिया की कुसाकांटा थाना पुलिस ने सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और भड़काऊ पोस्ट करने वाले इंस्टाग्राम फॉलोअर 23 वर्षीय मो.मासूम और 21 वर्षीय मो. मुश्ताक को गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले पोस्ट की जानकारी मिलने के बाद एसपी अमित रंजन एक्शन में आए और कुसाकांटा थाना पुलिस और डीआईयू टीम की एक विशेष टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवक को गिरफ्तार करवाया।

# नवादा में युवक को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाया

एजेंसी

**नवादा।** जिले में झारखंड की सीमा पर कौआकोल थाना क्षेत्र के झरनमां में गुरुवार को पांच की संख्या में रहे बदमाशों ने एक बाइक सवार युवक को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला दिया। मृत युवक की पहचान झारखंड के गिरीडीह जिला अंतर्गत गांवा थाना के डूमरझारा निवासी सोमर साव के पुत्र मुकेश कुमार साव (30) वर्ष के रूप में की गई है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। कौआकोल थाना क्षेत्र के रानीगदर में हो रहे तालाब के निर्माण में डूमरझारा निवासी सोमर साव का ट्रैक्टर मिट्टी ढोने का काम करता है। मुकेश अपने भाई छोटू साव के साथ बाइक पर डीजल लेकर ट्रैक्टर में डालने के लिए जा रहा था। इसी बीच झरनमां के पास पूर्व से घात लगाए बैठे पांच की संख्या में रहे बदमाशों ने बाइक को रोक कर मुकेश को उतार लिया और उसके साथ मारपीट करने लगा। बाइक तथा उसके उपर पेट्रोल छिड़क कर आग लग दिया। इसी बीच मौका पाकर बाइक पर साथ में रहे मुकेश का भाई छोटू किसी तरह वहां से भाग निकला और घटना की जानकारी घर वालों को दी। जब तक घर वाले घटना स्थल पर पहुंचे तब तक मुकेश की मौत हो चुकी थी। इसके बाद मृतक



के परिजनों ने इसकी सूचना कौआकोल पुलिस को मोबाइल पर दी। कौआकोल पुलिस यह कहकर अपना काम खत्म कर लिया कि मामला झारखंड का है। इसलिए प्राथमिकी वहां की पुलिस करेगी। जिसके बाद मृतक के परिजन गांवा, लोकाय तथा घुठिया की पुलिस को देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। वहां की पुलिस ने भी यह कहकर अपना पल्लू झाड़ लिया कि घटना कौआकोल थाना क्षेत्र की सीमा में है। प्राथमिकी दर्ज कौआकोल पुलिस करेगी। जिसके बाद मृतक के परिजन कौआकोल थाना पहुंचे और घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया। पर कौआकोल पुलिस फिर उसे यही कहकर लौटा दिया कि मामला झारखंड का है। इसलिए मुझे प्राथमिकी दर्ज करने का कोई औचित्य ही नहीं बनता। इस प्रकार मृतक के परिजन शव को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कौआकोल, लोकाय तथा घुठिया थाने का चक्कर काटने के लिए विवश हो रहे हैं। जब घटनास्थल कौवाकोल थाना क्षेत्र में है तो निश्चित तौर पर यह मामला कौवाकोल थाने में दर्ज होनी चाहिए। मानवाधिकार संगठन के प्रतिनिधि दिनेश अकेला ने नवादा के एसपी कार्तिकेय शर्मा से घटनास्थल की जांच कर कर प्राथमिक दर्ज कराने के लिए मांग की है।

स्पीड न्यूज

## पंचमुखी डोली पहुंची केदार धाम, आज खुलेंगे कपाट



**केदारनाथ धाम।** भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली गुरुवार को पौने चार बजे केदारनाथ धाम पहुंच गई है। इस दौरान बाबा के जयघोष से धाम गूंज उठा। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने पंचमुखी डोली के केदारनाथ धाम पहुंचने पर अगवानी की। केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को प्रातः 7 बजे खुल रहे हैं। मंदिर को फूलों से सजाया गया है।

## केजरीवाल के खिलाफ आज चार्जशीट दाखिल करेगा इडी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ इडी शुक्रवार को चार्जशीट दाखिल कर सकता है। यह पहली बार होगा जब मुख्यमंत्री केजरीवाल का नाम चार्जशीट में होगा। सूत्रों के अनुसार, ईडी 10 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल कर सकता है।

## ग्वादर में आतंकवादी हमला, 7 मजदूर मरे

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान क्षेत्र में स्थित बंदरगाह शहर ग्वादर में गुरूवार को हुए एक आतंकी हमले में कम से कम सात मजदूरों की मौत हो गई। ग्वादर के थाना प्रभारी ने बताया कि बंदूकधारियों ने सुरबंदर इलाके में ग्वादर फिश हार्बर के पास एक इमारत पर गोलीबारी की, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई।

# शेयर बाजार में हाहाकार, निवेशकों के सात लाख करोड़ डूबे

## सेंसेक्स 1,062 अंक लुढ़का, निफ्टी 22 हजार के नीचे

एजेंसी

**मुंबई ।** कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली के दबाव में एलटी और रिलायंस समेत 25 दिग्गज कंपनियों के करीब छह प्रतिशत तक लुढ़कने से गुरुवार को शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। बीएसई सेंसेक्स 1,062 अंक या 1.45 प्रतिशत गिरकर 72,404 और निफ्टी 345 अंक या 1.55 प्रतिशत गिरकर 21,957 अंक पर बंद हुआ। गिरावट के चलते निवेशकों के करीब सात लाख करोड़ डूब गए। बाजार में उथल-पुथल को दर्शाने वाले इंडिया विक्स में गुरुवार को 6.56 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया और यह 18.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में ऑटो इंडेक्स को छोड़कर बाकी सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। गिरावट का सबसे ज्यादा असर एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, कमोडिटी और पीएसई इंडेक्स पर देखा गया है। ये सभी 2 प्रतिशत से लेकर 3.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि चुनावी नतीजों पर अनिश्चितता से बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। इस मंदी के पीछे फिलहाल कोई वैश्विक कारण नहीं है। अब तक एफआईआई बेच रहे थे और घरेलू निवेशक बाजार में खरीदारी कर रहे थे, लेकिन चुनाव जैसा बड़ा इवेंट होने के कारण निवेशकों ने खरीदारी कम कर दी है और एफआईआई लगातार बिकवाली कर रहे हैं। इस कारण बाजार में दबाव देखने को मिल रहा है।र



### इन कंपनियों में गिरावट

एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, कमोडिटी और पीएसई इंडेक्स पर देखा गया है। सभी 2 से लेकर 3.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

### 25 शेयर लाल निशान में बंद

सेंसेक्स के 30 में 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं। टॉप 5 लूजर्स में एलएंडटी, एशियन पेंट्स, जेएसडब्लू स्टील, आईटीसी और बजाज फाइनेंस थे। वहीं, टाटा मोटर्स, एमएंडएम, एसबीआई, एचसीएल चेक और इन्फोसिस गेनर्स की लिस्ट में थे।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस के क्रू सदस्यों की हड़ताल समाप्त

**▶▶ कंपनी ने 25 कर्मियों की बर्खास्तगी भी किया रद्द**

**नयी दिल्ली।** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस के केबिन क्रू सदस्यों (चालक दल) ने उनके उठाए गए मुद्दों पर विचार करने के लिए सहमत होने के बाद हड़ताल वापस ले ली है। वहीं, कंपनी ने चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी को भी रद्द कर दिया है। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस ने केबिन क्रू सदस्यों (चालक दल) के सदस्यों के साथ उनकी सभी चिंताओं को दूर करते हुए एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत चालक दल और प्रबंधन दोनों सदस्य सामान्य एयरलाइन संचालन को बहाल करने के लिए सहमत हो गए हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 25 चालक दल के सदस्यों की बर्खास्तगी को रद्द कर दिया है। इसके साथ एयर इंडिया एक्सप्रेस में पिछले तीन दिन से जारी गतिरोध खत्म हो गया है। उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस केबिन क्रू की कमी से दूसरे दिन गुरुवार को 74 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी थी।



# परिवार की सभी पांचों सीट हारेगी सपा, नहीं खुलेगा खाता : योगी



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा का खाता भी नहीं खुलेगा और सपा मुखिया के परिवार की पांचों सीटों पर हार सुनिश्चित है। गोला में खीरी लोकसभा सीट के लिए जनसभा को संबोधित करते हुये श्री योगी ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कह रहे हैं कि राममंदिर का निर्माण अनावश्यक हुआ है। चुनाव जैसे जैसे आगे बढ़ रहा है दो चीजें साफ हो गई हैं। एक तरफ भारत के विकास, गरीब कल्याण के लिए योजनाओं का लाभ देने वाले रामभक्त हैं। दूसरी तरफ भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का अपमान करने वाले, आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले रामद्रोही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा देश को बांटने की साजिश रच रही है।

## पाकिस्तान की भाषा बोलने वालों की जगह जेल : शिंदे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि भारत में रहकर पाकिस्तान की भाषा बोलने वालों के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाना चाहिए और उन्हें जेल में डाल देना चाहिए। उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं विजय वडेट्टीवार और फारूक अब्दुल्ला के बयानों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर उनकी हताशा करार दिया। शिंदे ने कहा कि ये लोग पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। क्या यह देश से गद्दारी नहीं है? मोदी के नेतृत्व में देश भर में देशभक्ति की जो लहर चली है, उसे वे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। यह कांग्रेस का हाथ, पाकिस्तान के साथ जैसा है।

# 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर बहाली शुरू करेंगे : राहुल

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश के युवाओं को आश्वासन दिया है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहकावे में नहीं आए और कांग्रेस को वोट दें। उन्होंने कहा कि 4 जून को आ रहे लोकसभा की चुनाव परिणाम में यदि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के युवाओं, 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। नरेंद्र मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। इंडिया की सुनो, नफरत नहीं, नौकरी चुनो।

## किसानों की कर्जमाफी के लिए बनेगा स्थायी आयोग : प्रियंका

**रायबरेली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक चुनावी जनसभा में कहा कि अगर केंद्र में हमारी सरकार बनी तो किसानों के कर्जमाफी के लिए स्थायी आयोग का गठन करेंगे। खेती से जुड़े सभी उपकरण जीएसटी से मुक्त होंगे। उन्होंने कहा कि हमने जो वादे कर्नाटक और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में किए थे वो पूरे किए, ये वादे भी पूरे करेंगे। प्रियंका ने रायबरेली से प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में गुरुवार को चुनावी जनसभा में कहा कि छत्तीसगढ़ में हमने कहा था कि किसानों का कर्ज माफ करेंगे तो माफ किया। कर्नाटक में हमने कहा था कि महिलाओं के खाते में 2000 डालेंगे, आज डाल रहे हैं। जहां-जहां हमारी सरकार है, हमने वादे पूरे किए हैं। उन्होंने कहा किअसदुद्दीन ओवैसी भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। जहां भी भाजपा को अन्य दलों को पीछे धकेलने के लिए किसी को मैदान में उतारने की जरूरत है। तेलंगाना चुनाव में ये बात बिल्कुल साफ हो गई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पांच किलो राशन से आपका भविष्य नहीं बनने वाला है, मिल रहा है ये अच्छी बात है। आपको वो सरकार चाहिए जो कि रोजगार दे।



## चुनाव हारा तो राजनीति छोड़ दूंगा : अधीर चौधरी



**कोलकाता ।** मुर्शिदाबाद की बहरमपुर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार और पांच बार सांसद रहे अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को बड़ी घोषणा की है। लोकसभा चुनाव में उनकी संभावित हार या जीत के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर बहरमपुर से हार जाऊंगा तो राजनीति छोड़ दूंगा और बादाम बेचूंगा। बंगाल में इंडी गठबंधन में ममता बनर्जी के शामिल नहीं होने संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि तृणमूल की दिल्ली में किससे क्या बात हुई, यह उन्हें नहीं पता लेकिन उन्हें जानकारी मिली थी कि वे कांग्रेस को दो लोकसभा सीटों की भीख दे रहे थे, वह भी मालदा और मुर्शिदाबाद में नहीं।

## फिल्म भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरूआत में फिल्म का एक किरदार बार-बार पूछता है कि भैया जी कौन है? बार-बार पूछने पर भी जब उसे जवाब नहीं मिलता तो वह एक बार फिर चिल्लाकर पूछता है।इसके जवाब में दूसरा किरदार कहता है कि पॉलिटिक्स की बात करें को सत्ता पक्ष को विपक्ष और विपक्ष को सत्ता पक्ष करने के मास्टरमाइंड भैया जी। उनके फावड़े ने हजारों कुकर्मियों को संसार से मुक्त किया है। एक समय था, जब कुकर्मी मात्र उनकी कहानियां सुनकर कुकर्म त्याग देता था। उस समय सरकार भी वही थे, प्रजा भी वही थे, क्राइम भी वही थे, कानून भी वही थे।भैया जी, रॉबिन हुड नहीं हैं वो उसका बाप है। भैय्या जी,गांव पुपड़ी, जिला सीतामंडी, बिहार।एक सीन में मनोज बाजपेयी ऐलान करते हैं कि 'निवेदन नहीं नरसंहार होगा, नरसंहार।

